

# हरिभूमि



देव उठनी
ग्यारस आज

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 1 नवंबर 2025

सीएम ब्लॉग

### मध्यप्रदेश आज अपनी स्थापना के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा

# मप्र में निवेश, नवाचार और रोजगार के संकल्प का अभ्युदय



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र

**गरीब के चेहरे पर मुस्कान, किसान की खुशहाली, नारी का सम्मान और युवाओं का उज्ज्वल भविष्य हमारा संकल्प भी है और लक्ष्य भी**

मध्यप्रदेश आज अपनी स्थापना के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। एक नवंबर 1956 को अस्तित्व में आए मध्यप्रदेश में विकास की नई यात्रा विगत दो दशकों से आरंभ हुई, जो प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाने की संभावनाओं तक पहुंच गई है। यह सुखद संयोग है कि आज देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव के आनंद से ही भविष्य निर्माण के भाव निर्मित होते हैं। अपने त्यौहारों का सांस्कृतिक संदर्भ ही हमें पुरातन से नूतन की प्रेरणा देता है। हमारे लिए ▸▸ शेष पेज 6 पर



पीएम मोदी और सीएम डॉ. यादव । फाइल फोटो

### औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां

मप्र ने पिछले एक वर्ष में औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों ने प्रदेश में निवेश के प्रति गहरी रुचि दिखाई है। खनिज कॉन्क्लेव में प्रदेश को 56 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जो खनिज नीति और प्रशासनिक सरलता का परिणाम हैं। आईटी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक निर्माण इकाइयां और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी निवेश को प्रोत्साहन मिला है। लगभग दो वर्षों में प्रदेश ने उद्योग, कृषि, दुग्ध उत्पादन, पर्यावरण, ऊर्जा और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की हैं। भारत के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ज्ञान) के सम्मान का मंत्र दिया है। मध्यप्रदेश कौशल विकास मिशन और स्टार्टअप नीति 2025 ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर में परिवर्तित किया है। कौशल विकास मिशन के ▸▸ शेष पेज 6 पर

### स्थापना दिवस पर आज से 3 बड़े कार्यक्रम



स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रिहर्सल करते कलाकार

## उड़ेगा हेलिकॉप्टर, जुबिन देंगे परफॉरमेंस, उड़ेंगे 2000 ड्रोन

**मुख्यमंत्री डॉ यादव करेंगे 'अभ्युदय मप्र' का शुभारंभ** | **कृष्ण की जीवन यात्रा पर कलाकार देंगे 'विश्ववंद' समवेत प्रस्तुति**

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस पर इस बार सरकार ने बड़ी तैयारी की है। इसके तहत 3 दिन तक बड़े कार्यक्रम होंगे। पहले दिन उज्जैन के लिए पर्यटन हेलिकॉप्टर उड़ान भरेगा। शाम को सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक जुबिन नौटियाल गीत-संगीत की सुमधुर प्रस्तुति देंगे। यहीं पर 2000 ड्रोन के जरिए मध्यप्रदेश की विरासत की झलक भी दिखेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार एक नवंबर को शाम 6.30 बजे 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वे कई घोषणाएं कर सकते हैं। सोमवार तक चलने वाले इस उत्सव में गीत, संगीत, नृत्य, कला, शिल्प कला, छायाचित्र, सांस्कृतिक यात्रा, ड्रोन शो, आतिशबाजी इत्यादि गतिविधियों के माध्यम से मध्यप्रदेश की विरासत और विकास के रंग देखने को मिलेंगे।

### प्रदेश के 500 कलाकार देंगे कृष्ण पर विशेष प्रस्तुति

प्रदेश के 500 कलाकार विशेष प्रस्तुति के रूप में भगवान श्रीकृष्ण की जीवन यात्रा को 'विश्ववंद' समवेत प्रस्तुति में सांगीतिक रूप में प्रस्तुत करेंगे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से विरासत से विकास पर आधारित एक भव्य ड्रोन शो की प्रस्तुति भी दी जाएगी जिसमें 2000 ड्रोन के माध्यम से अब तक का सबसे बड़ा विजुअल उत्सव होगा।

### विविध अनुषांगिक गतिविधियों का आयोजन

अभ्युदय मध्यप्रदेश के अंतर्गत लाल परेड ग्राउंड में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक विविध अनुषांगिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें विभिन्न प्रदर्शनियां प्रमुख आकर्षण होंगी, जिसमें विकसित मध्यप्रदेश 2047, मध्यप्रदेश के गौरव विक्रमादित्य और अयोध्या, विक्रमादित्य की मुद्राएं और सिक्के, आर्ष भारत, भारत विक्रम, मध्यप्रदेश की बावड़ियां, मध्यप्रदेश की पारंपरिक कला, मध्यप्रदेश में विरासत से विकास, मध्यप्रदेश के मंदिर देवलोक सम्मिलित हैं। इसके अलावा 2 एवं 3 नवंबर को दोपहर 3 बजे से मध्यप्रदेश के जनजातीय एवं लोक नृत्य प्रस्तुतियां भी संयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत करमा, परधौनी, भगोरिया, गुन्नूरसाही, घसियाबाजा, भड़म, बधाई, गणगौर, मोनिया एवं अहिराई सहित कई नृत्य प्रस्तुतियां होंगी। ▸▸ पढ़ें पेज 15 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### फोर्ड की भारत में वापसी की तैयारी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी वाहन निर्माता कंपनी फोर्ड एक बार फिर भारत में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रही है। कंपनी ने घोषणा की है कि वह चेन्नई स्थित अपने पुराने प्लांट में फिर से मैन्युफैक्चरिंग शुरू करेगी। इसके लिए फोर्ड 3,250 करोड़ रुपए का नया निवेश करने जा रही है। तमिलनाडु सरकार के साथ एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

### जुबिन की फिल्म 'रोई रोई बिनाले' रिलीज



**नई दिल्ली।** जुबिन गर्ग की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' के रिलीज पर पूरा असम और देश के 46 शहरों में उत्सव का माहौल है। 19 सितंबर को सिंगापुर में जुबिन गर्ग के आकस्मिक निधन के बाद यह फिल्म उनके प्रशंसकों और संगीत प्रेमियों के लिए एक भावनात्मक श्रद्धांजलि बन गई है।

### पूरा परिवार निकला एचआईवी पॉजिटिव



**मुजफ्फरनगर।** यूपी के मुजफ्फरनगर जिले में एक बच्चे सहित परिवार के तीन सदस्यों में एचआईवी पॉजिटिव की पुष्टि हुई है। रक्तदान के बाद खून की जांच में परिवार के एक सदस्य के पॉजिटिव पाए जाने पर मामला सामने आया। पत्नी और तीन वर्षीय बेटा भी जांच में संक्रमित पाए गए। पॉजिटिव दंपती के नवजात बच्चे की मौत हो गई।

### राजधानी के शौर्य स्मारक पर हुआ बड़ा आयोजन

### मुख्यमंत्री ने लौह पुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर 'एक दौड़ देश की एकता और अखंडता के लिए' रन फॉर यूनिटी को दिखाई झंडी

# कश्मीर के मसले को 'यूएन' में ले जाने पर सरदार पटेल ने दी थीं कड़ी चेतावनी

▸▸ सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरदार पटेल की उसी नीति पर अडिग हैं। इसी का परिणाम है कि भारत किसी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं चाहता, अपने निर्णय स्वयं लेता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर एक दौड़ देश की एकता और अखंडता के लिए रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अवसर पर शौर्य स्मारक में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सरदार पटेल सदैव इस बात पर कायम रहे कि भारत अपनी समस्या स्वयं सुलझा सकता है।

दुर्भाग्य से जम्मू-कश्मीर का मामला उस समय संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में ले जाया गया और सरदार पटेल ने तब भी चेतावनी दी थी कि यह गलती है। वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी, सरदार पटेल की उसी नीति पर अडिग हैं। इसी का परिणाम है कि भारत किसी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं चाहता, अपने निर्णय स्वयं लेता है। यह वही भावना है जो सरदार पटेल के हृदय में थी, राष्ट्र अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करें और आत्मगौरव के साथ आगे बढ़े। केवड़िया ▸▸ शेष पेज 6 पर

**सीएम ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और शौर्य स्मारक के कार्यक्रम को किया संबोधित**

**सीएम ने कहा कि सरदार पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का बीड़ा भी उठाया था**

> उन्होंने कहा था कि यह बहुत बड़ी गलती होगी भारत अपने मसले खुद सुलझा सकता है



सीएम हरी झंडी दिखाते हुए

### बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में बांधा

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व, अटूट इच्छाशक्ति और अदम्य देश भक्ति ने आजादी के बाद बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में बांधने के लिए 562 रियासतों का विलय कराया। अपने विशिष्ट व्यक्तित्व में कठोरता और करुणा का अद्भुत संगम लिए वे जहां एक ओर राष्ट्रहित प्रथम के पक्ष पर सदैव अडिग थे, वहीं देश की जनता के प्रति वे गहरी संवेदना रखते थे। वे जनता की नब्ज समझते थे।*

### बारडोली आंदोलन के बाद सरदार की उपाधि मिली

मुख्यमंत्री ने कहा कि बारडोली आंदोलन के बाद उन्हें सरदार की उपाधि मिली। फिर चाहे नमक आंदोलन हो या भारत छोड़ो आंदोलन, सरदार वल्लभभाई पटेल हर आंदोलन की रीढ़ बन गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आजादी के समय जब अंग्रेजों ने यह तय कर लिया कि अब उन्हें देश छोड़ना है, तो उन्होंने भारत को टुकड़ों में बांटने का भयावह षड्यंत्र रचा। अंग्रेजों को यह पता था कि अगर भारत एकजुट रहा तो वह दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बन जाएगा।



शौर्य स्मारक में संबोधन किया

इसलिए अंग्रेजों ने भारत की 562 रियासतों को स्वतंत्र छोड़ने की योजना बनाई। इन रियासतों में हमारा भोपाल भी शामिल था। कई रियासतों के राजा-महाराजा अपनी सेना, संपत्ति और सत्ता के साथ स्वतंत्र राज्य बन सकते थे। हैदराबाद, जूनागढ़, भोपाल जैसी कई रियासतों ने भारत में शामिल होने से मना कर दिया था, कुछ रियासतें स्पष्टतः पाकिस्तान की ओर झुकाव दिखा रही थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सरदार पटेल ने देश के गृह मंत्री ▸▸ शेष पेज 6 पर

### आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण क्रेन हवा में अटकी

## भड़के सांसद गणेश सिंह ने ऑपरेटर को थप्पड़ जड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सतना

क्रेन में बैठे सतना सांसद गणेश सिंह को झटका लगा तो वे ऑपरेटर पर भड़क गए। उसे सबके सामने थप्पड़ मार दिया। मामला शुक्रवार को सरदार पटेल जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का है। इसका वीडियो भी सामने आया है। सांसद गणेश सिंह ने सुबह रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया। इसके बाद वे सेमरिया चौक पहुंचे। यहां क्रेन के हाइड्रोलिक बॉक्स में चढ़कर आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद नीचे आते समय मशीन अचानक ▸▸ शेष पेज 6 पर

- मशीन हिली तो असंतुलन की स्थिति बनी



घटना का वीडियो सामने आया है

### नर्मदा परिक्रमा के लिए निकली बस हादसे का शिकार

## एक महिला की गई जान 55 श्रद्धालु घायल हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बड़वानी

जिले में शुक्रवार सुबह नर्मदा परिक्रमा के लिए तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस के पलट जाने से एक महिला की मौत हो गई और 55 अन्य घायल हो गए। इंदौर और धार जिलों के 56 यात्रियों को लेकर जा रही बस सुबह करीब आठ बजे जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर बैगुर गांव के पास पलट गई। बस तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस 29 अक्टूबर को इंदौर से रवाना हुई थी और बड़वानी पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने एक दिन बिताया और शुक्रवार सुबह ▸▸ शेष पेज 6 पर

- क्रेन से फंसे यात्रियों को निकाला



फंसे लोगों का रेस्क्यू

### बिहार चुनाव के लिए एनडीए का घोषणा पत्र जारी

## एक करोड़ नौकरियां और रोजगार देने का किया वादा

घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार में फिर से सत्ता पर पकड़ बनाए रखने की कोशिश में लगे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने शुक्रवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। एनडीए ने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया है।

संकल्प पत्र के अनुसार एक करोड़ से अधिक सरकारी नौकरी और रोजगार प्रदान करेंगे, कौशल जनगणना कराके कौशल आधारित रोजगार देंगे। बिहार के हर युवा को नौकरी और रोजगार देने का वादा किया है। साथ ही महिला उद्यमियों को 2-2 लाख की सहायता राशि देने और बिहार में फिल्म सिटी बनाने का वादा किया गया है। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और जीतन राम मांझी के साथ-साथ उपेंद्र कुशवाहा ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 13 भी



सम्राट चौधरी, सीएम नीतीश कुमार और चिराग पासवान

### सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का मिला लाभ

## कैलाश मकवाना अब दिसंबर 2026 तक रहेंगे डीजीपी

एक साल का एक्सटेंशन संभव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना अब एक दिसंबर 2026 को रिटायर होंगे। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के आधार पर गृह विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। मकवाना का रिटायरमेंट 1 दिसंबर 2025 को है, लेकिन डीजीपी पद के लिए अवधि के चलते अब उनको एक साल का सेवाकाल अतिरिक्त मिल जाएगा। गृह विभाग के अपर सचिव आशीष भार्गव ने इसके आदेश जारी करते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश में 60 साल की उम्र पूरा करने वाले 17 आईपीएस इस साल रिटायर होने हैं, जिसमें डीजीपी कैलाश मकवाना का नाम 16वें स्थान पर है। आदेश में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका सिविल क्रमांक 310/ 1996 में दिए गए आदेश के आधार पर कैलाश मकवाना 1 दिसंबर 2024 से डीजीपी पदस्थ किए गए हैं। इसके आदेश 23 नवंबर 2024 को जारी किए गए थे। चूंकि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार डीजीपी का कार्यकाल 2 साल का होता है। इसलिए डीजीपी कैलाश मकवाना का 1 दिसंबर 2025 को होने वाला रिटायरमेंट खत्म किया गया है। दूसरे शब्दों में यह कह ▸▸ शेष पेज 6 पर

- दिसंबर 2025 में होने वाले थे रिटायर



### 45 साल बाद : रीवा के सैनिक स्कूल पहुंचे नौसेना प्रमुख और थल सेना प्रमुख, दोनों ही यहां के पूर्व छात्र

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल बोले-ऑपरेशन सिंदूर के दोनों हीरो रीवा में

## थल सेना प्रमुख द्विवेदी ने कहा कि दोबारा लौट कर आना गौरवशाली क्षण, यहीं मेरे जीवन की नींव रखी

### 36 सैनिक स्कूलों के 460 चयनित छात्रों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रीवा

रीवा के सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और थल सेना प्रमुख उपेंद्र कुमार द्विवेदी 45 साल बाद अपने स्कूल यानी रीवा के सैनिक स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने एक प्रतियोगी कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान दोनों सेना प्रमुख स्कूल के दिनों को याद करते हुए नजर आए। जनरल द्विवेदी और एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी साल 1973 से 1981 तक मध्यप्रदेश के सैनिक स्कूल रीवा में छात्र ▸▸ शेष पेज 6 पर



डिप्टी सीएम शुक्ल व दोनों सेना प्रमुख

### दोनों सेना प्रमुखों ने बढ़ाया हौसला, दिया गुरु मंत्र

थल सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि सैनिक स्कूल में दोबारा लौट कर आना मेरे लिए बहुत गौरवशाली क्षण है, जिसने मेरे पर्सनल और प्रोफेशनल जीवन की नींव रखी है। सुबह की फिजिकल ट्रेनिंग से लेकर कक्षाओं में पठन पाठन, खेल के मैदान में चुनौतियों लेकर, हॉस्टल में आपसी सहयोग तक हर उस कार्य ने मुझे एक सैनिक और ऐसे नागरिक के रूप में आकार दिया है, जो राष्ट्र सेवा के लिए प्रतिबद्ध हो। यह मेरे लिए संतोष का विषय है कि सैनिक स्कूल रीवा ने हाल ही में यूपीएससी के परीक्षा परिणामों में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें 38 स्टूडेंट्स ने रिटन एग्जाम क्लियर किया है और 10 ▸▸ शेष पेज 6 पर

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं

# डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

# 70वां स्थापना दिवस समारोह शुभारंभ



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

अध्यक्षता

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

मुख्य अतिथि

## किंजरापु राममोहन नायडू

केन्द्रीय मंत्री, नागर विमानन मंत्रालय

## कार्यक्रम

**1 नवम्बर 2025**

**ड्रोन शो**
विरासत से विकास

**विश्ववन्द**
भगवान श्रीकृष्ण की सांगीतिक यात्रा

**सुगम संगीत**
सुप्रतिष्ठित कलाकार जुबिन नौटियाल एवं साथी

**आतिशबाजी**

**2 नवम्बर 2025**

**सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य**

**सुगम संगीत**
सुप्रतिष्ठित कलाकार हंसराज रघुवंशी एवं साथी

**जनजातीय लोकनृत्य**
अपराह्न 3:00 बजे से

**3 नवम्बर 2025**

**सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य**

**सुगम संगीत**
सुप्रतिष्ठित कलाकार स्नेहा शंकर एवं साथी

**जनजातीय लोकनृत्य**
अपराह्न 3:00 बजे से

- शिल्प मेला
- संस्कृति, कला, सभ्यता और विकास पर आधारित प्रदर्शनियां
- देशज व्यंजन मेला 'स्वाद'


प्रतिदिन सायं 6:30 बजे से । लाल परेड ग्राउंड, भोपाल



**मध्यप्रदेश की स्थापना के 70वें वर्ष पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**

"विकास की नई ऊंचाइयां छूते हुए जन-जन की खुशहाली हमारा संकल्प है।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11130/25

भोपाल
शनिवार, 1 नवंबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 12, अंक : 211
पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 20

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

७०वां स्थापना दिवस
अभ्युदय मध्यप्रदेश

जबलपुर में संघ की तीन दिवसीय कार्यकारी मंडल बैठक का दूसरा दिन

# संघ प्रमुख ने कहा- 'मतांतरण' से न केवल धार्मिक आस्था अवरुद्ध होती है बल्कि समाज की अस्मिता भी नष्ट हो जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक के दूसरे दिन शुक्रवार को संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत के गौरवशाली स्वाधीनता संग्राम में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों व योद्धाओं की एक दीर्घ परंपरा रही है और उनका योगदान अविस्मरणीय रहा है। भगवान बिरसा मुंडा का इस स्वतंत्रता संग्राम के श्रेष्ठतम नायकों, योद्धाओं में विशेष स्थान है। 15 नवंबर 1875 को उलीहातु (झारखंड) में जन्मे भगवान बिरसा का यह 150 वां जन्म वर्ष है। अंग्रेजों और उनके ▶▶ शेष पेज 6 पर

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और श्री गुरुतेगबहादुर जी ने निर्भयता और धर्म रक्षा का भाव जागृत किया


बैठक में संघ के प्रांतों के प्रमुख पदाधिकारी


संघ प्रमुख डॉ. भागवत और होसबाले

### जनजाति समुदाय को लेकर गलत विमर्श खड़ा करने का प्रयास

संघ का मानना है कि वर्तमान काल में विभाजनकारी विचारधारा के लोगों द्वारा भारत के संदर्भ में जनजाति समुदाय को लेकर एक भ्रांत और गलत विमर्श खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे समय में भगवान ▶▶ शेष पेज 6 पर

*श्री गुरुतेगबहादुर जी - भारतीय परंपरा के दैदीप्यमान नक्षत्र*

### सिर झुकाने के स्थान पर आत्मोत्सर्ग का मार्ग स्वीकार किया

सिख परंपरा के नवम गुरु, श्री गुरुतेगबहादुर जी की शहादत के 350 वें प्रेरणादायी दिवस पर इस वर्ष विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं सहित भारत के सम्पूर्ण समाज द्वारा श्रद्धा एवं सम्मान के साथ अनेकानेक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। संघर्ष के उस कालखंड में भारत का अधिकांश भू-भाग विदेशी शासक औरंगजेब के क्रूर अत्याचारों से त्रस्त था। सम्पूर्ण भारतवर्ष में अनादिकाल से चली आ रही धर्माधिष्ठित संस्कृति ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अस्पताल में भर्ती हुए 89 वर्षीय धर्मेंद्र

**मुंबई।** बॉलीवुड के वेटरन अभिनेता धर्मेंद्र को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 89 वर्षीय अभिनेता के अस्पताल में भर्ती होने की खबर सामने आते ही फैंस चिंतित हो गए हैं। उनके करीबी पारिवारिक सूत्रों ने आश्वस्त किया कि कोई गंभीर बात नहीं है और यह उम्र से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी रुटीन जांच है।




### वित्त मंत्री सीतारमण का भूटान दौरा रद्द

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की भूटान की आधिकारिक यात्रा पारो में खराब मौसम के कारण रद्द कर दी गई है। वित्त मंत्री पड़ोसी देश के साथ साझेदारी को और मजबूत करने के लिए गुरुवार को भूटान की 4 दिनी आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुई थीं। वे भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रही थीं।



### पीएम छग विधानसभा का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार, एक नवंबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। इसे ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा पर बनाया गया है। प्रधानमंत्री सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 14,260 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास भी करेंगे।



**ये कैसा मौसम : तीन दर्जन जिलों में बूंदाबांदी, बारिश के साथ बढ़ी ठंड**

**तीन दिन से नजर नहीं आया सूरज, बादलों ने छिपाया**

# एक साथ तीन सिस्टम एक्टिव, बारिश और बादलों से गिर गया दिन का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


दो दिन से बादल और बारिश के असर के साथ शुक्रवार को इसका असर बढ़ गया। सुबह से ही बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार और रतलाम में तेज बारिश दर्ज की गई। यहां रुक-रुककर दिन भर बारिश होती रही। मौसम विभाग ने शनिवार को भी इन जगहों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ प्रदेश के एक दर्जन जिलों में बूंदाबांदी के आसार हैं।

इधर बारिश और बादलों की वजह से अधिकतर जिलों में दिन का पारा 23 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। पिछले तीन दिनों से सूरज भी नजर नहीं आया है। एक साथ तीन सिस्टम सक्रिय होने से प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर जारी है। इस वजह से दिन के तापमान में रिकॉर्ड गिरावट देखने को मिल रही है। कई शहर ऐसे हैं, जहां दिन ▶▶ शेष पेज 6 पर

*मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले सर्दियों के मौसम में 2010 के बाद सबसे भीषण ठंड का अहसास हो सकता है*

### *एक दर्जन शहरों में 23 डिग्री से नीचे आया पारा*

**शनिवार को बड़वानी अलीराजपुर झाबुआ, धार रतलाम में भारी बारिश का अलर्ट**


भोपाल के एमपी नगर में धुंध, शाम 5 :30 बजे


जबलपुर में बारिश हुई

### भोपाल में दिन भर होती रही बूंदाबांदी

भोपाल में दिनभर रिमझिम पानी गिरता रहा, जिससे दिन में भी ठंड का अहसास रहा। रात 1 बजे तेज बौछारें पड़ीं। ग्वालियर, पचमढ़ी, शिवपुरी, रायसेन, नर्मदापुरम, टीकमगढ़, निवाड़ी, छिंदवाड़ा, दमोह, छतरपुर के खजुराहो, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया समेत कई जिलों में बारिश हुई।

### जबलपुर व खरगोन में सबसे ज्यादा गिरा पानी

पिछले 24 घंटे के दौरान 35 से अधिक जिलों में बारिश हुई। जबलपुर-खरगोन में सबसे ज्यादा 45 मिली मीटर पानी गिर गया। दतिया में 37 मिमी, धार में 25 मिमी, गुना-रीवा में 20 मिमी, सागर, खंडवा, उमरिया, मंडला-पमचढ़ी में 13 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### *नवंबर-जनवरी में पड़ेगी कड़ाके की सर्दी*

*नवंबर से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो जाता है, जो जनवरी तक रहता है। इस बार फरवरी तक ठंड का असर रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले सर्दियों के मौसम में 2010 के बाद सबसे भीषण ठंड का अहसास हो सकता है। सर्दियों के दौरान इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश देखने को मिल सकती है।*

### आज भी बदला रहेगा मौसम

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि शनिवार को झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में हल्की बारिश होने की चेतावनी जारी की है। उत्तरी हिस्से में तीन सिस्टम सक्रिय होने से प्रदेश में मौसम बदला हुआ है।

**रिश्वतखोर दो अफसर धरे गए**

## जमीन की फाइलें निपटाने नायब तहसीलदार ने मांगे थे 15 हजार रु.

ईओडब्ल्यू की टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया


लाल घेरे में नायब तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में रिश्वतखोर अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। लगभग हर दूसरे दिन कहीं न कहीं ईओडब्ल्यू और लोकायुक्त रिश्वतखोर अधिकारी-कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ रही है लेकिन इसके बावजूद रिश्वतखोर बाज आते नजर नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला देवास का है जहां नायब तहसीलदार को रिश्वत लेते हुए ईओडब्ल्यू की टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। नायब तहसीलदार हर्षल बहरानी के खिलाफ ताराचंद पटेल निवासी नागोरा गांव जिला देवास ने ईओडब्ल्यू कार्यालय उज्जैन में 27 अक्टूबर को शिकायत दर्ज कराई थी।

जिसमें फरियादी ताराचंद पटेल ने बताया था कि जमीन संबंधित तीन फाइलों के निराकरण के एवज में नायब तहसीलदार हर्षल बहरानी उससे 15 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रहे हैं। रिश्वत देने के लिए नायब ▶▶ शेष पेज 6 पर

## सरपंच ने 1 लाख मांगे, पहली किस्त में 20 हजार रु. लेते धरा




इधर, सिवनी जिले से एक मामला सामने आया है। जहां सरपंच को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। आवेदक राधेश्याम बंजारा निवासी नायक कॉलोनी ग्राम धनोरा जिला सिवनी ने बताया कि उसने आबादी की जमीन पर मकान निर्माण की शुरुआत की थी। जिसमें सरपंच दिनेश कुमार के द्वारा आपत्ति ली गई थी। साथ ही कहा गया था कि यदि घर बनवाना है तो मुझे 1 लाख रुपए देने होंगे। सत्यापन कराने के बाद शुक्रवार को लोकायुक्त ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सरपंच दिनेश कुमार को पहली किस्त के 20 हजार रुपए लेते रंगे हाथों दबोच लिया।

**डबरा की स्लीपर फैक्ट्री में स्लैब गिरा**

## एक मजदूर की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

**डबरा।** ग्वालियर जिले के डबरा स्थित आंतरी क्षेत्र की एक स्लीपर फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर की स्लैब गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। देर रात प्रशासन की मध्यस्थता के बाद समझौता होने पर मामला शांत हुआ। आंतरी थाना क्षेत्र के आंतरी-मकोड़ा मार्ग पर रेलवे स्टेशन के पास बनी स्लीपर फैक्ट्री में शुक्रवार को हादसा हुआ। लखनौती निवासी शिवम पिता भवानी सिंह (24) अपनी ड्यूटी पर था, तभी अचानक एक भारी स्लैब उसके ऊपर गिर गया। हादसे में शिवम गंभीर घायल हो गया। उसे तत्काल ग्वालियर के जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले जाया ▶▶ शेष पेज 6 पर


■ फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

**अजहर जुबली हिल्स सीट से हार गए थे**

## पूर्व कप्तान अजहरुद्दीन तेलंगाना में बने मंत्री, अब कुल 16 मंत्री

**हैदराबाद।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन कभी राष्ट्रीय टीम की कमान संभालते थे और अब वह तेलंगाना सरकार का हिस्सा बन गए हैं। कांग्रेस नेता और पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने शुक्रवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली। राजभवन में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अजहरुद्दीन के शामिल होने के साथ मंत्रिमंडल में अब कुल 16 सदस्य हो गए हैं, जबकि दो और पद खाली हैं। विधानसभा के आकार के अनुसार तेलंगाना में अधिकतम 18 मंत्री हो सकते हैं। अजहरुद्दीन को अगस्त के अंतिम सप्ताह में राज्यपाल कोटे के तहत विधान परिषद का ▶▶ शेष पेज 6 पर


■ राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने शपथ दिलाई

**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास एकता नगर में शानदार परेड**

## मप्र समेत 11 राज्यों की पुलिस टुकड़ियां शामिल रहीं पीएम ने पैदल सफर कर किया लोगों का अभिवादन


लोगों ने 'मोदी-मोदी, भारत माता की जय, जय श्री राम' के नारे लगाए

एजेंसी ▶▶ एकता नगर (केवड़िया)

पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में देश ने भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इस मौके पर एक शानदार परेड हुई जिसमें भारत की अनेकता में एकता और महिला सशक्तीकरण को दिखाया गया। इसमें महिला अधिकारियों की एक्टिव लीडरशिप खास थी। पीएम मोदी ने सभी टुकड़ियों ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 14 भी

यह परीक्षण सांस में मौजूद वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों के संयोजन का पता लगाता है

**अब सांसें बताएंगी आपको कैंसर तो नहीं**

## दुनिया के पहले 'ब्रीदिंग टेस्ट' से लाखों लोगों की बचेगी जान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

काम की खबर

अग्नाशय कैंसर के बढ़ते जोखिमों को देखते हुए समय रहते इसका पता लगाने के लिए दुनिया का पहला सबसे सस्ता श्वसन परीक्षण विकसित किया है, जो हजारों लोगों की जान बचा सकता है। साल 2022 के आंकड़ों के मुताबिक इस साल लगभग 2 करोड़ नए मामले सामने आए और 97 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गई। नए मामलों के हिसाब से फेफड़े, स्तन और कोलोरेक्टल कैंसर सबसे आम हैं। इतना ही नहीं फेफड़ों का कैंसर इस रोग से होने वाली मौतों का प्रमुख कारण भी है। अनुमान बताते हैं कि साल 2050 तक नए मामलों की वार्षिक संख्या बढ़कर 3.5 करोड़ तक पहुंच सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, खराब लाइफस्टाइल, बढ़ता माइक्रोप्लास्टिक, खानपान में गड़बड़ी और मोटापे ने कैंसर के जोखिमों को काफी बढ़ा दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी के हालिया आंकड़ों के अनुसार हर साल करीब 1 करोड़ लोगों की मौत कैंसर के कारण हो सकती है। लेकिन, अब विशेषज्ञों का ▶▶ शेष पेज 6 पर


फाइल फोटो

**सीएम डॉ. यादव ने पटना की दिगा विधानसभा में जनसभा को संबोधित किया**

## एनडीए की जीत की इबारत लिख रहा चुनावी माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीतीश सरकार ने दूर किया 55 सालों का पिछड़ापन ▶▶ राजा भोज के काल में भी बिहार और मप्र के संबंध रहे हैं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को पटना की दिगा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार और पटना का चुनावी वातावरण एक अलग करवट ले रहा है। जैसे-जैसे चुनाव परवान चढ़ रहा है, बिहार का चुनावी माहौल एनडीए की जीत की इबारत लिख रहा है। उन्होंने कहा कि विजय जुलूस की तैयारी कर रहा है, एनडीए के पक्ष में बिहार में यह वातावरण उस विकास के कारण ▶▶ शेष पेज 6 पर


चुनाव प्रचार के दौरान सीएम के साथ एनडीए प्रत्याशी सहित अन्य नेता

### इंडी गठबंधन के नेताओं ने किया बिहार का अपमान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी हैं, जो अपना हर वादा निभाते हैं, लोकतंत्र का सम्मान करते हैं। दूसरी तरफ हैं एक ही परिवार के नेता, जो चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें से एक की दादी ने आपातकाल लागू कर लोकतंत्र का गला घोटा था। उनका अपनी वाणी पर नियंत्रण नहीं है, पता नहीं क्या-क्या बोलते हैं। वर्तमान के नेता प्रतिपक्ष ऐसी भाषा बोलते हैं, जिससे हर कोई शर्मसार हो जाए। वे बिहार में आकर छठ मैया का अपमान करते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार को छोटा-मोटा राज्य बताते हैं। 6 नवंबर को इतने जोर से कमल का बटन दबाएं कि भले ही बटन टूट जाए लेकिन इन्हें सबक सिखाना है।

9 सरदार वल्लभभाई पटेल एकता, दृढ़ता...



11 रघुवीर के संवादों में दिखा हंसी, दर्द व जीवन ...





◀ राग फेस्ट के 'जावेद अली म्यूजिकल कॉन्सर्ट' पर आयोजक गीतिका प्रेमचंदानी का पक्ष

## पूरा कॉन्सर्ट व्यवस्थित था...टिकट तय रेट पर बिके, खाने, पेयजल व ट्रैफिक इंतजाम में कोई कमी नहीं थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरिभूमि के सिटी पेज भोपाल भूमि फ्रंट पेज पर 26 अक्टूबर को प्रकाशित समाचार- 'ब्लैक में बिकते रहे टिकट, ड्राइव इन में क्षमता से ज्यादा घुसाई भीड़, कइयों को घबराहट, कुछ बेहोश हो गए'- के संबंध में जावेद अली म्यूजिकल कॉन्सर्ट के लिए राग फेस्ट की आयोजक गीतिका प्रेमचंदानी ने 'हरिभूमि' से बातचीत में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आयोजन पूरी तरह से व्यवस्थित तरीके से हुआ। कॉन्सर्ट में 1200 की टिकट पर टर्म्स एंड कंडीशन में यह चीज मेंशन थी कि स्टैंडिंग चेयर होगी, जिसमें कोई 1200 का टिकट लेकर यदि जमीन पर बैठता है तो इसमें आयोजकों की कोई जिम्मेदारी नहीं है। इसके साथ ही आयोजकों द्वारा एक काउंटर पर निःशुल्क पानी की व्यवस्था भी की गई थी। उन्होंने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए करीब सौ पुलिसकर्मी मौजूद थे, साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था भी पूरी तरह से सुचारु थी। आयोजन से सामान्य ट्रैफिक व्यवस्था पर कोई भी असर नहीं पड़ा। गीतिका कहती हैं कि हमारे द्वारा कंप्लीमेंट्री वैलेट पार्किंग की सुविधा दी गई थी।

### ऑडियंस के लिए पर्याप्त इंतजाम थे

गीतिका ने कहा कि हमने न तो सांप्रदायिक आधार पर कोई टिकट डिस्ट्रीब्यूशन में भेदभाव किया और न ही हमारे द्वारा ब्लैक में टिकट बेचे गए। हां, कोई थर्ड पार्टी हमारे टिकट लेकर दूसरों को सेलआउट करता है तो इसमें राग फेस्ट का कोई रोल नहीं है। साथ ही फूडेबल आयटम्स के रेट ड्राइव इन सिनेमा के नॉर्म के अनुसार ही थे, इसमें आयोजकों की कोई भूमिका नहीं थी। इसके अलावा राग फेस्ट में किसी तरह की कोई अव्यवस्था नहीं थी और आयोजकों द्वारा ऑडियंस के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। आयोजकों को हरिभूमि में प्रकाशित तथ्यों से कोई असुविधा हुई हो तो प्रबंधन को खेद है।

## नगर निगम ने शहर भर में चलाया विशेष अभियान

# मप्र स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर फायर फाइटर्स ने की 64 महापुरूषों की प्रतिमाओं की सफाई और धुलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश की स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर नगर निगम ने विशेष अभियान चलाकर शहरभर में स्थापित 64 छोटी-बड़ी प्रतिमाओं की फायर फाइटर्स टीम से धुलाई व साफ-सफाई करवाई। प्रतिमा स्थलों के आसपास भी सफाई की गई। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर फायर ब्रिगेड के अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में यह अभियान चलाया। निगम के फायर ब्रिगेड अमले ने कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर परिसर में स्थापित महात्मा गांधी एवं कुशाभाऊ ठाकरे की प्रतिमा की साफ-सफाई एवं धुलाई कराई।

*निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर किया स्वच्छता कार्य*

*मप्र के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर की साफ-सफाई*



पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की प्रतिमा की पानी से सफाई की गई।

### इन इलाकों में महापुरुषों की प्रतिमाओं की हुई सफाई

वीआईपी रोड में राजा भोज, कमला पार्क स्थित रानी कमलापति, लालघाटी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वीआईपी रोड स्थित पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. शंकर दयाल शर्मा, शिवाजी नगर स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, पॉलीटेक्निक स्थित स्वामी विवेकानन्द, मंत्रालय वल्लभ भवन के सामने पार्क में स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल, बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर, रोशनपुरा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू, पुरानी विधानसभा चौराहा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री, लिंक रोड नंबर 1 स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गांधी, अरेरा हिल्स स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपयी, नानके पेट्रोल पम्प एवं गीतांजलि चौराहा स्थित अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमाओं की सफाई की गई।



महात्मा गांधी की प्रतिमा की सफाई हुई।

## ड्यूटी का समय सुबह 9 बजे, मरीजों की बढ़ती रही परेशानी, लेकिन जिम्मेदारों को परवाह तक नहीं

# स्वास्थ्य मंत्री शुक्ल की चेतावनी बेअसरः अगले दिन ही ओपीडी में वक्त पर नहीं पहुंचे डॉक्टर

### कोई डॉग के काटने से जख्मी तो किसी को पैरालाइज, डॉक्टरों के आने राह तकते रहे

*हरिभूमि की टीम 9 बजे मौके पर पहुंची, 35 मिनट तक रही, एक भी डॉक्टर ऑन ड्यूटी नहीं दिखाई दिया*

*ओपीडी में मरीजों का आंकड़ा 1500 से पार लेकिन उन्हें समय पर नहीं मिलता इलाज*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा देने वाले राजधानी के जिला अस्पताल में ही लापरवाही हो रही है। यहां मरीजों को कोई देखने और उनकी सुनने वाला तक नहीं। यहां न तो समय पर डॉक्टर पहुंच रहे हैं न उन्हें इलाज मिल रहा है।

हरिभूमि लाइव

हरिभूमि की टीम शुक्रवार को सुबह 9 बजे जब अस्पताल परिसर पहुंची तो एक भी डॉक्टर अपने चैंबर में नहीं था, जबकि मरीजों की कतार बढ़ रही थी। इन मरीजों में कई ऐसे भी मरीज मिले, जो डॉग के काटने के चलते इलाज कराने पहुंचे थे, उन्हें इलाज की तत्काल जरूरत थी, लेकिन वे डॉक्टर के आने का इंतजार करते मिले। हरिभूमि टीम 35 मिनट रही, लेकिन ड्यूटी पर डॉक्टर नहीं पहुंचे। जबकि उन्हें 9 बजे ड्यूटी पर पहुंच जाना चाहिए। हरिभूमि की टीम सबसे पहले मनोचिकित्सक डॉ. राहुल के चैंबर के पास पहुंची, लेकिन यह खाली मिला। एमडी मेडिसिन योगेंद्र श्रीवास्तव सहित परिसर में कोई भी डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद नहीं थे। इस दौरान सिविल सर्जन भी अस्पताल में नहीं दिखाई दिए।




ओपीडी के बाहर डॉक्टर का इंतजार करता हाथ में प्लास्टर बांधे बच्चा।



केको बाई, मरीज



मीना तिवारी, मरीज



रामचरण चौहान, मरीज

### सीएमएचओ ने कहा- मॉनिटरिंग करा रहे हैं, कार्रवाई होगी

सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि हम इसकी मॉनिटरिंग करा रहे हैं। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। डॉक्टरों को ऑन टाइम करवाया जाएगा।



जेपी अस्पताल में डॉक्टरों के आने का इंतजार करते मरीज।

### अस्पताल आए मरीजों का दर्द....

जेपी अस्पताल में मरीजों की भीड़ थी, लेकिन डॉक्टर नहीं थे। 7 से 8 मरीज पर्चा बनवाने के बाद डॉक्टर का इंतजार कर रहे थे। डॉ. जय कुमार साहू और मनोज मोदी के चैंबर के बाहर भी मरीज थे। यहां मौजूद एक मरीज मधुकर ने बताया कि मेरे पैर में लंबे समय से सूजन और घाव है, जिसके लिए पिछले तीन साल से मैं यहां आ रहा हूं, लेकिन समय पर डॉक्टर मिलते ही नहीं है। प्लास्टर कटवाने दो बार चक्कर लगा चुके हैं। मरीज अरशद खान ने बताया कि उनके बेटे का हाथ तीन माह से टूटा है। प्लास्टर कटवाने के लिए दो बार आ चुके हैं, लेकिन प्लास्टर नहीं कटा। हमें हमेशा नया ट्रेनी डॉक्टर मिलता है। डॉ. संजय जैन के चैंबर के बाहर मरीज थे। मरीज उनके आने का इंतजार कर रहे थे। मरीज रामचरण चौहान ने बताया कि पिछले तीन साल से पेट की बीमारी से परेशान हैं। जब भी वे आते हैं तो कोई नया ट्रेनी डॉक्टर मिलता है। समय पर डॉक्टर कभी नहीं मिलते। मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. अफरीन आलम भी मौजूद नहीं थे। यहां मौजूद तुलसी बाई और केको बाई यादव ने बताया कि उन्हें लंबे समय से चेहरे का एक भाग काम नहीं कर रहा है। बीते दो साल से इलाज करा रहे हैं, लेकिन डॉक्टर तो समय पर मिलते ही नहीं हैं। मरीज शिवलाल जिनके पैर में लंबे समय से सूजन है। वहीं हीरा लाल सुरई के रहने वाले हैं। दोनों डॉ. जय कुमार साहू और मनोज मोदी के चैंबर के बाहर 9:20 बजे पर खड़े मिले। ब्लड प्रेशर की मरीज मीना तिवारी ने बताया कि हम लंबे समय से ऐसे परेशानी झेल रहे है। वह भी 9:22 बजे तकम डॉ. अनधा के चैंबर के बाहर खड़ी रहीं।

### सुबह सात बजे सफाई व्यवस्था देखने पहुंची आयुक्त

## मौके पर नहीं मिले सफाई कर्मी तो एएचओ बोलीं- स्पॉट पर जाएं, गिनती कर बताएं, कितने हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन शुक्रवार को सुबह 7 बजे राजधानी में सफाई व्यवस्था देखने औचक निरीक्षण करने जोन 21 पहुंची। उन्हें वहां सफाईकर्मी नहीं मिले। इस पर वे नाराज हो गईं और एएचओ से कहा कि स्पॉट पर जाएं और बताएं कि कितने सफाई कर्मचारी हैं। इसके बाद वे दूसरे क्षेत्र में भ्रमण के लिए रवाना हो गईं। निगम के जोन एक में मेन रोड की तरफ सीएंडसी वेस्ट देखकर मौके पर मौजूद एएचओ से पूछा कि यह मेन रोड पर कैसे पड़ा है। इस पर उन्हें जवाब मिला कि इसका चालान किया है, लेकिन यहां दोबारा रख लिया गया है। इस पर वे नाराज हो गईं और कहा कि चालान करके बड़ा काम नहीं किया, बल्कि सीएंडडी वेस्ट उठाने का खर्च क्यों नहीं जोड़ा गया।



निगम आयुक्त संस्कृति जैन

**आयुक्त के निरीक्षण की खबर मिलते ही दूसरे जोन हुए अलर्टः** निगम आयुक्त के औचक निरीक्षण की खबर जैसे ही शहर के दूसरे जोन और वार्ड कार्यालयों को मिली तो स्वास्थ्य अमला तुरंत हरकत में आया और सफाई कर्मचारियों को मैदान में तेजी से सफाई के काम में जुटा दिया। हालांकि निगम आयुक्त ऐसे किसी भी क्षेत्र में नहीं पहुंची। हालांकि वह जल्द ही दूसरे जोन में भी निरीक्षण करने जा सकती है।

### भोपाल मेट्रो रेल के पीआरओ का तबादला

**भोपाल।** भोपाल मेट्रो रेल के जन संपर्क अधिकारी हिमांशु ग्रोवर का तबादला हरियाणा किया गया है। वे शुक्रवार को रिलीव हो गए। वे भोपाल में मेट्रो रेल में जनसंपर्क अधिकारी का दायित्व निभा रहे थे।

# निगम ने बस ऑपरेटर से किया एग्रीमेंट 70 बसें सड़क पर उतारने की तैयारी

### आगामी सप्ताह शुरू हो सकता है संचालन, अभी केवल 60 बसों के भरोसे राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी की बेपटरी परिवहन सेवा को अब निगम पटरी पर लाने की तैयारी कर रहा है। 70 नई बसों को रोड पर उतारने की तैयारी कर ली गई है। इसके लिए एक बस आपरेटर से निगम ने एग्रीमेंट कर लिया है। इसमें किराया, रूट, सुरक्षा, स्टॉफ, नियमित चैकिंग, महिलाओं की सुरक्षा के इंतजाम आदि जरूरी सुविधाएं भी शामिल हैं, जो बस ऑपरेटर द्वारा मुहैया करवाई जाएंगी। इन नई बसों के संचालन की निगरानी निगम के जिम्मे रहेगी। शहर में विभिन्न रूटों पर बीसीएलएल द्वारा 368 बसें शुरू की गई थीं। धीरे-धीरे अधिकांश रूटों पर इनका संचालन बंद हो गया।

- 368 बसों से रोजाना सवा लाख यात्री आते जाते थे, यह संख्या घटकर 15 हजार आई



फाइल फोटो

कहीं आरटीओ में राशि का भुगतान तो कहीं निगम में भुगतान अटकने के कारण ऑपरेटरों ने बसों का संचालन ही बंद कर दिया। वर्तमान में अब केवल 60 बसें ही चल रही हैं। जबकि जब सभी बसें चल रही थीं, तब सवा लाख से ज्यादा यात्री इन बसों से आवाजाही करते थे। अब इनकी संख्या घटकर 15 हजार के आसपास रह गई है। बसों के लिए बाकायदा बस स्टॉप बनाए गए थे जो अब टूट-फूट रहे हैं। निगम द्वारा इनका निर्माण किया गया था।

### एग्रीमेंट हो गया है

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि 70 नई बसों के संचालन के लिए दो दिन पूर्व ही निगम ने एग्रीमेंट किया है। जल्द ही शहर के लोगों को परिवहन की बेहतर सुविधा मिलेगी। इनकी संख्या भी आगामी माह में बढाई जाएगी।

# सीएम का निकल रहा था कारकेड, दूसरी लेन पर खंभे से टकराकर पलटी कार

### आनंद नगर में गुरुवार रात रॉन्ड साइड से आया था वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर में गुरुवार रात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का काफिला निकल रहा था। इसी समय एक तेज रफ्तार अल्टो कार खंभे से टकराकर पलट गई। हालांकि जिस रोड से कारकेड निकल रहा था, उस रोड पर हादसा नहीं हुआ है। पुलिस ने यातायात पुलिस के कांस्टेबल की शिकायत पर तेजी और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार कांस्टेबल दीपक धाकड़ यातायात में पदस्थ हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गुरुवार रात उनकी ड्यूटी सिद्धार्थ लेक सिटी पटेल नगर स्थित कट पाइंट पर थी।

*यातायात पुलिस के कांस्टेबल की शिकायत पर वाहन चालक पर प्रकरण दर्ज*



आनंद नगर में खंभे से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई कार

### रोकने के बावजूद तेज गति से बढ़ाई कार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कारकेड आनंद नगर से निकलना था। लिहाजा सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई थी। कारकेट निकालने के लिए वन वे कर दिया गया था। रात करीब पौने दस बजे मुख्यमंत्री का कारकेड निकल रहा था। इस दौरान दूसरी सड़क पर गलत दिशा से अल्टो कार का चालक तेजी और लापरवाहीपूर्वक कार चलाकर ला रहा था। उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं रुका। उसने सड़क किनारे लगे खंभे में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार पलट गई थी। बताया जा रहा है कि हादसा काफिले को देखने के चक्कर में हुआ।

राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण की रिपोर्ट में खुलासा

# आवारा कुत्तों का आतंकः दस महीने में 44 हजार लोगों को काट चुके

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अगर आपके घर या कॉलोनी में आवार कुत्ते है तो उनसे बचके रहना। वह इसलिए कि बीते 10 महीने में आवारा कुत्तों ने 44 हजार से अधिक लोगों को काट लिया है। साल 2023 में राजधानी में कुत्ते के काटने की 8 हजार 124 घटनाएं सामने आई। साल 2024 में यह 16 हजार 387 दर्ज की गई। इस साल अक्टूबर माह तक 44 हजार लोगों को कुत्ते काट चुके हैं। यह आंकड़े राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम की रिपोर्ट से सामने आए हैं।

### एंटी रैबीज वैक्सीन वायल की खपत बढ़ी

साल 2020 से 21 तक 5 हजार 523 एंटी रैबीज वैक्सीन वायल की खपत हुई थी। जो साल 2021 से 22 में बढ़कर 7415 और साल 2023 से 24 में 10446 हो गई। इसके अलावा साल 2020 से 21 में केवल 5 वायल रैबीज इम्युनॉग्लोब्युलिन की खपत हुई थी। वहीं साल अक्टूबर 2025 में 65 वायल तक पहुंच गई है।

**कुतों के आक्रामक होने के कारण नसबंदी न होनाः** एक्सपर्ट का कहना है कि नसबंदी होने से डॉग के हार्मोन संतुलित रहते हैं, लेकिन नसबंदी न हो तो ये ज्यादा आक्रामक होते हैं।

**असुरक्षित महसूस करनाः** एक्सपर्ट के मुताबिक हर छह महीने में मादा बच्चों को जन्म देती है। बच्चों की सुरक्षा के लिए वह अतिरिक्त सतर्क होती है।

**एंटी रैबीज का टीका न लगनाः** एक्सपर्ट के मुताबिक डॉग को एंटी रैबीज का टीका समय पर न लगे तो उनके व्यवहार में बदलाव आता है।

**समय पर भोजन न मिलनाः** शहरों में डॉग के आक्रामक होने का ये भी प्रमुख कारण एक्सपर्ट मानते हैं।

पशु चिकित्सक डॉ सीपी ठाकुर ने यह जानकारी दी।

## मप्र स्थापना दिवस पर लाल परेड ग्राउंड में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

# लाल परेड मैदान के आसपास रहेगा ट्रैफिक प्रभावित, मैदा मिल से एमपी नगर आ सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एक नवंबर को मप्र के स्थापना दिवस के अवसर पर लाल परेड ग्राउंड पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान लाल परेड मैदान के आसपास ट्रैफिक प्रभावित होगा। इसके मद्देनजर पुलिस ने शनिवार शाम 5 बजे से दो पहिया व चार पहिया वाहनों का कार्यक्रम स्थल से कार्यक्रम समाप्ती तक पार्किंग व्यवस्था और ट्रैफिक डायवर्सन रहेगा।

यातायात पुलिस आवश्यकता अनुसार भी यातायात व्यवस्था के समय में परिवर्तन कर सकती है। इस दौरान यहां से निकलने वाले पहले यातायात व्यवस्था की जानकारी ले ले। इसके बाद ही यहां से गुजरे, नहीं तो परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### शाम 5 बजे से वाहनों के लिए यातायात परिवर्तित रहेगा



फाइल फोटो

### यह रास्ते रहेंगे परिवर्तित

- कोर्ट चौराहे से लाल परेड मैदान की ओर आने-जाने वाले सभी वाहन सायं 6 बजे से लिंक रोड न-1 का उपयोग कर रोशनपुरा, बाणगंगा, पॉलिटेक्निक चौराहे होकर आ-जा सकेंगे।
- भारत टॉकीज से नए भोपाल की ओर आने वाले वाहन भारत टॉकीज से सांय 6 से जिंसी चौराहे, मैदा मिल रोड, बोर्ड ऑफिस चौराहा से होकर लिंक रोड से आवागमन करेंगे।
- रोशनपुरा से होकर पुराने भोपाल की ओर जाने वाले वाहन बाणगंगा, पॉलिटेक्निक चौराहे, रेतघाट, मोती मस्जिद, रायल मार्केट होकर आवागमन कर सकेंगे।

### यह रहगी पार्किंग व्यवस्था

- अतिविशिष्ठ आमंत्रित वाहन पास धारी सत्कार द्वार होमगार्ड कार्यालय के सामने से प्रवेश कर लाल परेड पर वाहन पार्क करेगें।
- मीडिया बंधु अपने वाहन रुस्तम जी पुलिस मल्टी में पार्क कर शहीद द्वार से कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश करेंगे।
- व्हीआईपी पास धारी अपने वाहन कुशाभाऊ ठाकरे एमएलए रेस्ट हाउस पार्किंग स्थल पर वाहन पार्क कर शहीद स्मारक गेट से प्रवेश करेंगे।
- वल्लभ भवन, एमपी नगर तिराहे, कोर्ट तिराहे की ओर से आने वाले दर्शकगण अपने-अपने वाहन जेल मुख्यालय अरेरा हिल्स अथवा एमव्हीएम कॉलेज रविन्द्र भवन पार्किंग में वाहन पार्क कर विजय द्वार से प्रवेश करेंगे।

# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत महोत्सव



मानननीय प्रधानमंत्री

## श्री नरेन्द्र मोदी जी

के कर-कमलों से

**लगभग ₹14,300 करोड़**

01 नवंबर 2025

राज्योत्सव स्थल
नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

की सड़क, ऊर्जा, उद्योग, आवास, ग्रामीण और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी विकास परियोजनाओं का

## शिलान्यास / उद्घाटन / लोकार्पण / राष्ट्र को समर्पण और शुभ गृहप्रवेश

### लोकार्पण

शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय
**₹52 करोड़**





छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन
**₹325 करोड़**

### गृह प्रवेश एवं किस्त जारी ₹1,200 करोड़

- PMAY-G के तहत बने 3.51 लाख आवासों का गृह प्रवेश एवं खुशियों की चाबी का वितरण
- 3 लाख लाभार्थियों को सहायता राशि की किस्त जारी

### शिलान्यास ₹7,459 करोड़

- जांजगीर-चांपा और राजनांदगांव में नया स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र
- नवा रायपुर में फार्मास्युटिकल पार्क
- बिलासपुर के ग्राम कोनी और उसलापुर में कार्यरत महिला छात्रावास
- मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा और गीदम(दंतेवाड़ा) में शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन
- बिलासपुर में शासकीय आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय भवन
- 3 राष्ट्रीय राजमार्ग-130D और पत्थलगांव-कुनकुरी-छत्तीसगढ़/झारखंड सीमा तक चार लेन ग्रीनफील्डराजमार्ग के निर्माण एवं उन्नयन कार्य
- कांकेर में 220 के.वी और बलौदाबाज़ार-भाटापारा में 132 के.वी के विद्युत उपकेंद्र
- आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत आधारभूत संरचना का विकास कार्य

### उद्घाटन ₹3,250 करोड़

- मुंगेली में 400, राजिम (गरियाबंद) और पाटन (दुर्ग) में 220, रायपुर, बेमेतरा, बिलासपुर और कोरिया में 132 के.वी. ईएचवी के कुल 7 उपकेंद्र
- बस्तर और सुकमा में 33 के.वी. उपकेंद्र
- 9 जिलों के 12 ब्लॉकों में स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम
- छत्तीसगढ़ और ओडिशा खंड (489 किमी) नागपुर-झारसुगुड़ा पाइपलाइन - (GAIL)
- नया पेट्रोलियम ऑयल डिपो (HPCL)
- अंतर-क्षेत्रीय ईआर-डब्ल्यूआर इंटरकनेक्शन ट्रांसमिशन परियोजना (पावरग्रिड)

### राष्ट्र को समर्पण ₹1,979 करोड़

- विभिन्न जिलों में नई 11 के.वी. और एल.टी. लाइन, ओवरलोडेड 11 के.वी. फीडर और ट्रांसफार्मर
- कंडक्टर को AB केबल में परिवर्तित करने के कार्य
- राष्ट्रीय राजमार्ग-130C मदांगमुड़ा-देवभोग-ओडिशा सीमा तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर सड़क निर्माण कार्य

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती पर ली एकता, अखंडता और सद्भावना की शपथ, किया पौधरोपण


पौधरोपण करते पटवा

## औबेदुल्लागंज थाना प्रांगण में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस पर औबेदुल्लागंज थाना प्रांगण में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र पटवा ने एकता, अखंडता, सदभावना की शपथ दिलाई व पौधरोपण किया। इस अवसर पर पटवा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य सरदार पटेल के अद्वितीय राष्ट्र निर्माण योगदान को स्मरण करते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। औबेदुल्लागंज, नूरगंज पुलिस बल गणमान्य नागरिक, विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार, छात्र-छात्राओं ने औबेदुल्लागंज थाने से लेकर मुख्य चौराहे तक रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर टीआई बीपी सिंह ने विधायक सुरेंद्र पटवा का स्वागत किया। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, दीपू परमार, सुरजीत सिंह बिल्ले, पार्षद सुजीत यादव, नरेश सेठी, लोकेश परमार, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया, पवनजोत सिंह, माधव यादव, रामकिशोर नंदवंशी, जीतू नंदवंशी आदि ने रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया।


रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेते पटवा


कार्यक्रम में शपथ लेते शिक्षक व विद्यार्थी

## सतलापुर में मनाई सरदार पटेल की जयंती

**मंडीदीप।** नगर में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सतलापुर वार्ड 13 के ग्राउंड में स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उनकी स्मृतियों को नमन किया गया। कुर्मी क्षत्रिय समाज सतलापुर के इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल हुए।


पटेल को अर्पित की पुष्पांजलि।

अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल का जीवन राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सद्भावना को समर्पित रहा। सरदार पटेल की जयंती पर सतलापुर स्थित लॉजिस्टिक्स हब से 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा नेता राजेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और खिलाड़ी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यह दौड़ राष्ट्रीय एकता के संदेश को मजबूत करने का प्रतीक बनी। कार्यक्रमों में लोगों की भारी भीड़ ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए एकता की शपथ ली। आयोजकों ने इसे ऐतिहासिक बताया।

## पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**संतनगर।** शुक्रवार को देश की पूर्व प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के शहादत दिवस एवं पूर्व गृह मंत्री स्व.सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस ने श्रद्धांजली अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण, घनश्याम लालवानी, माधु चांदवानी, महेश गुरबानी, राज मनवानी, राम भरोसे भगवानिया, विष्णु मारण, सुरेश सिंगरोली, जगदीश सांवले, ओमप्रकाश चौहान, अशोक गोकलानी, नरेंद्र केवलानी, शम्मी गंगवानी, बाबूलाल प्रजापति, राजकुमार धानुक, शिवम भार्गव व दिलीप भाई सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे। अशोक मारण ने पूर्व प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान को तीन बार युद्ध में पराजित कर पूरे विश्व को भारत की ताकत का अहसास कराया। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधु चांदवानी ने सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में 562 रियासतों का भारत में विलय किया व अखंड भारत का निर्माण किया।


श्रद्धांजलि अर्पित करते पदाधिकारी

## खबर संक्षेप



### महिला सुरक्षा व साइबर फ्रॉड से बताया बचाव

**औबेदुल्लागंज।** वीर सावरकर कॉलेज में शुक्रवार को किशोरी जागरुकता जनसंवाद एवं साइबर सुरक्षा अभियान अंतर्गत कार्यक्रम किया गया, जिसमें महिला संबधी अपराधों एवं मानव दुर्व्यापार के विरुद्ध जानकारी दी गई व कानूनी अधिकारों के बारे में बताया गया। साइबर फ्रॉड के बारे बताया गया कि सावधान रहे व अनजान लिंक पर क्लिक न करे। साइबर घटना पर तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 पर जानकारी दें व नजदीकी पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराए।

### युवक की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**भोपाल।** पुराने विवाद में युवक की छुरी मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त सोनू आठिया पुत्र हल्ले आठिया आयु 20 वर्ष निवासी ग्राम चरखारी इमलिया गढ़ाकोटा जिला सागर मप्र को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने भादंसं की धारा- 201, 302 एवं 25 (1-बी ) बी के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 2000 रुपए के जुर्माने से दण्डित किया है।

### एमडी ड्रग्स मामले के आरोपी को जमानत

**भोपाल।** शावर मछली से जुड़े एमडी ड्रग्स मामले के आरोपी लारिब खान की ओर से प्रस्तुत किए गए जमानत के आवेदन को विशेष न्यायाधीश डॉ.मुकेश मलिक ने सुनवाई के स्वीकार कर आरोपी को 50-50 हजार रूपए की दो जमानतें प्रस्तुत करने पर केंद्रीय जेल से रिहा करने के आदेश पारित किए हैं। अधिवक्ता मिनहाज खान द्वारा आरोपी की ओर से न्यायालय में जमानत आवेदन प्रस्तुत कर आरोपी को प्रकरण में झूठा फंसाया जाना बताते हुए जमानत पर रिहा किए जाने का अनुरोध किया गया था।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 379 | 90 | 127 |
| रातः | 446 | 40 | 479 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 378 | 87 | 223 |
| रातः | 477 | 85 | 249 |

## आरोपी ने यूपीआई का पासवर्ड लेकर ज्वैलरी शॉप से की खरीदारी

# डेटिंग एप पर दोस्ती, मिलने बुलाया फिर मारपीट कर 1 लाख रुपए ऐंठे

अकाउटेंट की डेटिंग एप पर युवक से हुई थी दोस्ती

आरोपी युवक ने अपनी गाड़ी में पट्रोल भरवाया

### दोस्त के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर मोबाइल छीना

» आरोपी बोले- तुम लोगों के साथ ऐसा ही होना चाहिए



यूपीआई से खरीदारी करने के बाद आरोपियों ने पीड़ित को छोड़ दिया। आरोपी कहने लगा कि तुम लोग धरती पर गलत करने आए हो और तुम लोगों के साथ ऐसा ही होना चाहिए। उसने धमकी दी कि यदि घटना की शिकायत की तो उसकी हरकतों को सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। परिजन को भी बताकर बदनाम कर देंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में एक युवक को डेटिंग एप पर फंसाकर बदमाश ने मिलने बुलाया और दोस्त के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। आरोपियों ने उसके मोबाइल और यूपीआई का पासवर्ड पूछते हुए उसके खाते से पेमेंट करते हुए ज्वैलरी खरीद ली। अपने साथ हुई घटना की शिकायत लेकर पहुंचे युवक की शिकायत दर्ज न करते हुए एमपी नगर पुलिस ने उसे चलता कर दिया। पुलिस का कहना है कि आवेदन जांच के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी।

जानकारी के अनुसार 26 साल का युवक औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्री में अकाउंटेंट है। उसकी वल्ला नाम के डेटिंग एप पर एक युवक से दोस्ती हो गई। उसकी मोबाइल पर बातचीत होती थी। ट्रू कॉलर पर युवक का नाम रोहित राजपूत आ रहा था। दोनों की मोबाइल पर बातचीत होने लगी और 21 अक्टूबर को दोनों ने मिलने का प्लान किया। पीड़ित युवक उससे मिलने एमपी नगर जोन-2 पहुंचा। वहां उसकी युवक से मुलाकात हो गई। युवक पीड़ित को सुनसान इलाके में लेकर पहुंचा। इस दौरान उसने अपने दोस्त को बुला लिया था। दोस्त के पहुंचने के बाद आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट की और मोबाइल छुड़ा लिया। आरोपियों ने मारपीट करते हुए मोबाइल का पासवर्ड सहित यूपीआई पासवर्ड ले लिया। जिस आरोपी ने पीड़ित को मिलने के लिए बुलाया था, वह मोबाइल लेकर टीटी नगर पहुंचा और ज्वैलर्स शॉप से ऑनलाइन खरीदी कर ली।

**जांच के बाद कार्रवाई करेंगे**

शिकायत आवेदन मिला था। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**टीआई जयहिंद शर्मा,** थाना प्रभारी एमपी नगर

### अलमारी में रखे 6 लाख 83 हजार रुपए चोरी, बेटे के तीन दोस्तों पर संदेह

**टीलाजमालपुरा स्थित साहिल अपार्टमेंट की घटना, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

भोपाल। टीलाजमालपुरा थाना क्षेत्र स्थित साहिल अपार्टमेंट में रहने वाले सख्श के घर से अज्ञात बदमाश 6 लाख 83 हजार रुपए की नगदी चुराकर ले गए। घटना के समय वह पत्नी के साथ उत्तर प्रदेश गए हुए थे, जबकि घर पर उनका बेटा अकेला था। उन्हें संदेह है कि उक्त नगदी बेटे के तीन दोस्तों ने मिलकर चुराई है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस संदेहियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार मोहम्मद शाहिद (62) साहिल अपार्टमेंट बजरिया चौराहा, टीलाजमालपुरा में रहते हैं और मार्केटिंग का काम करते हैं। 21 सितंबर की शाम वह पत्नी नुजहत बी के साथ ससूराल कन्नौज उत्तरप्रदेश गए थे। घर पर उनका बेटा हारिश था। 5 अक्टूबर को दंपती भोपाल लौटे। सुबह साढ़े 9 बजे पत्नी ने मोहम्मद शाहिद को बताया कि अलमारी में रखी 6 लाख 83 हजार रुपए की नगदी और आपका आधार कार्ड नहीं है। मोहम्मद शाहिद ने बेटे हारिश से रकम के बारे में पूछा। उसने बताया कि 24 सितंबर को उसके तीन दोस्त उजेर, आरिस और अल्फेज उसके साथ घर आए थे। रात करीबन 12 बजे नूरमहल में रहने वाले दोस्त जुनैद ने कॉल किया और खाना खाने का कहा। जुनैद के कहने पर हारिश खाने के लिए गांधी नगर स्थित ढाबा पर चला गया। इस दौरान घर में उजेर, आरिस व अल्फेज थे। रात करीब डेढ़ से दो बजे वह घर लौटा। तीनों दोस्त घर पर मिले। दोस्त ने कहा कि तुमने कहा था कि वॉशिंग मशीन घर ले जाना। मैंन अल्फेज के साथ मिलकर वॉशिंग मशीन अपने घर पर रख दी है। तड़के चार बजे के आसपास तीनों दोस्त अपने-अपने घर चले गए। मुझे संदेह है कि तीनों दोस्त ने रात 12 से 2 बजे के बीच मेरी अनुपस्थिति में पैसे चुराए हैं। मोहम्मद शाहिद और उनकी पत्नी ने बेटे के तीनों दोस्तों से चोरी हुए 6 लाख 83 हजार रुपए के बारे में पूछा, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें पैसों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसके बाद मोहम्मद शाहिद ने पुलिस को शिकायत की। मोहम्मद शाहिद ने बताया कि उक्त रकम उन्होंने घर बनाने के लिए जोड़कर रखी थी।

# कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक घोटाला मामले के दोषियों को 3 वर्ष कारावास

**बैंक में बंधक रखी कृषि भूमि को नियम विरुद्ध नीलाम करने का मामला**

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

बैंक में कृषक की कृषि भूमि को बंधक रखकर लिए गए ऋण की वसूली न होने पर उसे बताए बगैर कम दाम में अन्य व्यक्ति को नीलाम करने के अपराध को प्रमाणित पाए जाने पर लोकायुक्त के विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने भादंसं की धारा -120 बी ,420 एवं पीसी एक्ट की धारा-13-1(डी) सहपठित धारा-13(2)के अंतर्गत जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के तत्कालीन विक्रय अधिकारी हरिहर प्रसाद मिश्रा, तत्कालीन शाखा प्रबंधक सुरेश कुमार ममतानी, पृष्टिकर्ता अधिकारी अशोक मिश्रा एवं कृषि भूमि के क्रेता सैयद रूकुदीन को दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 2000-2000 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक राम कुमार खत्री एवं हेमलता कुशवाहा द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार ग्राम बागोनिया पोस्ट तारासेवनिया तहसील हुजूर जिला भोपाल के कृषक अख्तर अली ने 8 मई 2002 को 3 लाख 71 हजार रूपये मूल्य की 4.58 एकड़ भूमि को जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के पास बंधक रखकर ईंट भट्टा के व्यवसाय के लिए 59,000 रुपए का ऋण लिया था। समय पर ऋण न चुकाए जाने पर आरोपियों ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर मात्र 1,00000 रुपए में सैयद रूकुदीन को नीलाम कर दिया था। सूचना के आधार पर लोकायुक्त पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना अधिकारी द्वारा न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था।

**ग्यारस पर होंगे आयोजन**

## कार्तिक मास में आंवले का बहुत महत्वः बाबा रामदास


गदीशीन महंत बाबा रामदास उदासीन प्रवचन देते हुए।

**संतनगर।** सुख सागर उदासीन आश्रम में कार्तिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रातः काल व सांय काल में आश्रम के गदीशीन महंत बाबा रामदास उदासीन के प्रवचन व सत्संग होते है। इस अवसर पर बाबा रामदास उदासीन ने कहा कि कार्तिक मास में आंवले का बहुत महत्व रहता है। आंवला नवमी के दिन आंवले के पेड़ की पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन की गई पूजा से व्यक्ति को पुण्य सौभाग्य और आरोग्य की प्राप्ति होती है। देवउठनी ग्यारस पर आश्रम में कई कार्यक्रम किए जाएंगे।

**भव्य तैयारियां चल रही**

## विधायक पटवा को प्रकाश पर्व के लिए किया आमंत्रित


विधायक पटवा को निमंत्रण देते गणमान्य नागरिक।

**औबेदुल्लागंज।** श्री गुरु नानक देवजी के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा श्री सिंध सभा, औबेदुल्लागंज के विशेष गुरमत समागम में विधायक सुरेंद्र पटवा को आमंत्रित करने के लिए देवेंद्र सिंह राजू, गुरमीत सिंह दुल्ले, सुरजीत सिंह बिल्ले, मनजीत सिंह, लखविंदर सिंह लक्की, पवनजोत सिंह, तेजिंदर सिंह, हरदीप सिंह आदि ने विधायक सुरेंद्र पटवा से शुक्रवार को मुलाकात की। इस अवसर पर लखविंदर सिंह लक्की और मनजीत सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व पर आयोजन के लिए भव्य तैयारियां चल रही है।

## मप्र स्थापना दिवसः जलाए दीप


मप्र स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर भोपाल गेट पर दीप जलाए गए।

**संतनगर।** मध्य प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को भोपाल गेट पर दीपक दीपक जलाए गए। आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया गया। रंगोली में मध्यप्रदेश का नक्शा एवं लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का चित्र बनाकर दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर राकेश कुकरेजा, महेश मकवाना, भगवानदास ढालिया, नरेंद्र ठाकुर, राजा शर्मा, यतिन मकवाना, महेश मालवीय, अजय प्रजापति, मनोज सुदर्शन, पीसी कनर्जी, सुनील शुकरवारे, मुकेश गांठे, महेंद्र कटकोले आदि मौजूद रहे।

## रीवा सेंट्रल जेल में शिफ्ट हुई आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे

**भोपाल।** हवाला के दो करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपए की डकैती के मामले में आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे समेत 11 पुलिसकर्मियों को सिवनी जिला जेल से सेंट्रल जेल नरसिंहपुर एवं रीवा शिफ्ट कर दिया गया है। जेल मुख्यालय भोपाल से आदेश के बाद जेल प्रशासन ने उन्हें प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार सुबह पुलिस बल की मौजूदगी में नरसिंहपुर एवं रीवा के लिए रवाना किया। उनकी सुरक्षा को भी खतरा था। इसे देखते हुए जेल प्रशासन ने कोर्ट को शिफ्टिंग के लिए आवेदन दिया था, जिसे मंजूर कर लिया गया।


भोजपुर नारी शक्ति प्रभात फेरी मंडल की पदाधिकारी निमंत्रण देते हुए

## घर-घर जाकर तुलसी विवाह का दिया निमंत्रण

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ति प्रभात फेरी मंडल, देवउठनी ग्यारस पर दोपहर 2 बजे भगवान शालिगराम की बारात शिव मंदिर, अर्जुन नगर से चौराहे से होते हुए रेलवे फाटक दुर्गा मंदिर पहुंचेगी। जानकी बाई, कांतिबाई मल्होत्रा यादव, भगवती साहू, कांता साहू, अनीता पांडे, मंजू साहू, सुनीता सैनी, राजा बाई, प्रियंका गुप्ता, रेखा कपूर, भगवती साहू, प्रीति चौधरी, समिति की महिलाओं और अध्यक्ष आरती यादव घर-घरजाकर तुलसी विवाह में बारात में आने के लिए लोगों को निमंत्रण पत्र दिया है।



सीपीआर प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित टीआई सिंह और पुलिस अधिकारी।

## टीआई बीपी सिंह ने दी सीपीआर की ट्रेनिंग

**औबेदुल्लागंज।** थाना औबेदुल्लागंज, गौहरगंज और नूरगंज 112 डायल वाहन में लगे स्टाफ को शासकीय अस्पताल औबदुल्लागंज जीवन रक्षा के संबध में सीपीआर ट्रेनिंग दी गई, जिससे जिससे रोड एक्सीडेंट व अन्य कोई आपातकालीन स्थिति में 112 में लगे अधिकारी-कर्मचारी सीपीआर देकर पीड़ित व्यक्ति की जान बचा सके। इस अवसर पर टीआई बीपी सिंह ने अस्पताल पहुंचकर सीपीआर की ट्रेनिंग दी। यह प्रशिक्षण आपातकालीन स्थिति में व्यक्ति की जिंदगी बचाने में बहुत मददगार होगा।

**राजस्थान के 25 कारीगर दे रहे मंदिर को भव्य स्वरूप**

# मंडीदीप में 10 करोड़ रुपए से बनेगी खाटू श्याम की भव्य हवेली

## लाखों श्रद्धालु श्री खाटू श्याम के एक समय में दर्शन कर सकेंगे

नितेश पटेल ▶▶ मंडीदीप

आज खाटू श्याम जी का जन्मदिन है। मंडीदीप में श्याम मित्र मंडली 25000 वर्ग फीट में करीब 10 करोड़ रुपए से अधिक की राशि से भव्य श्याम मंदिर का निर्माण करा रही है, जो मध्यप्रदेश का सबसे पहला ऐसा मंदिर है, जिसका स्वरूप चित्तौड़गढ़ के वास्तुकार ने ऐसा बनाया है कि लाखों श्रद्धालु श्री खाटू श्याम के एक समय में दर्शन कर सकेंगे। श्याम जी के वस्तु संकल्प नियमों का पालन किया जाएगा।

मंडीदीप श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारी संजय अग्रवाल ने बताया कि इस मंदिर का भूमिपूजन 10 मई 2024 को किया गया, जहां हजारों भक्त इस नींव के साक्षी रहे। मंदिर का निर्माण करीब 18 जनवरी 2027 में पूर्ण होने की संभावना है।

**खास बातें**

- जनवरी 2027 तक निर्माण पूर्ण होने की संभावना
- अभी तक 40 प्रतिशत हुआ निर्माण


श्री खाटू श्याम मंदिर की प्रतिकृति

**वार्ड 13 में बनाए जा रहे मंदिर के निर्माण में राजस्थान से लाए गए सुंदर पत्थर**

मंदिर का निर्माण इंडस्ट्रीज एरिया के वार्ड 13 में किया जा रहा है। जिसे राजस्थान के 25 से अधिक कारीगर भव्य आकार दे रहे हैं और इसमें आंतरिक सुंदरता में प्रयोग होने वाले पत्थर भी राजस्थान के ही होंगे। मंदिर का करीब 3 वर्ष में निर्माण पूर्ण होगा। जिसमें अभी तक 40 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है। प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जनवरी 2027 तय किया गया है। जहां लाखों श्याम प्रेमी कार्यक्रम के साक्षी होंगे।

**मंदिर से मंडीदीप की अलग पहचान बनेगी**

खाटू श्याम के मंदिर का निर्माण पहली बार मंडीदीप में इतना बड़ा और भव्य बनाया जा रहा है जो मध्यप्रदेश की खाटू श्याम की पहली हवेली है। यह श्याम भक्तों के लिए एक मिसाल होगी। जिसमें श्याम मंदिर के नाम से मंडीदीप की अलग पहचान होगी।

**संजय अग्रवाल**
प्रमुख श्याम मित्र मंडली


मंदिर में निर्माण कार्य करते कारीगर

## सफाई कर्मी पर बदमाशों ने किया तलवारनुमा चाकू से हमला, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित कस्तूरबा मार्केट के पास शुक्रवार सुबह एक्टिवा से मुंह पर कपड़ा बांधकर आए बदमाशों ने सफाईकर्मी पर तलवारनुमा चाकू से हमला कर दिया। उन्हें माथे पर गंभीर चोट आई हैं। पुलिस ने अज्ञात एक्टिवा सवार बदमाशों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, महेश कल्याणी पिता रामचन्द्र (42) कांजी हाउस के पीछे अन्ना नगर, गोविन्दपुरा में रहते हैं। उन्होंने बताया कि कस्तूरबा अस्पताल के सामने हबीबगंज सब्जी मंडी में झाड़ू लगाने का काम करते हैं। शुक्रवार सुबह वह बेटे को लेकर कस्तूरबा मार्केट सफाई करने गए थे। झाड़ू लगाने के बाद उन्होंने बेटे को कचरे वाले गाड़ी से पहुंचा दिया, जबकि वह बाइक से दूसरी जगह सफाई करने जाने लगे। इसी दौरान काले रंग की एक्टिवा से आए दो युवकों में पीछे बैठे युवक ने उन पर तलवारनुमा चाकू से हमला कर दिया। गनीमत रही कि तलवारनुमा चाकू उन्हें माथे में ठीक से लगा नहीं और कम चोट आई। उनकी पत्नी बबीता कल्याणी ने बताया कि उन्हें 1250 अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सिर में पांच टांके आए है। उन्होंने बताया कि वे कामकाजी लोग हैं और किसी से दुश्मनी नहीं है।

## 75 साल की महिला ने दुपट्टे का फंदा बनाकर लगाई फांसी

**भोपाल।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित जे सेक्टर में 75 साल की महिला ने घर की गैलरी में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गत वर्ष उनके बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जिसके बाद से वह तनाव में थी। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार द्रौपती बाई पति गणेश अहिरवार (75) जे सेक्टर में रहती थी। 25 साल पूर्व पति के निधन के बाद उन्होंने दूसरी शादी गणेश अहिरवार से की थी। गणेश ई-7 अरेरा कॉलोनी में चौकीदारी करता है। द्रौपती बाई और गणेश को दो बच्चे हैं। बेटी की शादी करा चुके हैं, जबकि बेटे की गत वर्ष सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

## गन्ने का मंडप सजाकर होगा तुलसी-शालिगराम का पूजन

# देवउठनी एकादशी आजः मांगलिक कार्य आरंभ, 21 से शुरू होंगे विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देवउठनी ग्यारस पर शनिवार को मंडप सजाकर घर-घर तुलसी व शालिगराम का विवाह किया जाएगा। इसके साथ ही भगवान लक्ष्मीनारायण को क्षीर सागर से उठाने की रस्म की जाएगी। इसके साथ ही शुभ काम शुरू हो जाएंगे। इस दिन अबूझ मुहुर्त होने से शनिवार को भी विवाह हो सकेंगे। इसके बाद शुभ मुहुर्त नहीं होने से शादी-विवाह समारोह की शुभ तिथियां 21 नवंबर से हो जाएगी। चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे गुरुजी ने बताया कि देवउठनी ग्यारस पर गोधूलि बेला में मंडप सजाकर भगवान को जगाने की रस्म की जाती है।

सुंदर रंगोली सजाकर अपने आंगन या चौक में गन्ने का मंडप सजाया जाता है। इसके बाद तुलसी का पौधा व भगवान शालिगराम की प्रतिमा रखकर भगवान लक्ष्मीनारायण को क्षीर सागर से उठाया जाता है और उनके स्वागत में देवउठनी एकादशी मनाई जाती है।

इसी दिन से मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो जाता है। पूजन में सभी प्रकार की भाजी, बैर, सिघांड़े, सीताफल, गन्ना, फल, मिठाई और विविध खील बताशे अर्पित किए जाते हैं। देवउठनी एकादशी से ग्रह प्रवेश, प्राण प्रतिष्ठा, मुंडन, उद्यापन आदि के कार्य प्रारंभ करना शुभ हैं।

### ◆ गन्ने के बाजार सजे, राजधानी के मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन



देवउठनी ग्यारस के मौके पर पुराने शहर में गन्नों की बिक्री।

### श्री अर्जी वाले हनुमान मंदिर में हुआ अन्नकूट

**भोपाल।** राजधानी के श्री अर्जी वाले हेनुमान मंदिर नेहरू नगर में शुक्रवार को अन्नकूट महोत्सव आयोजन के दौरान छप्पन प्रकार के भोग का अर्पण भगवान को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अर्पित किया गया। इस दौरान हुए भजन-कीर्तन से माहौल में भक्ति का रंग घुला रहा। अन्नकूट महोत्सव के दौरान छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया।

### देवउठनी एकादशी के बाद क्या-क्या कर सकते हैं

देवउठनी एकादशी या देव प्रबोधिनी एकादशी के दिन से रुके हुए मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। चार महीने बरसात और देवों के सोए रहने से किसी भी तरह के मांगलिक काम नहीं होते, देव उठनी एकादशी से मुंडन, विवाह,

### मंदिरों में होंगे आयोजन

देव उठनी एकादशी के दिन 1 नवम्बर से तुलसी विवाह का प्रारंभ होगा और पूर्णिमा तिथि तक चलेगा। राजधानी के करुणाधाम, बिड़ला मंदिर सहित अधिकांश प्रमुख मंदिरों में तुलसी विवाह के आयोजन किए जाएंगे। जिन पति-पत्नी को कन्या नहीं होती है, वे भी तुलसी विवाह करके कन्यादान का लाभ उठाते हैं।

### शुभ मुहूर्त और पारण का समय

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि कार्तिक माह की एकादशी तिथि की शुरुआत 1 नवंबर को सुबह 09 बजकर 11 मिनट पर होगी। जिसका समापन 2 नवंबर को सुबह 07 बजकर 31 मिनट पर होगा। ऐसे में 1 नवंबर को देवउठनी एकादशी व्रत किया जाएगा। देवउठनी एकादशी व्रत का पारण अगले दिन यानी द्वादशी तिथि पर किया जाता है। ऐसे में जो साधक व्रत रखने की सोच रहे हैं, वो शनिवार दिन व्रत का पालन करें और भगवान विष्णु की पूजा करें।

### इस साल विवाह के लिए सिर्फ 11 मुहूर्त

- *नवंबर : 21,22,23,24,25,29 व 30 नवंबर तक विवाह होंगे*
- *दिसंबर : 1,4,5,6 यानी चार दिन मुहूर्त रहेगा।*

### देव उठनी एकादशी के दिन अबूझ मुहूर्त रहेगा

*कार्तिक शुक्ल एकादशी यानी देवउठनी एकादशी मांगलिक कार्यों का सीजन शुरू होगा। इस दिन स्वयंसिद्ध अबूझ मुहूर्त होने से लंबे अंतराल के बाद फिर से शादी-ब्याह आदि मांगलिक कार्य शुरू होंगे।*

## खबर संक्षेप

### वोटर्स की मदद के लिए वार्ड दफ्तर में बनेंगी हेल्प डेस्क

**भोपाल।** चार नवंबर से गणना पत्रक बांटने का काम शुरु होने के साथ ही राजधानी के 85 वार्डों में हेल्प डेस्क बनाई जाएंगी। जहां पर दो काउंटर खोलकर ऑपरेटर बैठाए जाएंगे। इस हेल्प डेस्क पर वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट और पिता, दादा, ताऊ और चाचा के वोटर लिस्ट में नाम खोजने में मदद की जाएगी। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि चार नवंबर से गणना पत्रक बांटने का काम शुरु होगा। जिसके लिए सभी बीएलओ को ट्रेनिंग दी जा रही है। बीएलओ से कहा गया है कि वह वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में वर्तमान मतदाता और उनके ब्लड रिलेशन वाले लोगों के नाम पहले से सर्च कर लें।

### निगमकर्मी ने इच्छा मृत्यु के लिए दिया आवेदन

**भोपाल।** नगर निगम कर्मी सुनील कुमार जैन ने शुक्रवार को निगम आयुक्त कार्यालय में एक आवेदन देकर इच्छा मृत्यु की अनुमति देने की मांग की है। उन्होंने दिए आवेदन में कहा है कि हाईकोर्ट ने निगम को निर्देश दिए थे कि याचिकाकर्ता को तीन महीने में तृतीय श्रेणी पद पर नियमित वेतनमान का आदेश जारी करें, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। आवेदन में यह कहा गया है कि अगर 10 नवंबर तक आदेश जारी नहीं किया गया तो उसके बाद जो भी घटना होगी उसके जिम्मेदार अपर आयुक्त सामान्य प्रशासन विभाग और प्रभारी उपायुक्त सामान्य प्रशासन विभाग होंगे। उन्होंने आवेदन की प्रति प्रधानमंत्री कार्यालय, नई दिल्ली, राष्ट्रपति कार्यालय नई दिल्ली, आयुक्त भोपाल संभाग, भोपाल कलेक्टर और आयुक्त नगर निगम भोपाल को भी भेजी है।

### निगमायुक्त ने रिटायर हुए कर्मचारियों को दी विदाई

**भोपाल।** नगर निगम आयुक्त ने निगम की सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे पांच कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल, मिष्ठान आदि भेंटकर विदाई दी और उनके दीर्घ एवं सुखमय जीवन की कामना की। विदाई समारोह माता मंदिर, हर्षवर्धन काम्प्लेक्स स्थित निगम कार्यालय में आयोजित किया गया। निगम आयुक्त ने निश्रेलि मुरली रूपानी, सुपरवाइजर केएल श्रीवास्तव, ताराचंद, उप स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मुकेश खरे तथा सिपाही सुग्रीव को विदाई दी।

डायल 112 के कर्मचारियों को सिखाई तकनीक

## रेडक्रॉस ने दिया पुलिस आयुक्त कार्यालय में सीपीआर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय में निःशुल्क सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त नीतू ठाकुर एवं सहायक उपयुक्त राजेंद्र कुमार शर्मा रहे।

कार्यक्रम के तहत आपातकालीन सेवा 112 के रोगी वाहन चालकों और सहयोगी कर्मचारियों को सीपीआर की महत्वपूर्ण तकनीक सिखाई गई, जिससे वे हृदय गति रुकने जैसी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान कर सकें और लोगों की जान बचा सकें। प्रशिक्षण का संचालन डॉ. सुधीर शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर रेडक्रास के फर्स्ट एड कोर्डिनेटर राहुल कुमार चौबे एवं डॉ. सत्येन्द्र बघेल उपस्थित थे।



रेडक्रॉस में सीपीआर प्रशिक्षण

### समाज के लिए बेहद जरूरी हैं ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम

रेडक्रॉस राज्य शाखा के जनरल सेक्रेटरी रामेंद्र सिंह ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। इससे न केवल औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को बल्कि आमजन को भी सीपीआर जैसी जीवनरक्षक तकनीकों के प्रति जागरूक किया जा सकता है।

राज्यपाल ने दी विद्यार्थियों को बधाई

## भोपाल के आरजीपीवी को मिली नैक की ए++ ग्रेडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल को नेशनल असेंसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल (नैक) की "ए++ ग्रेडिंग" प्राप्त होने पर बधाई दी है। उन्होंने इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के प्रबंधन, संकाय और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य के शैक्षणिक गुणवत्ता के बेहतर प्रयासों का सुफल है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि नैक की ए++ ग्रेडिंग से विश्वविद्यालय की पहचान और अधिक मजबूत बनेगी। विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय शोध, प्लेसमेंट और उच्च अध्ययन के नए अवसर सृजित होंगे। विश्व के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ समन्वय, सहभागिता, शोध अनुदान आदि की स्थिति बेहतर होगी। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, कार्य कुशल प्रबंधन और नवाचार की उत्कृष्टता के प्रयासों को नई ऊर्जा और प्रोत्साहन मिलेगा।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में कर्मचारियों का किया सम्मान

**भोपाल।** शहर के भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एवं अनुसंधान केंद्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान कर पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर बीएमएचआरसी की निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने निगम अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी का सम्मान भी किया।

'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान का हुआ समापन

## 'कचरे से कला' प्रतियोगिता के विजेताओं को बीएमएचआरसी में किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीएमएचआरसी में 'स्वच्छता ही सेवा 2025' कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे विशेष अभियान 5.0 का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम के इस अवसर पर मुख्य अतिथि किशन सूर्यवंशी और बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने स्वच्छता मित्रों को सम्मानित कर 'कचरे से कला' प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

किशन सूर्यवंशी ने कहा कि स्वच्छता की परिकल्पना स्वच्छता मित्रों के बिना अधूरी है। कोविड-19 जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने जीवन की परवाह किए बिना सफाई कार्य को निरंतर जारी रखा। आज ये स्वच्छता मित्र समाज के सच्चे स्वच्छता दूत बन चुके हैं। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान की विशेषता यह रही कि पितृ पक्ष के अवसर पर बीएमएचआरसी की स्वच्छता टीम ने 21 सितंबर को छोला विश्राम घाट पर सफाई अभियान चलाकर सभी पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जो सार्वजनिक योगदान के माध्यम से सच्ची श्रद्धांजलि का प्रतीक है।



बीएमएचआरसी में सम्मान समारोह

### स्वच्छता मित्रों को प्रदान किए हेल्थ किट

*डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य कार्यालय एवं परिसर की स्वच्छता बनाए रखना, स्थान प्रबंधन एवं सौंदर्यीकरण को प्रोत्साहित करना, पर्यावरण संरक्षण पर बल देना और स्वच्छता के क्षेत्र में नवाचार अपनाना रहा। स्वच्छता मित्र बीएमएचआरसी की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं, जिनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए और हेल्थ किट भी प्रदान किए गए।*



## जैकेट का शेष...

### मप्र में निवेश, नवाचार ...

गर्व की बात है कि भारत का हृदय मध्यप्रदेश वन, जल, अन्न, खनिज, शिल्प, कला, संस्कृति, उत्सव और परंपराओं से समृद्ध है। हमें मां नर्मदा, चंबल, पार्वती, शिप्रा नदियों का सान्निध्य और बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त है। यह भगवान परशुराम की जन्मस्थली, भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षास्थली और आदि शंकराचार्य जी की तपोस्थली है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने चित्रकूट में लंबा समय व्यतीत किया है।

### औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में...

माध्यम से युवाओं को उद्योग-आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रोजगार मेले, अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम और डिजिटल स्किल सर्टिफिकेशन जैसे प्रयास युवाओं को रोजगार से जोड़ रहे हैं। रोजगार सृजन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कृषि क्षेत्र को नवाचार के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक नई क्रांति का सूत्रपात हुआ है। प्रदेश सरकार ने ड्रोन आधारित फसल निरीक्षण, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली और कृषि उत्पाद मूल्य संवर्धन पर विशेष फोकस किया है। प्रदेशवासियों को मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस की मंगलकामनाएं।

### कश्मीर के मसले को...

में निर्मित स्टैच्यू ऑफ यूनिट विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है। यह केवल एक प्रतिमा नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और सम्मान का प्रतीक है। हर भारतीय जब वहां जाता है, तो गर्व से भर उठता है। सीएम ने इस मौके पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर देश भक्तिपूर्ण गीतों की धुनें प्रस्तुत की गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि सच्चा नेतृत्व, स्पष्ट वक्तव्य, निर्णायक कार्यों, स्थिर बुद्धि, लौह संकल्प और शक्तिशाली निर्णयों से पहचाना जाता है।

### बारडोली आंदोलन के...

के रूप में भारत की एकजुटता को बनाए रखने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य से भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं के संचालन के लिए केंद्रीय सेवाओं का गठन किया।

### भड़के सांसद गणेश...

झटके से बीच में रुक गई। सांसद कुछ देर हवा में ही अटके रहे। मशीन हिली तो असंतुलन की स्थिति बन गई। इसी बीच सांसद ने ऑपरेटर गणेश कुशवाहा को अपने पास बुलाया। उसका हाथ खींचते हुए नाराजगी जताई। फिर थप्पड़ मार दिया। गणेश कुशवाहा नगर निगम की विद्युत शाखा में मस्टर कर्मचारी है। किसी ने मोबाइल से पूरी घटना का वीडियो बना लिया।

### एक महिला की...

अपनी आगे की यात्रा के लिए रवाना हुए। घायलों में से 15 को इलाज के लिए बड़वानी जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि बाकी का खेतिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। बड़वानी के पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर ने बताया कि घटनास्थल के पास एक गहरी खाई थी और अगर बस उसमें गिर जाती तो हादसा और भी भयावह हो सकता था।

**रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को निकाला:** घायलों को तुरंत खेतिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हादसे में सुगन बाई बद्री (62) की मौत हो गई। वह धार जिले के जामदा की निवासी थी। वहीं गंभीर हालत में दो यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने मिलकर राहत और बचाव अभियान चलाया। घायलों को तुरंत खेतिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने जिला अस्पताल रेफर किया गया। पलटी बस से फंसे यात्रियों को निकालने के लिए जेसीबी मशीन का भी इस्तेमाल किया गया। पानसेमल विधायक श्याम बर्डे ने भी मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों का जायजा लिया। फंसे हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए दो क्रेन बुलाई गई और बस को सीधा किया।

### एक करोड़ नौकरियां...

भी मौजूद रहे। एनडीए की ओर से जारी संकल्प पत्र में विकसित बिहार की कल्पना की गई है। इसके लिए 25 प्रमुख संकल्प तय किए गए हैं।

### कैलाश मकवाना अब...

सकते हैं कि डीजीपी मकवाना अब 1 दिसंबर 2026 को 2 साल की डीजीपी सेवा अवधि पूरी करने के बाद ही रिटायर होंगे।

### थल सेना प्रमुख द्विवेदी...

थे। भारत के सैन्य इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि सेना और नौसेना प्रमुख एक ही राज्य, स्कूल और बैच से हैं। वास्तव में वे कक्षा में एक ही बेंच पर बैठते थे। गौर हो कि सैनिक स्कूल, रीवा में 25 से 31 अक्टूबर 2025 तक अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में देशभर के 36 सैनिक स्कूलों के 460 चयनित छात्र विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में थल सेना अध्यक्ष और नौसेना अध्यक्ष शामिल होने शुक्रवार को रीवा पहुंचे थे। उन्होंने प्रतिभावान खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### संघ प्रमुख ने कहा...

प्रशासन द्वारा जनजातियों पर किए जा रहे अत्याचारों से त्रस्त होकर उनके पिता उलीहातु से बंबा जाकर बस गए। लगभग 10 वर्ष की आयु में उन्हें चाईबासा मिशनरी स्कूल में प्रवेश मिला। मिशनरी स्कूलों में जनजाति छात्रों को उनकी धार्मिक परंपराओं से दूर कर ईसाई मत में मतांतरित करने के षड्यंत्र का उन्हें अनुभव आया। मतांतरण से न केवल व्यक्ति की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक चेतना अवरुद्ध होती है बल्कि धीरे-धीरे समाज की अस्मिता भी नष्ट हो जाती है। डॉ. भागवत ने कहा कि केवल 15 वर्ष की आयु में ईसाई मिशनरियों के षडयंत्रों को समझते हुए उन्होंने समाज जागरण के द्वारा अपनी धार्मिक अस्मिता और परंपराओं की रक्षा के लिए संघर्ष प्रारंभ कर दिया। मात्र 25 वर्ष की आयु में भगवान बिरसा ने उनके समाज में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की लहर पैदा कर दी जो स्वयं विकट परिस्थितियों से ग्रस्त था। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन का संदेश आज भी प्रासंगिक है।

### जनजाति समुदाय...

बिरसा पर मुंडा की धार्मिक और साहसिक पराक्रम की गाथाएं अनेकानेक भ्रांतियों को दूर करते हुए समाज में स्वबोध, आत्मविश्वास और एकात्मता को दृढ़ करने में सदैव सहायक सिद्ध होगी।

### सिर झुकाने के स्थान पर...

एवं आस्थाओं को नष्ट करने हेतु बलपूर्वक मतांतरण किया जा रहा था। उसी कालखंड में कश्मीर घाटी से समाज के प्रमुख जन एकत्र होकर पं. कृपाराम दत्त के नेतृत्व में श्री गुरुतेगबहादुर जी के पास मार्गदर्शन हेतु आए। धर्मांध कट्टरपंथी शासन ने उन्हें गिरफ्तार कर मुसलमान बनो या मृत्युदंड स्वीकार करने को कहा। गुरु तेगबहादुरजी ने अत्याचारी शासन के सामने सिर झुकाने के स्थान पर आत्मोत्सर्ग का मार्ग स्वीकार किया।

### एक साथ तीन...

का तापमान 23 डिग्री से नीचे आ गया है, जिससे ठंड का असर बढ़ गया है। शनिवार को राजगढ़, बुरहानपुर, खरगौन, इंदौर, उज्जैन, आगर मालवा, मंदसौर, नीमच, गुना, मुरैना, सिंगरौली, श्योपुर, सीधी रीवा, मऊगंज, अनूपपुर और शहडोल में गरज-चमक के साथ पानी गिरने की संभावना जताई गई है। इन शहरों में दिन और रात का पारा तेजी से नीचे आ रहा है। भोपाल में भी दिन में ठंड का असर रहा।

### जमीन की फाइलें...

तहसीलदार ने फरियादी को अपने केबिन में बुलाया था और वहां पर जैसे ही रिश्वत के 15 हजार रुपए लिए तो ईओडब्ल्यू की टीम ने उन्हें रंगेहाथों धर दबोचा।

### एक मजदूर की मौत...

गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और बाद में शव को लेकर फैक्ट्री के बाहर जमा हो गए। मजदूर की मौत के बाद परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन से 30 लाख रुपए मुआवजे की मांग की। देर रात चली बातचीत के बाद 5 लाख रुपए मुआवजे पर सहमति बनी, जिसके बाद परिजन शांत हुए।

### पूर्व कप्तान अजहरुद्दीन...

सदस्य नामित किया गया था, हालांकि राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने अभी इस पर अंतिम स्वीकृति नहीं दी है।

### मप्र समेत 11 राज्यों...

से सलामी ली और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को दिखाने के उनके प्रयासों की तारीफ की। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास एकता नगर में हुई यह परेड सरदार पटेल की स्थायी विरासत को दिखाती है, जिन्होंने 562 रियासतों को मिलाकर एक एकीकृत भारत बनाया था।

### दुनिया के पहले...

कहना है कि एक सस्ते श्वास परीक्षण से हर साल हजारों लोगों की जान बचाई जा सकती है। ये टेस्ट ट्यूमर द्वारा निर्मित अणुओं का पता लगाने में मदद करता है। इंग्लैंड, वेल्स और स्कॉटलैंड में 40 केंद्रों पर 6,000 मरीजों पर इसका परीक्षण किया जाना है। अब तक 700 से अधिक मरीजों पर दो साल तक चले एक अध्ययन में इसका परीक्षण किया गया है जिसके परिणाम आशाजनक रहे थे।

### एनडीए की जीत...

है, जो पीएम मोदी के नेतृत्व में नीतीश कुमार की सरकार ने किया है। उन्होंने 55 सालों का बिहार का पिछड़ापन महज 20 सालों में खत्म कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र और बिहार का रिश्ता ऐतिहासिक है। सम्राट अशोक के काल में दो महाजनपद हुआ करते थे, उनमें से एक उज्जैन है। सम्राट अशोक ने 10 वर्षों तक युवराज के रूप में उज्जैन में राजकाज का अनुभव लिया।

---

**:: जाहिर सूचना ::**
**(भूखंड क्षेत्रफल-550 वर्गफिट, स्थित "हरी नगर", ग्राम-नीलबड़, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल म.प्र. के संबंध में)**

मैं, अपने पक्षकार के निर्देशानुसार व प्रदत्त दस्तावेजानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने भूखंड स्वामी-श्री मुकेश राठौर आत्मज श्री बाबूलालजी राठौर, पूर्व निवासी-मकान नम्बर-378, रोशनपुरा, ग्वाल मोहल्ला, भोपाल म.प्र., वर्तमान निवासी-नरसिंहगढ़ रोड, गल्ला मण्डी, सीहोर म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखंड क्षेत्रफल-550 वर्गफिट, जो भूखाण्ड क्रमांक-7 एवं 8, कुल क्षेत्रफल-3000 वर्गफिट का भाग है, उक्त भाग वर्तमान राजस्व अभिलेखानुसार खसरा नम्बर-476/1(s), 489, 564/475, 565/477, 566/490, 567/489, रकबा-2.9530 हेक्टेयर का अंश भाग होकर "हरी नगर", ग्राम-नीलबड़, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में नगर निगम वार्ड नम्बर-26 के अंदर स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाए निम्नानुसार है-दिशा पूरब में: अन्य का भूखंड क्रमांक-08 का शेष भाग, दिशा पश्चिम में:अन्य का भूखंड क्रमांक-07 का शेष भाग, दिशा उत्तर में: रोड, दिशा दक्षिण में: अन्य प्लाट, जिसे मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त वर्णित भूखंड क्षेत्रफल-550 वर्गफिट को क्रय करने हेतु भूखंड स्वामी को ब्याना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध-पत्र का निष्पादन करा लिया है और पेपर विज्ञप्ति एवं सर्च की सहमति प्राप्त कर ली है। उक्त भूखाड के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाउसिंग फायनेंस संस्था, वित्तीय संस्थान, फर्म, शासकीय व गैर शासकीय, कार्यालयों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त वर्णित भूखंड कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, गिरवी, वसीयत, हिबा, मेहर, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय प्रमाणित दस्तावेज सहित उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, उक्त समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी एवं मान्य नहीं होगी, तत्पश्चात् मेरा पक्षकार सम्पूर्ण तयशुदा विक्रय प्रतिफल राशि भूखंड स्वामी को अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

भवदीय-
**एस.के.सक्सेना** एडव्होकेट
कार्या.-शारदा लॉ चेम्बर, पुरानी विधान सभा के सामने, भोपाल मो.-9300815799
गरीब, असहाय लोगों को कानूनी सलाह फ्री

---

**न्यायालय तहसीलदार, वृत्त-3, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 4451/अ-6/2025-26
मौजा- फन्दा कलां तहसील हुजूर, भोपाल

**// उद्‌घोषणा पत्र //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेणुका कानूनगो / विजय कुमार कानूनगो पुत्री स्व. श्री सुखदेव रावजी चौरे 02 अरूण चौरे पुत्र स्व. श्री सुखदेव रावजी चौरे 03 अशोक चौरे पुत्र स्व. श्री सुखदेव रावजी चौरे 04 अलका मोयदे पत्नी सतीश मोयदे पुत्री स्व. श्री सुखदेव रावजी चौरे निवासी ग्राम फन्दा कलां तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम फन्दा कलां प.ह.न. 63 स्थित भूमि खसरा क्रमांक 894 एंव रकबा 0.283 हे. में से 0.1932 एकड़ भूमि जो राजस्व अभिलेखों में मैसर्स मानसरोवर रियल इस्टेट भोपाल संजय कश्यप पुत्र राजेन्द्र कश्यप पता फन्दा कलॉ हुजूर भोपाल के नाम अभिलेखों में दर्ज है। क्रय भूमि स्व. श्री सुखदेवराव चौरे पुत्र स्व. श्री राजाभाउजी चौरे के द्वारा क्रय की गई थी। जिस आधार पर फौतीनामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 20/11/2025 नियत है। उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 29/10/2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील हुजूर, भोपाल**

---

**In The Court Of V Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal**

Presiding Officer : श्रीमती मेघा अग्रवाल
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000189/2025)
करन सिंह .................... आवेदक
Vs
शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा ........अनावेदक
Process Id- /2025
पेशी दिनांक :- 22/11/2025
प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण पता - सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक करन सिंह पता ने मृतक आ.स्व. श्री राजू / हुकुमबाई निवासी भदभदा डोव तह. हुजूर जिला भोपाल की. राशि / संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 22 November 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 22 November 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 11 October 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश,** श्रीमती मेघा अग्रवाल
पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ट खंड भोपाल (म.प्र.)

---

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती शहनाज मंसूर पत्नि श्री मंसूर अजीज खान, निवासी-120. जवाबित लाइन सारा गैस एजेन्सी के सामने बरखेडी तह. हुजूर जिला भोपाल (आधार न. 7361 3682 0559) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की एक किता भूमि खसरा नं. 311/3 (5) कुल रकबा 1.4160 हेक्टेयर में से 1.00 एकड़ जो कि स्थित ग्राम खामखेड़ा पटवारी हल्का खामखेड़ा तह. हजूर जिला भोपाल मे स्थित है। (जो कि विक्रेता के मालिकाना हक व अधिकार में चला आ रहा है) को क्रय करने का अनुबंध कर विक्रेता को बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त विक्रय संव्यवहार अथवा उक्त भूमि या उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, या सोसायटी को कोई भी आपत्ति हित हो अथवा कोई ऋण, भार, दान, बंधक अनुबंध हो तो वह सूचना प्रकाशन से पंद्रह (15) दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजो के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। समय अवधि समाप्त होने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी। और मेरा पक्षकार उक्त भूमि का पंजियन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष मे कराने हेतु स्वतन्त्र होगा।

भवदीय **ब्रजेन्द्र शुक्ला** (एडवोकेट)
कार्या.-38, ओम लॉ एसोसिएट, पुरानी विधान सभा के सामने, भोपाल
मो. 9993806073

---

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना तलैया नगरीय पुलिस भोपाल**

क्रमांक/था.प्र./तलैया/भो/डी- 689/2025 दिनांक-30.10.2025

**जाहिर सूचना**



सर्व साधाराण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख कर निवेदन है कि दिनांक 04.10.2025 को सूचक मोहम्मद वसीम पिता नूर मोहम्मद उम्र 37 साल नि. रैनबसेरा थाना तलैया भोपाल स्थाई पता राजपुर थाना राजपुर कानपुर देहात उत्तरप्रदेश कि सूचना पर थाना तलैया भोपाल मे मर्ग क्र 37/2025 धारा 194 बीएनएसएस का पंजीबध्द कर जाँच मे लिया गया। मृतक रामकिशन पिता कुवरलाल उम्र 26 साल निवासी ग्राम पान उमरिया जिला कटनी हाल रेलवे स्टेशन बजरिया भोपाल के परिजनो की तलाश हेतु हर संभव प्रयास किये जा रहे है। मृतक की जेब की तलाशी ली मृतक की जेब से शाकिर अली खान चिकित्सालय (गैस राहत) भोपाल का पर्चा मिला जिस पर रोगी का नाम (मृतक का नाम) रामकिशन पिता कुवरलाल उम्र 26 वर्ष नि. रेलवे स्टेशन भोपाल का होना लेख है। संभवतः उस व्यक्ति की मृत्यु किसी अज्ञात बीमारी के कारण हुई है जिसके परिजनो की तलाश पतारसी के हरसंभव प्रयास किये गये जो कोई जानकारी नही मिली जिस व्यक्ति को जानकारी हो थाना तलैया भोपाल उपस्थित आकर जानकारी देवे अथवा दुरभाष क्रमांक 9479990553 एवं जाँचकर्ता सउनि दुलीचंद मो.न. 7828304129 पर तत्काल संपर्क करे। थाना तलैया दूरभाष क्रमांक-9479990553, जाँचकर्ता सउनि दुलीचंद - 7828304129

थाना प्रभारी
थाना तलैया भोपाल

G-20770/25 "स्वच्छता ही सेवा"

---

**कार्यालय नगर निगम, भोपाल**
**जोन क्रमांक-21, (डॉ. भीमराव अम्बेडकर) सहयाद्रि परिसर के पास, भदभदा**

// सार्वजनिक सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर निगम भोपाल के स्वामित्व की दुकान के नामांतरण हेतु जोनल क... के समक्ष में आवेदनकर्ता द्वारा उनके नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. | दुकान क्रं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी का नाम | वर्तमान में स्थल पर काबिज का नाम | अ... |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र. 3/12 न्यू मार्केट, टी.टी. नगर | श्री वैदिक सिंहल आत्मज स्व. श्री दिलीप कुमार सिंहल | श्री दिलीप सिंहल आत्मज स्व. श्री अशोक कुमार सिंहल | श्री वैदिक सिंहल आत्मज स्व. श्री दिलीप कुमार सिंहल | आवेदन प... मृत्यु प्रम... वसीयत ना... |

उक्त दुकान से संबंधित राजस्व अभिलेखों में उपरोक्तानुसार खातों में नाम परिवर्तन करने में किसी व्यक्ति को ... आपत्ति है तो वह 15 दिवस के अंदर नगर निगम भोपाल के जोनल कार्यालय क्र. 21 डॉ. भीमराव अम्बेडकर, सह... पास, भदभदा रोड को लिखित सूचित कर सकता है। निर्धारित समयावधि 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्राप्त नहीं ... निगम भोपाल नाम परिवर्तन करने के लिये सक्षम होगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जोन...
ज...
नगर...

सू.क्र. 2613/025/026

---

**DIRECTORATE OF SPORTS & YOUTH WELFARE**
Government of Madhya Pradesh
Tatya Tope Stadium, T.T. Nagar, Bhopal
Madhya Pradesh 462003, Tel. : 0755-2773012, 2778151
Website : www.dsywmp.gov.in

**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**

1. The Director, Directorate of Sports & Youth Welfare, Government of Madhya Pradesh invites bids on electronic mode for "Engagement of Event Management Agency for State Coordination, Accommodation Services and ACT Management for Khelo MP Youth Games, 2025".
2. The bids will be received though electronic tendering mode only. The details regarding participation in the e-tendering process can be obtained on **www.mptenders.gov.in.** If any queries regarding participation through e-tender process interested bidder may contact on **Toll Free No. 18002588684.**
3. The corrigendum and addendum issued (if any) related to this bid will be published on e-tendering portal only.

M.P. Madhyam/122795/2025 DIRECTOR


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक


Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473
GUPTA DECOR & FURNISHING
Kurl-on | Sleepwell | Springwel | bonds | Foam & Mattress
Product Range Available
Sofa Cloth | Curtains | Wallpapers | Blinds
Pu Foam | Mattress | Carpets | Bed Sheet
WPC Doors | Door | Louvers | Glass Work
Wall Art | Wooden Flooring | Aluminium Work
Festive Offers Get Upto 20%* Off on All Product Range
CONTACT US 90009303994 | 8226043994 | 9981047959 | 9074270227
Shop No.222, Behind Sargam Talkies, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
SUNDAY OPEN


**CHANGE OF NAME**

I Marim Sheik D/o Shaned Sheikh R/o E 3/4A Arera Colony Bhopal Near Bhopal Fracture Hospital Bhopal MP - 462016 Declared that My Previous Aadhaar Card name is Mariyam Chaudhary D/o Shahid. At Prasant My new name is Marim Sheik D/o Shaned Sheikh.


हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473




नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910


## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन:** मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


## शब्द पहेली - 6034



**बाएँ से दाए-**
1. पद्माकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -6033 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6044

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6043 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## खबर संक्षेप

### एसीसी का लाभ पांच गुना बढ़कर 1,119 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। सीमेंट कंपनी एसीसी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ मजबूत बिक्री के दम पर पांच गुना से अधिक बढ़कर 1,119.26 करोड़ रुपये हो गया। सितंबर तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की जानकारी दी। पिछले वर्ष की समान तिमाही में 199.7 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### गेल का दूसरी तिमाही लाभ 18 प्रतिशत घटा



नई दिल्ली। सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत घट गया। गिरावट पेट्रोकेमिकल मार्जिन में दबाव के कारण आई है। सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 2,823.19 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,453.12 करोड़ रुपये था।

### वेदांता के शुद्ध लाभ में 38 फीसदी की गिरावट



नई दिल्ली। खनन एवं खनिज कारोबार से जुड़ी कंपनी वेदांता लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 37.9 प्रतिशत घटकर 3,479 करोड़ रुपये रह गया। वेदांता लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,603 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### आईएचसी ने हिस्सेदारी खरीदने अनुमति मांगी



नई दिल्ली। अबू धाबी स्थित इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी (आईएचसी) ने सम्मान कैपिटल में 43.46 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई से अनुमति मांगी है। आईएचसी एक अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 8,850 करोड़ रुपये) में उक्त 43 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी।

### रुपया गिरावट से उबरकर 88.69 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले दिनभर गिरावट में रहने के बाद 88.69 प्रति डॉलर पर स्थिर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी और अमेरिकी डॉलर में मजबूती इसकी मुख्य वजह रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.60 प्रति डॉलर पर खुला। 88.59 प्रति डॉलर के उच्च और 88.78 प्रति डॉलर के निम्न स्तर को छुआ।

### धानुका एग्रीटेक के मुनाफे में 20 फीसदी की गिरावट



नई दिल्ली। कृषि-रसायन क्षेत्र से जुड़ी धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत घटकर 93.96 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 117.51 करोड़ रुपये रहा था। धानुका एग्रीटेक ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि सितंबर तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर नौ प्रतिशत घटकर 604.56 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 665.07 करोड़ रुपये थी।

---


54 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक के साथ 1424 विद्यार्थियों को डिग्रियां देंगी राष्ट्रपति

# पतंजलि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 2 को, मुख्य अतिथि होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## कुलाधिपति स्वामी रामदेव तथा कुलपति आचार्य बालकृष्ण देंगे छात्रों को मार्गदर्शन

एजेंसी ▶▶| हरिद्वार







पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार एक बार फिर ज्ञान, संस्कृति और साधना के संगम का साक्षी बनने जा रहा है। विश्वविद्यालय अपने द्वितीय दीक्षांत समारोह की भव्य तैयारियों में जुटा हुआ है, जो आगामी 2 नवंबर को विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में प्रातः 10:30 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी और विद्यार्थियों को प्रेरणादायी दीक्षांत संबोधन देंगी। समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव तथा पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### 62 शोधार्थियों को मिलेगी पीएचडी

*इस समारोह में 54 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, साथ ही 62 शोधार्थियों को पीएचडी, 3 विद्वानों को डीलिट की उपाधि तथा 744 स्नातक एवं 615 परास्नातक विद्यार्थियों सहित कुल 1424 विद्यार्थियों को डिग्रियाँ प्रदान की जाएंगी।*

### प्रेरणादायी मील का पत्थर साबित होगा दीक्षांत समारोह

*यह दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों के लिए गर्व और उपलब्धि का क्षण होगा, बल्कि पतंजलि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक यात्रा का एक स्वर्णिम अध्याय भी सिद्ध होगा। ज्ञान, योग और भारतीय संस्कृति के आदर्शों पर आधारित पतंजलि विश्वविद्यालय अपनी अकादमिक उत्कृष्टता और वैदिक परंपरा के समन्वय के लिए निरंतर अग्रसर है। द्वितीय दीक्षांत समारोह इसी दिशा में एक और प्रेरणादायी मील का पत्थर साबित होगा।*

---

लेखा महानियंत्रक ने जारी किया आंकड़ा

# केंद्र का राजकोषीय घाटा पहली छमाही में वार्षिक लक्ष्य का 36.5 प्रतिशत रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- पहली छमाही में राजकोषीय घाटा 29 प्रतिशत रहा
- केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 5,73,123 करोड़ रुपए रहा

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के अंत में केंद्र का राजकोषीय घाटा समूचे वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 36.5 प्रतिशत रहा। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में राजकोषीय घाटा 2024-25 के बजट अनुमान का 29 प्रतिशत था। राजकोषीय घाटा सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर होता है। मौजूदा कीमतों पर 2025-26 की अप्रैल-सितंबर अवधि में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 5,73,123 करोड़ रुपये रहा। केंद्र का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा।




*5.78 लाख करोड़ ब्याज भुगतान के लिए थे : कुल राजस्व व्यय में 5.78 लाख करोड़ रुपये ब्याज भुगतान और 2.02 लाख करोड़ रुपये सब्सिडी के लिए थे। पूंजीगत व्यय में 40 प्रतिशत की वृद्धि ने पहली छमाही के दौरान भारत सरकार के राजकोषीय घाटे को 5.7 लाख करोड़ रुपये (बजट अनुमान का लगभग 37 प्रतिशत) तक बढ़ा दिया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 4.7 लाख करोड़ रुपये था।*

### राज्य सरकारों को 6.31 लाख करोड़ दिए

सीजीए के आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान केंद्र सरकार ने करों के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 6.31 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 86,948 करोड़ रुपये अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में केंद्र सरकार ने कुल 23 लाख करोड़ रुपये (बजट अनुमान 2025-26 का 45.5 प्रतिशत) खर्च किए। कुल व्यय में 17.22 लाख करोड़ रुपये राजस्व खाते में और 5.8 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत खाते में थे।

### सितंबर 2025 तक 16.95 लाख करोड़ की प्राप्तियां हुई

सीजीए के आंकड़ों के मुताबिक, सरकार को सितंबर 2025 तक 16.95 लाख करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियां हुईं जो 2025-26 के बजट में अनुमानित कुल प्राप्तियों का 49.6 प्रतिशत है। इसमें 12.29 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व (केंद्र को शुद्ध), 4.6 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 34,770 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

### व्यवसाय तीन साल से लंबित है तो जीएसटी रिटर्न नहीं भर पाएंगे

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने शुक्रवार को कहा कि व्यवसाय नवंबर कर अवधि से तीन साल या उससे अधिक समय के लिए देय जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर पाएंगे। जीएसटीएन (जो प्रौद्योगिकी क्षेत्र की रीढ़ है) ने एक परामर्श में कहा कि सभी जीएसटी-पंजीकृत व्यवसायों के लिए मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक रिटर्न नियत तिथि से तीन साल की समाप्ति के बाद दाखिल करने पर रोक लगा दी जाएगी।

### मंच पर नवंबर 2025 कर अवधि से लागू किया जाएगा

जीएसटीएन ने कहा, " यह प्रतिबंध जीएसटी मंच पर नवंबर 2025 कर अवधि से लागू किया जाएगा, जिसका मतलब है कि कोई भी रिटर्न जिसकी देय तिथि तीन साल या उससे अधिक पहले थी और नवंबर कर अवधि तक दाखिल नहीं किया गया है, उसे दाखिल करने से रोक दिया जाएगा।" सरकार ने 2023 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून में संशोधन कर जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा तय कर दी थी।

### एक दिसंबर 2025 से प्रभावी

जीएसटीएन के 29 अक्टूबर को जारी परामर्श में कहा गया कि एक दिसंबर 2025 से प्रभावी, अक्टूबर 2022 को देय मासिक जीएसटी रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 और जीएसटीआर-3बी और वित्त वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक जीएसटी रिटर्न जीएसटीआर-9 समय-बाधित हो जाएंगे।

---

# मारुति सुजुकी का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- चालू वित्त वर्ष में एकीकृत लाभ बढ़कर 3,349 करोड़ रुपए हुआ
- जुलाई-सितंबर तिमाही में परिचालन आय 42,344 .2 करोड़ रुपए रही

देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत बढ़कर 3,349 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी को पिछले वर्ष की समान तिमाही में 3,102.5 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसकी परिचालन आय 42,344.2 करोड़ रुपये रही जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 37,449.2 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 39,018.4 करोड़ रुपये हो गया जबकि साल भर पहले यह 33,879.1 करोड़ रुपये था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की सितंबर तिमाही में उसकी घरेलू थोक बिक्री 5.1 प्रतिशत घटकर 4,40,387 इकाई रह गई। इसकी वजह यह है कि ग्राहकों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती लागू होने से पहले अपनी खरीदारी टाल दी थी। हालांकि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का निर्यात 42.2 प्रतिशत बढ़कर 1,10,487 इकाई हो गया जो अब तक किसी भी तिमाही का सर्वाधिक आंकड़ा है।


### निर्यात में 39.9 फीसदी की मजबूत वृद्धि रही

इसमें 8,71,276 इकाइयों की घरेलू बिक्री और 2,07,459 इकाइयों का अब तक का सर्वाधिक छमाही निर्यात शामिल है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में बिक्री मात्रा के लिहाज से सालाना आधार पर 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसकी मुख्य वजह निर्यात में 39.9 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि रही।

---

# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 466 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- निजी बैंकों के शेयरों में रही बिकवाली
- वैश्विक बाजारों में भी सीमित खरीदारी रही

निजी बैंकों के शेयरों में बिकवाली और वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच शुक्रवार को स्थानीय बाजार लगातार दूसरे दिन नुकसान में रहे। सेंसेक्स लगभग 466 अंक गिर गया जबकि निफ्टी में 156 अंकों की गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 465.75 अंक टूटकर 83,938.71 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 498.8 अंक गिरकर 83,905.66 तक आ गया था। इसके 25 शेयरों में गिरावट और पांच शेयरों में तेजी रही। निफ्टी 155.75 अंक गिरकर 25,722.10 पर आ गया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों पर स्पष्टता की कमी ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।


### फोर्ड चेन्नई संयंत्र पर 3,250 करोड़ रुपए करेगी निवेश

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी वाहन विनिर्माता फोर्ड मोटर कंपनी का नई पीढ़ी के इंजन के उत्पादन के लिए तमिलनाडु को चुनना राज्य की औद्योगिक क्षमता और वैश्विक विनिर्माण आपूर्ति श्रृंखला में इसकी अपरिहार्य स्थिति का एक और प्रमाण है। इससे पहले, फोर्ड मोटर कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में तमिलनाडु सरकार के साथ दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर हुआ कम

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 6.92 अरब डॉलर घटकर 695.35 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.49 बढ़कर 702.28 अरब डॉलर हो गया था। आरबीआई के मुताबिक, 24 अक्टूबर को विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.86 घटकर 566.54 अरब डॉलर रह गईं।

# सोना 2,200 रुपए प्रति 10 ग्राम तेज, चांदी में आई नरमी



नई दिल्ली। सोने के दाम शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में 2,200 रुपये की तेज बढ़त के साथ 1,25,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि सोने के दाम में यह तेजी थोक खरीदारों और आभूषण विक्रेताओं की नई खरीद के कारण आई है। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,23,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,200 बढ़कर 1,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जो पिछले कारोबारी सत्र में 1,22,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सुमिल गांधी ने कहा, "सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सोने में तेजी आई, जिसका प्रमुख कारण डॉलर के मुकाबले रुपये में आई कमजोरी रही।" इस बीच, चांदी के भाव 2,000 रुपये घटकर 1,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गए।


**नाम परिवर्तन जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड क्र. 6641 8426 6299 में त्रुटीवश मेरा नाम गुड़िया सेन (GUDIYA SEN) पुत्री हरिनारायण सेन नाम अंकित हो गया है एवं मेरे अंक सूची, जन्म प्रमाण पत्र समग्र आई.डी. बैंक पास बुक मे राधा सेन (RADHA SEN) पुत्री हरिनारायण सेन नाम अंकित है। अतः प्रकाशन उपरांत मेरा नाम राधा सेन (RADHA SEN) पुत्री हरिनारायण सेन के नाम से जाना व पहचाना जावे। सर्वसाधारण को सूचित होवे।

भवदीय, राधा सेन पुत्री हरिनारायण सेन आयु वयस्क निवासी ग्राम अरन्या तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ मप्र पिन 465674



Accredited by NAAC With "B" Grade — Phone & Fax: 07592-234553 E-mail: heggcvid@mp.gov.in

**कार्यालय प्राचार्य, राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या( अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक / /25 — विदिशा दिनांक 31/10/2025

// निविदा प्रकाशन //

रूसा- 02 परियोजना अंतर्गत (कम्पोनेंट 06) के तहत राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा के लिये शासन के एम.पी. टेंडर पोर्टल के माध्यम से ड्ब्ल डेस्क फर्नीचर सामग्री क्रय की जाना है। जिसकी खुली निविदाएँ एम.पी. टेंडर पोर्टल पर निविदा क्रमांक 2025_HED_459484_1 एम.पी. टेंडर पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। जिसकी निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22.11.2025 है। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाएँ एम.पी. टेंडर पोर्टल पर जमा कर भाग ले सकते हैं। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।

प्र. प्राचार्य
रा.वि.सि. शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)



**कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र**
**कलेक्टर कार्यालय प्रथम तल हरदा**

Email: zskharmp@nic.in

ज्ञाप क्र./ 1740/स.शि.अ./ लेखा/पुस्तक परिवहन /2025
हरदा दिनांक :- 29/10/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

जिला शिक्षा केन्द्र हरदा अन्तर्गत सत्र 2026-27 के लिय निःशुल्क पाठ्य पुस्तक योजना अन्तर्गत कक्षा 01 से कक्षा 08 तक पाठ्यपुस्तकों एवं अन्य अध्ययन सामग्री का परिवहन विकासखंड मुख्यालय से शाला स्तर पर करने हेतु (ट्रक, पिकअप, आयशर, टाटा 407) के लिये mptenders.gov.in पर ई-निविदा क्रमांक 1711/2026-27 आमंत्रित की गई है। जिसकी अंतिम तिथि 12.11.2025 तक ई-निविदा के माध्यम से जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र हरदा को प्रस्तुत किये जा सकते है। निविदा संबंधी विस्तृत शर्तें एवं नियम वेबसाइड https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते है किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में इसी वेबसाईट पर पुनःअपलोड किया जावेगा।

G-20768/25 — " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र हरदा



**सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया Central Bank of India**
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल
गुलमोहर शाखा, भोपाल

**आधिपत्य सूचना (चल/अचल संपत्ति)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (एक्ट 54 का 2002) अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।
ऋणी द्वारा पूर्ण राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी, जमानतदार एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है।
ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा।
ऋणकर्ता जमानतदार / संपत्ति स्वामी का ध्यान आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधान के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम | चल एवं अचल बंधक संपत्ति का विवरण / चौहद्दी /संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक | मांग सूचना के अनुसार देय राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **श्रीमती सीमा ठाकुर पत्नि श्री देवेन्द्र ठाकुर** | फ्लैट न. 128, सुरेन्द्र पैलेस, उपक्षेत्र वैष्णव होशंगाबाद रोड, सुरेन्द्र पैलैस, नारायण नगर, अरेरा कालोनी, 30 मीटर फूड पिटारा के पास, जिला- भोपाल (म.प्र.) 402026 क्षेत्रफल 557.00 वर्गफीट संपत्ति मालिकः श्रीमती सीमा ठाकुर पत्नि श्री देवेन्द्र ठाकुर निवासी फ्लैट न. 128, सुरेन्द्र पैलेस, सब एरिया वैष्णव, होशगाबाद रोड, सुरेन्द्र पैलेस, नारायण नगर, अरेरा कॉलोनी, 30 मीटर फूड पिटारा के पास, भोपाल, म.प्र.-402026 एवं फ्लैट न. 610, ब्लॉक-बी, भगवान परिसर, बागली रोड, मिसरोद, हुजूर, जिला भोपाल-462047 एवं वार्ड न. 1, हॉस्पिटल के सामने, शास्त्री नगर, जिला होशगाबाद-461001 एवं फ्लैट न. 404, ब्लॉक-एक फाल्गुनी चिनार ड्रीम सिटी ग्राम हनुमंत नरेला, भोपाल, म.प्र.-402026 चर्तुसीमाएं- उत्तर- फ्लैट नं. 137, दक्षिण- फ्लैट नं. 127, पूर्व- फ्लैट नं. 129, पश्चिम- रोड कालोनी | 13.08.2025 / 28.10.2025 | दि. 13/08/2025 को ₹ 20,54,133.29 +ब्याज एवं खर्चे |

स्थान : भोपाल, दिनांक : 28.10.2025 — प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड़ नर्मदापुरम**

दूरभाष क्रमांक 07574-253119 — Email Address - eephedhos@mp.nic.in

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं ऑनलाईन प्रस्तुत किये जायेंगे। ऑनलाईन वित्तीय ऑफर दिनांक 10.11.2025 शाम 17.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| निविदा सूचना क्रमांक | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (PAC) (रु. में) | धरोहर की कुल (e-EMD) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13/25-26 Date 28.10.2025 | 2025_PHED_459245_1 | Labour work for major and minor repairing of handpump in various villages /habitations of Block Seonimalwa, District-Narmadapuram including transportation and using departmental spares / materials for 12 months (Total Nos. of Handpump installed in Block-Seonimalwa-2020) | 2326200/- | 46524/- | 5000/- | 365 दिवस (वर्षाकाल सहित) | - |

G-20774/25 — " स्वच्छता ही सेवा "

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नर्मदापुरम



**इंडियन बैंक Indian Bank** — इलाहाबाद ALLAHABAD

इंडियन बैंक
अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित ऋणियों / बंधककर्ताओं एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **इंडियन बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा **इंडियन बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय निम्न वर्णित दिनांक को **इंडियन बैंक, अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल (सुरक्षित लेनदार)** के निम्न वर्णित बकाया राशि को ऋणियों / बंधककर्ताओं एवं जमानतदारों से वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा/ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | चल/अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी एवं बंधककर्ता : 1. **मेसर्स एस.एस. प्वाइंट प्रोप. श्री प्रत्यूष इंदुरख्या** 1-2, सार्थक होम्स, स्वर्ण कुंज, कटारा हिल्स, भोपाल-462043 2. **श्री प्रत्यूष इन्दुरख्या पुत्र स्वर्गीय लक्ष्मण प्रसाद इन्दुरख्या** | **Property ID No. IDIB30211383536** संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित खसरा नं. 312, ग्राम-नयापुरा, प.ह.नं. 28, आर.एन.एम.04, विकासखंड फन्दा, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल क्षेत्रफल-1000 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्वः रितु सिंह की जमीन/खसरा नं. 06 पश्चिमः रोड फिर श्रद्धा सबुरी अपार्टमेंट/ खसरा सं. 317, उत्तरः स्लम एरिया/खसरा सं. 305, दक्षिणः-अन्य जमीन/खसरा सं. 313 | 16.10.2021 / 06.01.2022 / दिनांक 31.10.2025 को ₹ 1,32,86,122/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 65,00,000/- / ₹ 6,50,000/- / ₹ 50,000/- |

Bank Website : www.indianbank.in — E-auction website — Property ID No. IDIB30211383536

सम्पर्क : 1. श्री अंकुर सिंह, प्राधिकृत अधिकारी, 7415887874

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 19/11/2025, को सुबह 11.00 बजे से सायं 2.30 बजे तक
ई-नीलामी प्लेटफार्म : http://BAANKNET.com पर संपन्न होगी।


निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है वे ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु हमारे ई-नीलामी सर्विस प्रदाता PSB alliance Pvt. Ltd., की वेबसाइट http://BAANKNET.com देखें। तकनीकी सहायता हेतु कृपया सम्पर्क करें 8291220220, email ID: support.ebkray@psballiance.com. इच्छुक निविदाकर्ता / क्रेता ई-नीलामी प्रक्रिया में ई-नीलामी सर्विस प्रदाता की वेबसाइट http://BAANKNET.com द्वारा भाग ले सकते हैं।
ई-नीलामी के इच्छुक भागीदार http://BAANKNET.com से विक्रय सूचना, ई-नीलामी की नियम एवं शर्तें नीलामी पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ई-नीलामी के परिचालन भाग पर उपयोगकर्ता मेनुअल की प्रतियाँ निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।
निविदाकर्ताओं से निवेदन किया जाता है संपत्ति के बारे में जानकारी हेतु प्रोपर्टी आईडी नं. से वेबसाइट http://BAANKNET.com देखें।
दिनांक : 31.10.2025, स्थानः भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

## चिंतन

# आतंकवाद से निपटने को एकजुट हो दुनिया

भारत हमेशा से ही मानता रहा है कि आतंकवाद न केवल पूरी दुनिया बल्कि मानव सभ्यता के लिए घातक है, लेकिन अनेक देश तेरा आतंकवाद, मेरा आतंकवाद की सोच को लेकर इसके पोषण में लगे रहे। यही कारण रहा है कि आतंकी संगठन इतने मजबूत हो गए कि अनेक देशों का राजतंत्र ही उनके हाथों में चला गया। ऐसा ही एक आतंकी संगठन है अलकायदा। ये आतंकी संगठन अब अफ्रीका महाद्वीप में स्थित माली पर कब्जे के करीब पहुंच गया है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि कुछ ही दिनों में माली की सत्ता अलकायदा के हाथों में होगी। यह देश लंबे समय से आतंकी हिंसा और नाकेबंदी का सामना कर रहा है। माली में नागरिक सरकार के पतन के बाद विद्रोहियों ने रूस और चीन की मदद से सरकार चलाने की कोशिशें की थी, लेकिन वो नाकाम रहे। इस बीच अलकायदा के आतंकवादियों ने मौका देखकर राजधानी बमाको को घेर लिया। उन्होंने राजधानी में ईंधन की सप्लाई रोक दी है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि जल्द ही बमाको पर अलकायदा कब्जा कर लेगा। इसी के साथ पूरा माली उनके नियंत्रण में होगा। दर्जनों देशों अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया ने अपने नागरिकों को तुरंत माली छोड़ने को कहा है। पश्चिम अफ्रीका में स्थित माली चारों ओर से जमीन से घिरा देश है जिसकी सीमाएं अल्जीरिया, नाइजर, बुर्किना फ़ासो, कोट डी आइवर, गिनी, सेनेगल और मॉरिटानिया से लगती हैं। अल-कायदा से जुड़े एक आतंकवादी समूह, जमात नुसरत अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन ने सितंबर में ईंधन नाकेबंदी की घोषणा की थी। इसके बाद से ही माली एक अभूतपूर्व संकट की चपेट में है। किसी भी समय अलकायदा इस पर कब्जे का ऐलान करने वाला है। अलकायदा 1988 में ओसामा बिन लादेन और उसके सहयोगी मोहम्मद अतेफ द्वारा सोवियत आक्रमण के खिलाफ अफगानिस्तान में लड़ने वाले अरबों को एक साथ लाने के लिए बनाया गया था। यह वैश्विक नेटवर्क के लिए एक केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करता है। इसके 60 से अधिक देशों में आतंकवादी सेल शामिल हैं। अलकायदा ने अफगानिस्तान, पाकिस्तान और संयुक्त राज्य अमेरिका विशेष रूप से ब्रुकलिन में अलकिफा शरणार्थी केंद्र सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों में कार्यालय बना रखे बताए जा रहे हैं। पश्चिम के प्रभाव के खिलाफ इस्लामिकता को जोर देने वाले इस संगठन की वैश्विक पहुंच है। अल्जीरिया, मिस्त्र, मोरक्को, तुर्की, जॉर्डन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, सीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, म्यांमार, इंडोनेशिया, फिलीपींस का मिंडानाओ, लेबनान, इराक, सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, यमन, लीबिया, ट्यूनीशिया, बोस्निया, कोसोवो, चेचन्या, दागिस्तान, सूडान, सोमालिया, केन्या, तंजानिया, अजरबैजान, इरिट्रिया, युगांडा, इथियोपिया, इसके सेल बताए जा रहे हैं। हाल की रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि अलकायदा ने रासायनिक और जैविक युद्ध के प्रयोग भी शुरू कर दिए हैं। वो अलग-अलग देशों में अपने कैंप में ऐसे प्रयोगों को कर रहा है, जो पूरी दुनिया के लिए घातक होंगे। इन्हें रोकने के लिए जरूरी है कि पूरी विश्व बिरादरी एकजुट होकर आतंकवाद का विरोध करे और इन संगठनों को खत्म करने के लिए एकजुट हो। नहीं तो वो दिन दूर नहीं, जब ये संगठन दुनियाभर में तबाही का कारण बनेंगे।

# पीएम की सोच पर विकसित होता मप्र



**मप्र स्थापना दिवस पर विशेष**
सुरेश पचौरी

> डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश तरक्की की ठोस बुनियाद पर खड़ा दिखाई दे रहा है। मध्यप्रदेश राज्य की तस्वीर और तकदीर बदलने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जो कल्याणकारी कदम उठाए गए हैं, उनकी सार्थकता ज़मीनी स्तर पर साफ दिखाई देती है। प्रदेश की जनता की खुशहाली और समरस विकास के लिए तमाम जनहितैषी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जो इस बात की गवाह हैं कि मध्यप्रदेश आने वाले दिनों में सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहेगा।

मध्यप्रदेश राज्य की स्थापना का एक नवंबर का दिन मध्यप्रदेशवासियों के लिए खास अहमियत रखता है। भारत का हृदय कहा जाने वाला मध्यप्रदेश 1 नवंबर 1956 को अस्तित्व में आया, जिसका गठन तत्कालीन मध्यभारत, विंध्य प्रदेश, भोपाल रियासत तथा महाकौशल के कुछ हिस्से को एकीकृत कर किया गया था। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर तथा झीलों की नगरी कहे जाने वाले भोपाल को प्रदेश की राजधानी बनाया गया। 44 वर्षों के बाद प्रदेश का विभाजन हुआ और जनता की मांग पर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा नए राज्य मप्र का गठन किया गया। अतीत पर नजर डाली जाए तो मध्यप्रदेश ने अपने गठन और विभाजन के दौर में अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं लेकिन अब यह राज्य प्रगति के नए सोपान नाप रहा है। एक ओर जहां इस राज्य को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष वरदहस्त एवं मार्गदर्शन प्राप्त है, वहीं दूसरी ओर कर्मठ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कुशल नेतृत्व है। डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश तरक्की की ठोस बुनियाद पर खड़ा दिखाई दे रहा है। मध्यप्रदेश राज्य की तस्वीर और तकदीर बदलने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जो कल्याणकारी कदम उठाए गए हैं, उनकी सार्थकता ज़मीनी स्तर पर साफ दिखाई देती है। प्रदेश की जनता की खुशहाली और समरस विकास के लिए तमाम जनहितैषी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जो इस बात की गवाह हैं कि मध्यप्रदेश आने वाले दिनों में सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहेगा।

इस विकासोन्मुखी अभियान के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वह दूरगामी सोच है, जिसमें समाज के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को भी शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने का संकल्प है। ख़ुद को प्रधान सेवक कहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक बार अपनी इस भावना को अभिव्यक्त कर चुके हैं कि विकास के उजाले का लाभ चंद लोगों को नहीं, बल्कि हर देशवासी को मिलना चाहिए। मध्यप्रदेश के निवासियों के लिए यह खुशी की बात है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम प्रदेशवासियों की सेवा करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रख रही है। अब तो कई राज्य मध्यप्रदेश को मॉडल मानकर यहां की योजनाओं को अपने यहां लागू कर रहे हैं। अतीत के आईने में मध्यप्रदेश के इतिहास, भूगोल और संस्कृति पर दृष्टिपात करें तो यह राज्य अनेक विविधताओं को अपने में समेटे हुए है। प्रचुर वन संपदा, अथाह जल वाली नदियां, विपुल खनिज भंडार, खूबसूरत पर्यटन स्थल, पुरातात्विक धरोहर आदि सब कुछ इस प्रदेश में उपलब्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी के दिशा-निर्देशन में मध्यप्रदेश तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन और उनका लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने में मप्र देश में लगातार अग्रणी बना हुआ है। पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीएम आवास योजना, कृषि अवसंरचना निधि, प्रधानमंत्री मातृ-वंदना योजना, पीएम स्वामित्व योजना, नशामुक्त भारत अभियान, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन और स्वच्छ भारत मिशन आदि योजनाओं के



क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में सबसे अग्रणी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में मध्यप्रदेश में 8 लाख 50 हजार से ज्यादा आवास बनाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में प्रदेश में लगभग 38 लाख आवासों का निर्माण किया जा चुका है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मप्र में 89,612 किलोमीटर लंबी सड़कें बन चुकी हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना में 65.83 लाख से अधिक किसानों के क्रेडिट कार्ड तैयार हो गए हैं। अटल पेंशन योजना में 498,111 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में म.प्र. देश में पहले नंबर पर है।

यह एक सुखद पक्ष है कि मध्यप्रदेश सरकार की दूरगामी सोच के चलते कृषि क्षेत्र में उन्नति, औद्योगिक विकास, आईटी एवं पर्यटन में बढ़ते सेवा-क्षेत्रों से राज्य के आर्थिक विकास को मजबूती मिल रही है। वित्तीय वर्ष 2024 -2025 में प्रदेश में प्रति व्यक्ति की आय 1 लाख 52 हजार 615 रुपए हो गई है। मप्र की कृषि विकास दर देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी अधिक है। मप्र गेहूं निर्यात के मामले में देश में नंबर एक पर है। इसी प्रकार 2024-2025 में प्रदेश में 225.75 लाख टन दूध का उत्पादन हुआ, जिससे मध्यप्रदेश देश में दुग्ध उत्पादन में तीसरे नंबर पर है। प्रधानमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री किसान योजना के तहत प्रदेश के 83 लाख से अधिक किसानों के खाते में 17,500 करोड़ रुपए की सहायता राशि का अंतरण किया गया। मध्यप्रदेश में बिजली की बात की जाए तो विद्युत उत्पादन की स्थापित क्षमता 23,000 मेगावाट है, जिसमें 17125 मेगावाट बिजली पारंपरिक स्त्रोत से तथा 5,875 मेगावाट नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोत से उत्पादित हो रही है। प्रदेश में कृषि और उद्योगों को जरूरत के हिसाब से पर्याप्त बिजली मिल रही है। मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार विस्तार कर रही है। प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना में 4.26 करोड़ हितग्रहियों को डिजिटल आयुष्मान कार्ड जारी किये जा चुके हैं।

मध्यप्रदेश में बेटी अब बोझ न होकर वरदान बन गई है। प्रदेश की महिलाओं के कल्याणार्थ राज्य सरकार द्वारा तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, कन्यादान योजनाओं द्वारा महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम है। इन लाभकारी योजनाओं का अनुसरण देश के कई राज्यों ने किया है। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण स्तर में सुधार आया है। म.प्र में लाड़ली बहना योजना के तहत 1.27 करोड़ महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए दिए जा रहे हैं।

मप्र अपार संभावनाओं वाला प्रदेश बन रहा है। इसमें समृद्ध राज्य बनने की क्षमता तथा संसाधन दोनों मौजूद हैं। प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर हम सबको मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लेने की जरूरत है। मध्यप्रदेश के निवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी का मध्यप्रदेश से आत्मीय लगाव है। उनका जब भी मध्यप्रदेश आगमन होता है तो वे प्रदेश को कोई न कोई बड़ी सौगात देकर ही जाते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश विकास की तीव्र उड़ान भरेगा। मध्यप्रदेश की विकास यात्रा में हमें यथासामर्थ्य अपनी जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है। यह आत्मबोध हमारे सुनहरे भविष्य का पर्याय बनेगा। मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के सुअवसर पर प्रदेशवासियों की खुशहाली व सुख-समृद्धि के लिए मेरी हार्दिक मंगलकामनाएं।

(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**स्थापना दिवस**
प्रो. आरके जैन




# श्रम से स्वर्ण और संस्कृति से शक्ति : आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

भारत की विशाल छाती में बसा मध्यप्रदेश वह जीवंत हृदय है, जहां प्राचीनता की गहराई और आधुनिकता की उड़ान एक साथ सांस लेती हैं, जहां हर कण में इतिहास की गरिमा और हर क्षण में भविष्य की उमंग समाहित है। यह भूमि केवल भूगोल की रेखाएं नहीं, बल्कि भावनाओं की अनंत धारा है, जो राष्ट्र की आत्मा को पोषित करती है। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस उस अमर यात्रा का उत्सव है, जिसमें संघर्ष की लौ से प्रगति की ज्योति जली, और परंपरा की जड़ों से विकास के पंख फूटे। यह वह पर्व है जो हमें याद दिलाता है कि यह प्रदेश भारत का केंद्र बिंदु नहीं, बल्कि उसकी धड़कन है- जीवंत, अटल और प्रेरणादायक। इस पवित्र धरती की महिमा उसके प्राचीन अवशेषों में छिपी है, जहां भीमबेटका की गुफाएं मानवता के प्रथम कलाकारों की उंगलियों से उकेरे गए चित्रों से सजी हैं, जो सहस्त्राब्दियों पुरानी सभ्यता की गवाही देती हैं। सांची का स्तूप बुद्ध की करुणा की शाश्वत भाषा बोलता है, खजुराहो के मंदिर प्रेम की उत्कृष्ट शिल्पकला से जीवन की उत्कटता को अमर बनाते हैं, जबकि उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर समय की सीमाओं को लांघकर सनातन सत्य की झंकार पैदा करता है। यहां की नर्मदा नदी मां की तरह बहती है, चंबल की घाटियां रहस्यों से भरी हैं, सतपुड़ा की हरियाली जीवन की सततता का प्रतीक है, और बुंदेलखंड की मिट्टी वीरता की कहानियां सुनाती है। मध्यप्रदेश की यह विविधता उसे एक जीवंत कैनवास बनाती है, जहां प्रकृति और संस्कृति के रंग इतनी सहजता से मिलते हैं कि पत्थर भी काव्य बन जाते हैं, और वन भी संगीत की लय में झूमते हैं। मध्यप्रदेश में श्रम को देवत्व प्राप्त है, जहां मेहनत की हर बूंद विकास की नदी में समा जाती है। यह वह भूमि है जहां ग्रामीण की सादगी और शहरी की चमक एक साथ चमकती हैं, जहाँ परंपरा आधुनिकता की गोद में खेलती है। इतिहास की गहराइयों में डूबकर देखें तो मध्यप्रदेश शौर्य और बुद्धि का अनुपम संगम है। राजा भोज की विद्या ने परमार वंश को अमर बनाया, रानी दुर्गावती की तलवार ने गोंडवाना की स्वतंत्रता की रक्षा की, तात्या टोपे की क्रांति ने 1857 की ज्वाला को भड़काया, और चंद्रशेखर आजाद की बलिदानी आत्मा ने स्वाधीनता की मशाल जलाई। रानी अहिल्याबाई होल्कर की न्यायप्रियता ने मालवा को सुशासन का आदर्श दिया, जबकि पंडित रविशंकर शुक्ल की दूरदृष्टि ने आधुनिक मध्यप्रदेश की नींव रखी। यहां की माटी ने कवि कालिदास को जन्म दिया जिनकी रचनाएं विश्व साहित्य की धरोहर हैं, और तानसेन की रागिनियां आज भी ग्वालियर की हवाओं में गूंजती हैं। मध्यप्रदेश केवल घटनाओं का संग्रह नहीं, बल्कि प्रेरणा का स्त्रोत है, जहां हर युग की महानता नई पीढ़ी को ऊर्जा देती है। आधुनिक युग में मध्यप्रदेश ने परंपरा को प्रगति की तेज रफ्तार रेल पर सवार कर, एक अनूठी मिसाल कायम की है। इंदौर का स्वच्छता अभियान पूरे राष्ट्र को साफ-सफाई का जीवंत पाठ पढ़ा रहा है, जबकि भोपाल की चमकती झीलें और घने वन पर्यावरण संरक्षण की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक बनकर हरियाली की गाथा गा रहे हैं। ग्वालियर का संगीत महोत्सव सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखता है, जबलपुर की रक्षा इकाइयां और शैक्षणिक केंद्र राष्ट्रीय सुरक्षा व ज्ञान की अडिग नींव मजबूत कर रहे हैं। उज्जैन का सिंहस्थ मेला अध्यात्म को वैश्विक मंच पर चमकाता है, तो सांची और खजुराहो जैसे धरोहर स्थल पर्यटन की धारा से अर्थव्यवस्था को नई उड़ान दे रहे हैं। यह विकसित मध्यप्रदेश की यात्रा ईंट-पत्थर की नहीं, बल्कि सपनों, संकल्पों और अटूट इच्छाशक्ति की है, जहां हर शहर अपनी अनुपम विशिष्टता से जगमगाता है, मगर समग्रता में एकता की सुंदर माला गूंथता है। विकास की इस प्रखर धारा में मध्यप्रदेश अग्रणी बनकर उभरा है, जहां नर्मदा बचाओ आंदोलन से नर्मदा घाटी परियोजनाओं तक जल संरक्षण की अनुपम मिसालें स्थापित हुईं। स्थापना दिवस की इस पावन बेला में इस पवित्र धरती को कोटि-कोटि नमन, जो भारत को उसका जीवंत हृदय सौंपती है। यह प्रदेश नक्शे की सीमाओं से परे, करोड़ों दिलों में बसा है, जहां हर धड़कन राष्ट्रगौरव की गूंज है, हर सांस स्वाभिमान की सुगंध। मध्यप्रदेश उस आदर्श का प्रतीक है जहां अतीत की गौरवमयी गरिमा भविष्य की अडिग नींव बनती है, जहां हर नागरिक कर्मयोगी बनकर उत्कर्ष की राह पर चलता है, और हर सपना राष्ट्र की उड़ान से जुड़ा होता है। इस शुभ अवसर पर दृढ़ संकल्प लें कि मध्यप्रदेश प्रगति की विजय पताका हमेशा फहराए, संस्कृति की ज्योति अखंड जलाए, और भारत के मध्य में रहकर सबको एकता के सूत्र में पिरोए। यह धरती केवल प्रदेश नहीं, बल्कि भारत की अमर आत्मा का दर्पण है-अजर, अविचल और आसमां छूती उड़ान वाली। जय मध्यप्रदेश! जय भारत!

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# योगः कर्मसु कौशलम



संकलित
**दर्शन**

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।


# तुलसीदास ने की विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता थाः राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## सटाका




## आज की पाती

### अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी

कम करें, पुनः उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुनः उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीजों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है।

-उमेश वर्मा, भाटापारा

## ट्रेंड

### पटेल को श्रद्धांजलि



केवड़िया में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा के रूप में स्थापित, यह राष्ट्रीय गौरव और सरदार पटेल के सपनों को साकार करने के सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### लालू परिवार सबसे भ्रष्ट



लालू परिवार बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार है। चारा घोटाला, अलकतरा घोटाला, नौकरी के बदले जमीन हड़पने का घोटाला हुआ। सारा परिवार बेल पर है, मित्रों जो लोग बेल पर हो और कल जेल जाने को तैयार हो वह आपकी क्या सेवा करेंगे?

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### बिहार की तक़दीर



बिहार के लोग जहां भी जाते हैं, अपनी मेहनत और काबिलियत से शहरों की तक़दीर बदल देते हैं। फिर बिहार की तक़दीर क्यों नहीं बदल रही? पिछले 20 सालों से बीजेपी–जदयू ने बिहार के युवाओं से हर अवसर, हर उम्मीद छीन कर उन्हें या तो मजबूर बनाया है, या मजदूर।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### बांग्लादेश का राष्ट्रगान



जब बांग्लादेश के कुछ विशेष लोग यह कह रहे हैं कि पूर्वोत्तर भारत बांग्लादेश का हिस्सा है, तब असम कांग्रेस के नेता कार्यक्रम में बांग्लादेश का राष्ट्रगान गा रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं है, इसकी जाँच होनी चाहिए!

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# शाही परिवार ने प्रिंस एंड्रयू से सभी उपाधियां वापस ली

ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स ने अपने भाई प्रिंस एंड्रयू से सभी शाही उपाधियां और सम्मान वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बकिंघम पैलेस ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि अब उन्हें केवल "एंड्रयू माउंटबैटन विंडसर" के नाम से जाना जाएगा। यह कदम वर्जीनिया ज्यूफ्रे की मरणोपरांत प्रकाशित आत्मकथा 'नोबॉडीज़ गर्ल' के जारी होने के बाद उठाया गया है। इस पुस्तक में ज्यूफ्रे ने जेफ्री एप्सटीन और गिसलेन मैक्सवेल के लिए दो वर्ष तक "यौन दास" के रूप में बिताए अपने जीवन का विस्तृत विवरण दिया है। 41 वर्षीय ज्यूफ्रे ने इस वर्ष अप्रैल में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के अपने फार्महाउस में आत्महत्या कर ली थी। महाराजा चार्ल्स के आदेश के तहत, एंड्रयू को रॉयल लॉज आवास खाली कर निजी आवास में स्थानांतरित होना होगा। बकिंघम पैलेस के बयान में कहा गया कि यह निर्णय राजघराने की गरिमा और जवाबदेही को ध्यान में रखकर लिया गया है। ज्यूफ्रे के परिवार ने एक बयान में कहा, "आज वह अपनी सच्चाई और अद्भुत साहस के साथ एक ब्रिटिश राजकुमार को गिराने में सफल रही– यह उसकी जीत है।" ब्रिटिश इतिहासकार एंड्रयू लाउनी ने हाल में कहा था कि "जब तक एंड्रयू अपने सभी शाही सम्मान छोड़कर रॉयल लॉज से बाहर नहीं जाते, यह विवाद खत्म नहीं होगा।"



## ऑफ बीट

# क्या तकनीक हमारी हवा को साफ़ कर सकती है

2018 में, घर में हवा को साफ करने के उद्देश्य से उत्पादों के साथ–साथ वायु–गुणवत्ता सेंसर में रुचि को बढ़ावा मिला। मुझे तब आश्चर्य हुआ कि क्या वायु निस्पंदन यूरोप में गति पकड़ेगा और क्या यह पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ या सामाजिक रूप से न्यायसंगत है। वह पूर्व–कोविड का समय था। जबकि इनडोर एयर फिल्टर अभी भी सर्वव्यापी नहीं हैं, मैंने 2018 में जितना अनुमान लगाया था उससे कहीं अधिक आज मैं देख रहा हूं। मेरा भविष्य का अनुमान लगाने का कौशल बहुत खराब है। यह सब मायने रखता है क्योंकि, विभिन्न इंजीनियरिंग सफलताओं को देखते हुए, अधिकांश अमीर देशों में दहन से "पारंपरिक" वायु प्रदूषण कणों (तथाकथित पीएम 2.5) का उत्सर्जन एक सदी या उससे अधिक में सबसे कम है। वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोत बदल रहे हैं, वाहन उत्सर्जन में सुधार हो रहा है और नियंत्रण के लिए कम बड़े औद्योगिक उत्सर्जक बचे हैं। वायु प्रदूषण सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाला सबसे बड़ा वैश्विक पर्यावरणीय कारक बना हुआ है, लेकिन दैनिक जीवन में प्रदूषण और इसके बारे में क्या करना है, इस पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।



सीएम एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने पीएम के संदेश का श्रवण कर किया संबोधित

# सरदार वल्लभभाई पटेल एकता, दृढ़ता और राष्ट्रनिर्माण के प्रतीकः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती, राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का श्रवण कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत माता की सेवा करने के साथ वर्तमान भारत की इबारत लिखने का काम किया।

जब आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकता परेड कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित किया, तो ऐसा लगा मानो सरदार वल्लभभाई पटेल से लेकर आज के भारत तक की पूरी यात्रा उनके शब्दों में जीवंत हो उठी हो। सरदार पटेल ने केवल देश को आज़ादी दिलाने में भूमिका नहीं निभाई, बल्कि उन्होंने विभिन्न रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर आधुनिक भारत का नक्शा तैयार किया। उन्होंने अंग्रेजों की सार्वभौम सत्ता के बाद आने वाली चुनौतियों का समाधान पहले से ही खोज लिया था। स्वतंत्रता के संघर्ष के बीच, जब देश विभाजन की भीषण पीड़ा से गुजर रहा था, तब भी उन्होंने अटूट विश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ कहा कि "मुझे भारत माता की सेवा करनी है।" सरदार पटेल ने जो ठान लिया, उसे पूरा करके दिखाया। वे केवल नीति निर्माता नहीं, बल्कि भारत की एकता के शिल्पकार थे।

आधुनिक भारत के वास्तुकार थे...


पीएम के वर्चुअली संबोधन को सुनते सीएम।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत को साकार कर रहे मोदीः हेमंत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन कर्तव्य, सेवा और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। वे केवल भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के वास्तुकार थे। उन्होंने प्रशासनिक कुशलता और दृढ़ नेतृत्व से भारतीय लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज सरदार पटेल के "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के विचारों को धरातल पर उतारा जा रहा है। यदि हम सब उनके बताए मार्ग पर चलकर एकता, परिश्रम और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर काम करेंगे तो भारत न केवल सशक्त बनेगा, बल्कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य भी प्राप्त हो जाएगा। खण्डेलवाल ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें यह सिखाता है कि चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि हम दृढ़ निश्चय और सूझबूझ के साथ आगे बढ़ें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता।

### राष्ट्रीय एकता दिवस परेड 2025ः गांधीनगर एवं केवड़िया में मध्यप्रदेश पुलिस कॉन्टिजेंट के 334 जवान हुए शामिल

भोपाल। गुजरात राज्य के गांधीनगर एवं केवड़िया में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस परेड 2025 में मध्यप्रदेश पुलिस के कुल 334 जवानों ने भाग लिया। इस दल ने अदम्य उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति की भावना के साथ राज्य का प्रतिनिधित्व किया। 21 सितम्बर 2025 से 19 अक्टूबर 2025 तक मध्यप्रदेश पुलिस का कॉन्टिजेंट गांधीनगर में तथा 20 अक्टूबर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक केवड़िया में रहकर कठिन प्रशिक्षण, रिहर्सल और परेड अभ्यास में संलग्न रहा। जवानों ने प्रतिकूल परिस्थितियों एवं गहन अभ्यास कार्यक्रमों के बावजूद अथक परिश्रम और एकजुटता के साथ अपने प्रदर्शन की तैयारी की थी। 31 अक्टूबर 2025 को आयोजित एकता दिवस परेड में मध्यप्रदेश पुलिस के कॉन्टिजेंट ने अपनी अनुशासित चाल, सटीक कमांड तथा उत्कृष्ट तालमेल से सभी को प्रभावित किया। कॉन्टिजेंट में प्लाटून संख्या 144 एवं बैण्ड बल 72 का संयोजन रहा।

## खबर संक्षेप

### दिग्विजय सिंह बोले- भारत के विभाजन के पीछे थे जिन्ना और सावरकर

**भोपाल।** इंदौर प्रवास पर आए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि भारत के विभाजन के पीछे जिन्ना और सावरकर थे। 1947 में भारत का विभाजन करवाया था। अब भाजपा मोहल्लों को बांट रही है। यह बात उन्होंने सागर शहर के मुस्लिमबाहुल्य क्षेत्र से हिन्दू परिवारों के पलायन से जुड़े सवाल पर कही। सिंह ने यह भी कहा कि देश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की आड़ में नागरिकता के प्रमाण एकत्र किए जा रहे हैं। बूथ-स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) उन लोगों के नाम मतदाता सूची से क्यों हटा रहे हैं जो पहले ही तीन या चार बार मतदान कर चुके हैं, जबकि कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है। दोहरी इंजन वाली सरकारों में बीएलओ भाजपा कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे हैं। उन्हें यह काम नहीं करना चाहिए। सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा 'रन फॉर यूनिटी' करा रही है। हम इस आयोजन का स्वागत करते हैं, लेकिन यह मत भूलिए कि 31 अक्टूबर शहादत दिवस भी है।

### वन भवन में होगा कमेंडेशन डिस्क अलंकरण समारोह

**भोपाल।** मप्र के वन अधिकारी-कर्मचारियों को उनकी ओर से की गई सराहनीय सेवा के लिए कमेंडेशन डिस्क अलंकरण समारोह एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण शनिवार एक नवंबर दोपहर 12 बजे वन भवन भोपाल तुलसी नगर में होगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) वीएन अम्बाड़े की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सराहनीय कार्य करने वाले वन अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। अलंकरण समारोह में वन अधिकारी-कर्मचारियों को गंभीर वन अपराध, अवैध शिकार, अवैध कटाई, अवैध उत्खनन, अतिक्रमण इत्यादि प्रशंसनीय प्रतिबंधक एवं निरोधक कार्य करने एवं अग्नि सुरक्षा, उत्पादन कार्य, वानिकी कार्य, क्रीड़ा के क्षेत्र में राज्य का प्रतिनिधित्व कर राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने पर अभिनव प्रयोग और गंभीर वन अपराध प्रकरणों को सुलझाने जैसे कार्य करने पर पुरस्कृत किया जाता है। वर्ष 2022 से प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख की ओर से कमेंडेशन डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र दिए जाने का अलंकरण समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह पुरस्कार वन क्षेत्र के कार्यपालिक अधिकारियों, कर्मचारियों, वन क्षेत्रपाल, उप वन क्षेत्रपाल, वनपाल और वन संरक्षक को दिया जाता है।

रवीन्द्र भवन में होगा राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन

अभ्युदय मध्यप्रदेश, एक नवंबर को 70वां स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को मिलेंगी सौगातें

# डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में नई उड़ान भरेगा मध्यप्रदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के गौरवशाली 70 वें स्थापना दिवस पर राज्य सरकार डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में भी नई उड़ान भरने जा रही है। आम लोगों और निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए तीन नई डिजिटल पहल शुरू होंगी। इनमें एमपी ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को एक ही मंच पर सभी सरकारी सेवाएं सरल और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध होंगी। इनवेस्ट एमपी 3.0 पोर्टल निवेशकों के लिए एक उन्नत सिंगल विंडो सिस्टम के रूप में कार्य करेगा, जिससे निवेश की प्रक्रिया और अधिक सहज व समयबद्ध बनेगी।

वहीं वॉश ऑन व्हील्स मोबाइल ऐप युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ते हुए शहरी स्वच्छता सेवाओं में नई तकनीकी ऊर्जा जोड़ेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रदेश निवेश उपलब्धियों, औद्योगिक प्रगति और रोजगार सृजन के विजन पर अपने विचार साझा करेंगे। इस अवसर पर द टू-ईयर जर्नी शीर्षक से एक विशेष ऑडियो-विजुअल का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें पिछले दो वर्षों की राज्य की निवेश प्रोत्साहन यात्रा और उपलब्धियों का जीवंत चित्रण होगा।

### *केवल उत्सव नहीं, बल्कि संकल्पों का प्रतीक बनेगा*

*अभ्युदय मप्र का यह राज्य स्तरीय समारोह 1 नवम्बर 2025 को भोपाल के रवींद्र भवन में सुबह 11.30 बजे से होगा। यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि प्रदेश की सशक्त विकास यात्रा उपलब्धियों और आने वाले वर्षों के संकल्पों का प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम में प्रदेश की हवाई कनेक्टिविटी को भी नई दिशा देने के लिए विमानन क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। इनमें उज्जैन हवाई अड्डे के विकास अनुबंध पर हस्ताक्षर, रीवा-नई दिल्ली और रीवा–इंदौर फ्लाइट के लिए अनुबंध तथा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा के अनुबंध शामिल हैं। इन पहलों से राज्य के औद्योगिक, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को नई उड़ान मिलेगी।*

### भविष्य की दिशा का स्पष्ट खाका प्रस्तुत किया जाएगा

अभ्युदय मध्यप्रदेश राज्य सरकार की नीति, दृष्टि और प्रतिबद्धता का ऐसा संगम होगा, जिसमें प्रदेश के विकास के साथ भविष्य की दिशा का स्पष्ट खाका प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत <\@>2047 के विजन से प्रेरित होकर समृद्ध मध्यप्रदेश 2047 के संकल्प को नई गति दे रही है। यह आयोजन उसी दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है जो यह संदेश देगा कि मध्यप्रदेश दृढ़-संकल्प शक्ति के साथ लगातार बढ़ रहा है।

### समारोह में यह गणमान्य लोग होंगे शामिल

समारोह में केंद्रीय मंत्रियों, नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और राज्य सरकार के उच्च पदाधिकारियों की उपस्थिति भी रहेगी। कार्यक्रम में विधि एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. सुमन के. बेरी, मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप तथा अदानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक प्रणव अदानी सहित आंध्रप्रदेश से आने वाले गणमान्य अतिथि और उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्य सचिव अनुराग जैन राज्य की विकास यात्रा एवं भविष्य की रूपरेखा पर अपने विचार साझा करेंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक सम्मान

# फॉरेंसिक साइंस अधिकारी, प्रोबेशनरी आईपीएस और तीन इंस्पेक्टर का चयन

*चार क्षेत्रों में अच्छा परफार्म करने पर मिलता है सम्मान, विशेष अभियान, अन्वेषण (इन्वेस्टिगेशन), सूचना (इंटेलिजेंस) और फॉरेंसिक विज्ञान के लिए होगा सम्मान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश के फोरेंसिक साइंस अधिकारी अविनाश चंद्र पुरी को केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक सम्मान के लिए चुना गया है। पुरी को यह सम्मान फोरेंसिक साइंस फील्ड के लिए दिया जा रहा है।

इसके अलावा एमपी के चार अन्य पुलिस अधिकारी भी इस पदक के लिए चुने गए हैं। इन्वेस्टिगेटिंग फील्ड में सम्मान के लिए चुने गए ये अधिकारी इंस्पेक्टर कुलदीप खत्री, पंकज गीते, गौरव चाटे और प्रोबेशनर आईपीएस व एसएचओ आदित्य मिश्रा हैं। प्रदेश के सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों केंद्रीय पुलिस संगठनों के 1466 कर्मचारियों-अधिकारियों को वर्ष 2025 के लिए केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश के बाद केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस तरह के सम्मान की शुरूआत की है। यह दक्षता पदक सभी पुलिस कर्मियों व अधिकारियों का मनोबल बढ़ाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक चार क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य को मान्यता एवं उच्च पेशेवर मानकों को बढ़ावा देने और कर्मचारियों व अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए दिया जाता है। यह चार क्षेत्र विशेष अभियान, अन्वेषण (इन्वेस्टिगेशन), सूचना (इंटेलिजेंस) और फॉरेंसिक विज्ञान हैं। पदक से सम्मानित कर्मियों की सूची गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### 31 अक्टूबर को होती है पदक की घोषणा

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 1 फरवरी 2024 को केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक की अधिसूचना जारी की गई थी। पुलिस बलों, सुरक्षा संगठनों, खुफिया शाखा, राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों की विशेष शाखा, केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों, केंद्रीय पुलिस संगठनों के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा देशभर में फॉरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में ऑपरेशन्स से संबंधित उत्कृष्टता, जांच में उत्कृष्ट सेवा, असाधारण प्रदर्शन, अदम्य एवं साहसी खुफिया सेवा और फॉरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में सेवा देने वाले सरकारी वैज्ञानिकों को सराहनीय कार्य के लिए इस पदक से सम्मानित किया जाएगा। पदक की घोषणा हर साल 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर की जाती है।




## गृह मंत्री शाह से मिले विस अध्यक्ष तोमर



**भोपाल।** नई दिल्ली में शुक्रवार को मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की।

# सौरभ शर्मा पर नेता प्रतिपक्ष और परिवहन मंत्री आमने-सामनेः सिंघार ने पूछा-मंत्री स्टाफ में वीरेन्द्र तिवारी की ऑफिशियल पोस्टिंग है क्या?

## नेता प्रतिपक्ष बोले-जन्म ले चुका नया सौरभ, रिटायर्ड आरटीआई की फोटो शेयर की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी का परिवहन विभाग एक बार फिर चर्चा में है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के स्टाफ में पदस्थ वीरेन्द्र तिवारी पर निशाना साधा है। नेता प्रतिपक्ष ने पर मंत्री के स्टाफ में पदस्थ वीरेन्द्र तिवारी और रिटायर्ड आरटीआई बघेल की फोटो शेयर की है।

उमंग सिंघार ने आगे लिखा- मध्यप्रदेश परिवहन विभाग का नया सौरभ शर्मा। मध्यप्रदेश के परिवहन विभाग में एक और पोस्टिंग और वसूली घोटाले की पटकथा लिखी जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे लिखा- बघेल नाम का एक रिटायर्ड आरटीआई पूरे प्रदेश में पोस्टिंग के नाम पर बोली और नाकों की वसूली का जाल बिछा रहा है और सरकार खामोश है। भ्रष्टाचार की सड़क पर तेज रफ्तार से दौड़ रहा है परिवहन विभाग। लगता है, अब भ्रष्टाचार परिवहन विभाग की कार्य संस्कृति बन चुका है, जहां योग्यता नहीं, जेब की गहराई तय करती है पोस्टिंग।

जिम्मेदार राजनेता को तथ्यों के बिना स्टेटमेंट नहीं देना चाहिए | दूसरों पर कीचड़ उछालेंगे तो कीचड़ आप पर ही आएगा

### मंत्री के स्टाफ में वीरेन्द्र तिवारी की आधिकारिक पोस्टिंग नहीं



उमंग सिंघार (फाइल फोटो)



परिवहन मंत्री राव (फाइल)

सिंघार ने लिखा- अब परिवहन विभाग में फिर एक नया सौरभ शर्मा जन्म ले चुका है। बताया जा रहा है कि इस खेल में मंत्री के स्टाफ वीरेंद्र तिवारी, जिसकी कोई आधिकारिक पदस्थापना तक नहीं है, सीधी संलिप्तता है। दोनों मिलकर पोस्टिंग और वसूली का कारोबार चला रहे हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली भाजपा सरकार अब विभागों में नए दलाल पैदा कर रही है। परिवहन विभाग के भ्रष्टाचार की गाड़ी बिना ब्रेक के दौड़ रही है और सरकार सिर्फ ड्राइवर बदलने में लगी है। मध्यप्रदेश में अब सिस्टम नहीं, सौदेबाजी चल रही है।

### मंत्री का जवाब- बिना तथ्यों की बातें न करें

नेता प्रतिपक्ष के आरोपों पर परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मैंने हमेशा नेता प्रतिपक्ष से विधानसभा के अंदर और बाहर आग्रह किया है और आज भी कह रहा हूं कि जिम्मेदार राजनेता को तथ्यों के बिना स्टेटमेंट नहीं देना चाहिए। आप किसी के बारे में इस तरह से आरोप लगाएंगे, कीचड़ उछालेंगे तो कीचड़ आप पर ही आएगा। वो मुझे लंबे समय से जानते हैं। मेरी राजनीति का आधार शुचिता और नैतिक मूल्यों पर टिका है। सिंघार जी पहले तथ्यों की जानकारी लें, फिर बात करें। तथ्यहीन और मनगढ़ंत बातें करना उचित नहीं है। यदि आपके पास कोई चीज है तो न्यायालय भी सबूतों के बिना आगे नहीं बढ़ता। सार्वजनिक जीवन में अगर हम चुनौती दे रहे हैं तो तथ्यों के साथ चुनौती दें।

## खबर संक्षेप

### पुलिस परिवार ने दी सात सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से माह अक्टूबर में सेवानिवृत्त सात कर्मचारियों को विशेष पुलिस महानिदेशक आदर्श कटियार ने शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी। जिन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति हुई उनमें पुलिस मुख्यालय से कार्यवाहक निरीक्षक प्रबंध शाखा मो. इसरार खान, कार्यवाहक सहायक अधीक्षक विधि शाखा अशोक बाथम, सूबेदार (एम) प्रेस शाखा शुभा बनर्जी, उप निरीक्षक एससीआरबी सरोजनी रोडे, उप निरीक्षक एसआईएसएफ बालकृष्ण तिवारी, कावा. उप निरीक्षक (एम) पुलिस आईटीआई रमेश कुमार चौहान एवं सहायक उप निरीक्षक अ.अ.वि. पु. मु अमर सिंह कुशवाह को पुलिस मुख्यालय परिवार ने शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी।

### अंबिका सॉल्वेक्स, वर्धमान साल्वेंट की प्रॉपर्टी कुर्क

**भोपाल।** यूको बैंक की लीडरशिप वाले बैंकों से 110.50 करोड़ का लोन लेकर उसका काल्पनिक उपयोग दिखाने और नकदी राशि आपस में बांटने, छिपाने के मामले में ईडी ने इंदौर की अंबिका सॉल्वेक्स और वर्धमान साल्वेंट लिमिटेड की 1.14 करोड़ की तीन प्रॉपर्टी कुर्क की है। इसके पहले भी इस ग्रुप से जुड़ी लोगों की 26.53 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क हो चुकी है।

### पत्रकार स्वाति पाराशर को पितृ शोक

**भोपाल।** न्यूज चैनल आईएनएच की वरिष्ठ पत्रकार स्वाति पाराशर के पिता राम बाबू शर्मा (खेजड़ा वाले) का शुक्रवार को एम्स अस्पताल में उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। श्री शर्मा के निधन से परिवार सहित क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।



उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार शाम उनके निवास टीला खेड़ी बायपास रोड, वेलकम होटल के पास, आशीष मंगल वाटिका के सामने से निकाली गई,जो विश्राम घाट पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी शवयात्रा में समाज और क्षेत्र के लोग सैकड़ों की संख्या में शामिल थे।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती कार्यक्रम

# रन फॉर यूनिटी को शौर्य स्मारक से झंडी दिखाकर सीएम, प्रदेशाध्यक्ष ने किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर शौर्य स्मारक में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया तथा भारत माता और सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक दौड़, देश की एकता और अखंडता के लिए रन फॉर यूनिटी को शौर्य स्मारक से झंडी दिखाकर रवाना किया।

### सरदार पटेल की जयंती पर एकता दौड़ में दौड़े लाखों लोग

**भोपाल।** देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशन में राज्य के सभी जिलों और थाना स्तर पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा एकता दौड़ का सफल और व्यापक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा।पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में समस्त इकाइयों, जिला बलों, ट्रैफिक पुलिस, रेल पुलिस, साइबर पुलिस, महिला सुरक्षा इकाइयों ने अपने स्थानीय स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें उत्साह और सहभागिता का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।भोपाल में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा श्रद्धांजलि एवं 'रन फॉर यूनिटी' का शुभारंभ इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा शौर्य स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने सरदार पटेल द्वारा देश की अखंडता एवं राष्ट्र-निर्माण में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान और बलिदानों को स्मरण किया, तत्पश्चात राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने उपस्थित प्रतिभागियों, गणमान्य नागरिकों और प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

### मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राष्ट्रीय एकता दिवस की दिलाई शपथ



सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते सीएस जैन।

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में सुबह 10 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इसके पूर्व सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। शपथ में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने योगदान करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, केसी गुप्ता, संजय दुबे, संजय कुमार शुक्ल, शिवशेखर शुक्लासहित मंत्रालय, विंध्याचल,सतपुड़ा भवन और पुलिस विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्यरानी सहित सात ट्रेनों को भोपाल से आरकेएमपी पर शिफ्ट करने की योजना

# निशातपुरा स्टेशन कब खुलेगा तय नहींः अधिकारी बोले दो ट्रेनों के हाल्ट तय, सौगात जल्द मिलने की उम्मीद

भोपाल में रेलवे और सांसदों की पिछली बैठक के अधिकांश प्रस्ताव अभी भी पूरे नहीं हो सके




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा स्टेशन कब खुलेगा यह अभी तय नहीं है। रेलवे अधिकारी बोले बोर्ड ने मालवा एक्सप्रेस सहित दो ट्रेनों के हल्ट को हरी झांडी दे दी है। उम्मीद है की जल्द ही जल्द निशातपुरा रेलवे स्टेशन से रेल यातायात शुरू हो सकता है। यह बात पमरे जोन के वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को पमरे के अंतर्गत आने वाले लोकसभा क्षेत्रों के सांसदों और महाप्रबंधक व डीआरएम के साथ एक निजी होटल में बैठक में कही। इस बैठक में रेलवे की ओर से भोपाल रेल मंडल क्षेत्र में आने वाले 12 सांसदों को बुलाया था। लेकिन सिर्फ चार सांसद ही पहुंचे।

### *निशातपुरा स्टेशन जल्द शुरू हो,हमारी पूरी कोशिश है*

*पश्चिम मध्य रेलवे की जीएम शोभना बांद्योपाध्याय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि निशातपुरा स्टेशन पर रेल यातायात जल्द शुरू हो सके, इसको लेकर प्रयास किए जा रहे है। बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया था। इस पर बोर्ड ने दो ट्रेनों के हाल्ट टाइम भी तय कर दिया है। उन्होंने बताया कि निशातपुरा स्टेशन तैयारी है, पश्चिम रेलवे की जो गाड़ी आती है, उनको ऑपरेशन देना आवश्यक है। जीएम मैडम ने कहा कि राज्य रानी एक्सप्रेस को आरकेएमपी पर हाल्ट देने का प्रस्ताव आया है। लेकिन यह ऐसे संभव नहीं हो सकता है। इसके लिए रेलवे बोर्ड के द्वारा तय किया जाता है। एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन पर ट्रेनों को शिफ्ट करने के दौरान रेलवे को यह देखना होता है। इस बीच कितनी ट्रेनें प्रभावित होगी। रेल यातायात पर क्या असर पड़ेगा। शिफ्टि की गई ट्रेन का मेंटेनेंस कैसे हो सकेगा।*

### 3940 करोड़ से अमृत भारत स्टेशन योजना से स्टेशन हो रहे पुनर्विकसित

जीएम शोभना बांद्योपाध्याय ने बताया कि पमरे के 53 रेलवे स्टेशनों को लगभग 3940 करोड़ रुपए की लागत से अधिक से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया जा रहा है जिसमे भोपाल एवं बीना स्टेशनों के मेजर अपग्रेडेशन सहित मंडल के कुल 17 स्टेशन शामिल है। साथ ही इटारसी-भोपाल-बीना के मध्य 237 किलोमीटर चौथी रेल लाइन परियोजना की केन्द्रीय मंत्रीमंडल द्वारा स्वीकृति, मुख्यमंत्री द्वारा 3 करोड़ की लागत से भोपाल स्टेशन पर एक्जीक्यूटिव लांज का शुभारंभ, बीना-इटारसी-खंडवा, बीना-रूठियाई, गुना-ग्वालियर, रूठियाई-मक्सी, रेल खण्डों में कवच 4.0 प्रणाली स्थापित किए गए है। इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक भोपाल पंकज त्यागी ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से मंडल की उपलब्धियों, वर्तमान विकास कार्यों के बारे में एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी।

### सरदार पटेल जयंती पर बैठक रखने से नाराज

- सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर बैठक रखने से भाजपा नेताओं ने आपत्ति दर्ज कराई। भोपाल सांसद प्रतिनिधि अंशुल तिवारी ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर बैठक नहीं रखना थी, जिसके चलते अधिकांश भाजपा सांसद बैठक में शामिल नहीं हो सके।
- भोपाल सांसद ने प्रतिनिधि के माध्यम से यह प्रस्ताव दिए
- भोपाल से बेंगलुरु के लिए नई ट्रेन शुरू करने की मांग।
- भोपाल स्टेशन पर बैटरी ऑपरेटेड गाड़ियों की फिर से शुरू किया जाए।
- भोपाल एक्सप्रेस (12155/12156) के स्टॉपेज मथुरा में किए जाने की स्थिति पर स्पष्टीकरण मांगा।
- भोपाल क्षेत्र के सभी स्टेशनों पर महिला शौचालय के निर्माण की मांग।
- रानी कमलापति से पुणे जाने वाली ट्रेन (22172/22173) को साप्ताहिक के बजाय नियमित करने की मांग। यह प्रस्ताव पिछले साल भी दिया था।
- रानी कमलापति से सूरत के लिए नई ट्रेन शुरू करने का सुझाव।
- रानी कमलापति स्टेशन पर पुष्पक, गोदावरी कन्याकुमारी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव कराने का प्रस्ताव दिया।

## दो सौ को मिला रोजगार, एक दर्जन कंपनियों में दिए इंटरव्यू




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार से जोड़ने के लिए हर महीने युवा संगम का आयोजन किया जाता है। इस बार युवा संगम का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय ईदगाह हिल्स में शुक्रवार सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक किया गया। जिसमें 286 बेरोजगारों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से करीब 199 लोगों का सिलेक्शन किया गया है।

रोजगार कार्यालय में आयोजित युवा संगम में मनिपाल बीएफएसआइ, एसबीआइ लाइफ इंश्योरेंस, एडु नौकरी. काम, एनआइआइटी, पीवीआर आइनाक्स, वाधवानी एजुकेशन सोसायटी, स्विगी, ब्लिंकिट, कैलिबर बिजनेस साल्यूशन, इनोव सोर्स, पुखराज हेल्थ केयर, यूनिफाई, एसबी क्रेडिट लाइन, फाइनेंस कारपोरेशन और एक्सेस मेक्स लाइफ इंश्योरेंस शामिल हुईं।

इन कंपनियों में करीब 286 अभ्यर्थियों ने आफलाइन व आनलाइन पंजीयन करवाया था। जिनमें से कंपनियों ने 199 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया है।

## पुलिस मुख्यालय ने फरार महिला डीएसपी के घर पर नोटिस चिपकाया

**भोपाल।** चोरी की एफआईआर दर्ज होने के बाद डीएसपी से इंस्पेक्टर में डिमोट की गईं कल्पना रघुवंशी के आवास पर पुलिस मुख्यालय की तरफ से नोटिस चस्पा किया गया है। अब कल्पना रघुवंशी का सुराग नहीं लगा। जहांगीराबाद पुलिस भी उनकी तलाश में जुटी है। इधर, पड़ोसियों ने कहा कि उनके सरकारी आवास पर अक्सर अनुष्ठान करते देखे जाने वाले एक बाबा भी लापता हो गए हैं, जिससे अधिकारी के आचरण से जुड़ा रहस्य और गहरा गया है। अपने पिता की मृत्यु के बाद, डीएसपी कल्पना और उनकी चार बहनों का पालन-पोषण उनकी मां ने किया। कल्पना ने कड़ी मेहनत से पढ़ाई की और एक सब-इंस्पेक्टर के रूप में अपना करियर शुरू किया। हालांकि, अनुशासनात्मक उल्लंघनों, अनियमित व्यवहार और ड्यूटी से अनुपस्थिति के कारण वह जल्द ही विवादों से घिर गईं।

## स्मरण दिवस के रूप में मनाई आरएन कपूर की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद कॉलेज में शुक्रवार को आरकेडीएफ ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय आरएन कपूर की 11वीं पुण्यतिथि को स्मरण दिवस के रूप में मनाते हुए उन्हें याद किया। संस्था प्राचार्य डॉ राकेश पाण्डेय ने कहा कि आरकेडीएफ ग्रुप पर सदैव ही आरएन कपूर (डैडी जी) का आशीर्वाद बना रहेगा। ज्ञात रहे कि आरएन कपूर के आशीर्वाद तथा उनके बेटे डॉ सुनील कपूर व पुत्रवधू डॉ साधना कपूर के प्रयासों से ही आज मध्यप्रदेश में तीन मेडिकल कॉलेज, चार आयुर्वेद कॉलेजों के साथ डेंटल, होम्योपैथी, नर्सिंग, पैरामेडिकल, इंजीनियरिंग, फामेर्सी व अन्य संस्थान आरकेडीएफ ग्रुप के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अंतर्गत संचालित हैं। पुण्यतिथि पर संस्था प्राचार्य डॉ राकेश पाण्डेय, डॉ आर गुप्ता, डॉ नितिन तिवारी, डॉ सत्यप्रकाश पाठक, डॉ प्रशांत पाण्डव, डॉ रेम्या आरजी, डॉ पूनम पाण्डेय, डॉ जितेंद्र धनवारे, डॉ वैभव येवोकर, डॉ शैलजा कसेटी, डॉ कीर्ति पटेल, छात्रों में श्रमांक, श्रेयस तिवारी के साथ समस्त आयुर्वेद कॉलेज, हॉस्पिटल व नॉनटीचिंग स्टॉफ उपस्थित रहा।

## भोपाल का पहला उपनगर कोलार, जहां एक सिक्स लेन तो तीन फोरलेनः रामेश्वर

# मंत्री राकेश सिंह ने कहाः हुजूर विधानसभा में जितनी तेजी से विकास कार्य हो रहे उतने तो मेरी विधानसभा में भी नहीं होते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हुजूर विधानसभा आज विकास की एक आदर्श मिसाल बन चुकी है। यहां जनता की बात सुनने की आवश्यकता नहीं पड़ती क्योंकि यहां के विधायक रामेश्वर शर्मा जनता के मन की बात समझते हैं और उसी दिशा में कार्य प्रारंभ कर देते हैं। यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह शुक्रवार को कोलार की पहली 11 करोड़ से बनने वाली व्हाइट टॉपिंग फोरलेन का भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते कही।

राकेश सिंह ने विधायक श्री रामेश्वर शर्मा की विकासोन्मुखी सोच और क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हुजूर विधानसभा आज विकास की एक आदर्श मिसाल बन चुकी है। राकेश सिंह ने कहा कि हुजूर विधानसभा में जितनी तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं, उतने तो कई बार मेरी विधानसभा में भी नहीं होते। उन्होंने कहा कि विकास के प्रति समर्पण और संघर्ष सीखना है तो रामेश्वर शर्मा से सीखिए। उन्होंने अपने क्षेत्र को विकास की नई पहचान दी है। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा की अध्यक्षता में मंदाकिनी चौराहा से अग्रसेन चौराहा (दानिश) गिरधर परिसर व्हाइट टॉपिंग फोरलेन का भूमिपूजन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यति, विधायक प्रतिनिधि अनिकेत पांडे, प्रदीप पाटीदार, गुड्डू भदोरिया, राज शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।




### 11 करोड़ से व्हाइट टॉपिंग होगी यह फोरलेन

यह सड़क परियोजना 2.40 किलोमीटर लंबाई की है, जिसकी कुल स्वीकृत लागत 1152.72 लाख है। 11 माह की समयावधि में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सड़क निर्माण कार्य में व्हाइट टॉपिंग, पुलिया निर्माण, सेंट्रल वर्ज, सीसी ड्रेन, विद्युत पोल शिफ्टिंग और रोड फर्नीचर कार्य सम्मिलित हैं।

### रिंग रोड से जुड़ते दूर होगी ट्रैफिक समस्याः रामेश्वर



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कोलार जो कभी बुनियादी सुविधाओं से वंचित था, आज आधुनिक स्वरूप ले चुका है। पहले यहां सड़कें, सीवेज, पीने का पानी, बिजली, कार्यालय और श्मशान जैसी आवश्यक सुविधाएं तक नहीं थीं, लेकिन अब यह इलाका भोपाल के प्रमुख और आकर्षक उपनगर में शुमार हो चुका है। उन्होंने बताया कि मप्र शासन के नेतृत्व में यहाँ चौड़ी 24 मीटर सड़कों, चार लेन फोरलेन कॉरिडोर, पुलों, और जल निकासी व्यवस्था का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। रिंग रोड से जुड़ते इस इलाके में ट्रैफिक की दिक्कतों को दूर करने के लिए नई सड़कों और वैकल्पिक मार्गों का विकास किया जा रहा है।

## गणना पत्रक पर होगा प्रिंटेड फोटो

# 21 लाख वोटर्स के लिए छपेंगे 44 लाख गणना पत्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार नवंबर से 4 दिसंबर तक गणना पत्रक भरने का काम चलेगा, जिसके लिए निर्वाचन आयोग ने भोपाल के 21 लाख 25 हजार 683 मतदाताओं को फार्म दिए जाएंगे। जिसमें मतदाता का फोटो पहले से प्रिंटेड होगा। बीएलओ एक फार्म देने के साथ एक पर पावती लेगा। जिसका रिकार्ड उसे बीएलओ एप पर भी अपलोड करना पड़ेगा। इधर आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को एसआईआर के लिए पहले से वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट के मृतक और शिफ्टेड मतदाताओं की जानकारी जुटाने की हिदायत दी थी, लेकिन भोपाल के बीएलओ यह जानकारी नहीं जुटा पाए, जिससे एसआईआर के काम में दिक्कत हो सकती है।

### पुरानी वोटर लिस्ट में नाम खोजना टेढ़ी खीर

आयोग ने वर्तमान वोटर लिस्ट के लिए अपनी वेबसाइट पर सर्च इंजन दिया है, जिससे मतदाता अपने वोटर कार्ड का इपिक नंबर डालकर मतदान केंद्र और विधानसभा का पता लगा सकता है। लेकिन वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में सर्च इंजन नहीं है, जिससे मतदाता और बीएलओ को एक-एक नाम तलाश करने में दिक्कत होगी। दरअसल पिछले 22 साल में मतदाताओं की विधानसभा के साथ मतदान केंद्र भी मिल गए हैं। ऐसे मतदाता जिनका नाम वर्ष-2003 के बाद वोटर लिस्ट में जुड़ा है, उन्हें अपने पिता, दादा, ताऊ और चाचा का नाम सर्च करना पड़ेगा। जिसमें विधानसभा, मतदान केंद्र, नाम और मतदाता क्रमांक गणना पत्रक में दर्ज करना पड़ेगा। इन मतदाताओं से गणना पत्रक भरने के बाद बीएलओ पहचान का एक दस्तावेज लेगा।

# महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' के संग पहली बार मंच पर कृष्ण गाथा कहेंगे 500 कलाकार

*तीन मंचों, एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट के प्रयोग के साथ आज होगा नाटक 'सम्राट विक्रमादित्य' का मंचन, मंच पर नजर आएंगे हाथी, घोड़े*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीन मंचों को एक साथ जोड़कर बनाया विशाल मंच, जहां चारों ओर एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट का प्रयोग किया गया तो वहीं मंच पर एक साथ 500 कलाकारों द्वारा नृत्य नाटिका विश्ववंद की प्रस्तुति , जिसमें एक ओर नजर आया श्री कृष्ण का प्रेम तो दूसरी ओर महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' जिसमें मंच पर अपनी मदमस्त में चाल में चलते हाथी और घोड़ों का चलना अपने आप में अद्भुत और आलौकिक लगा, कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर लाल परेड ग्राउंड में जारी 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' की रिहर्सल में। जिसमें दर्शकों के बीच आकर्षक का केंद्र बनेगा विशाल मंच और 8 लाख वाट का साउंड। इस अवसर पर जहां विश्वनंद प्रस्तुति के लिए करीब 500 नृत्यांगनाओं ने सुंदर वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति की रिहर्सल की तो वहीं करीब 200 कलाकारों ने महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' को मंचित किया।



मप्र स्थापना दिवस पर लाल परेड ग्राउंड में तीन मंचों को जोड़कर बनाए गए विशाल मंच पर 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' की रिहर्सल करते कलाकार। इसमें 500 से अधिक कलाकार एक साथ प्रस्तुति देंगे।


मप्र स्थापना दिवस पर महानाट्य की प्रस्तुति के दौरान नृत्य का भी प्रदर्शन होगा। उसी नृत्य का पूर्वाभ्यास करतीं कलाकार।

## पहले दिन 2000 ड्रोन के भव्य शो से होगा कार्यक्रम का शुभारंभ

पहले दिन समारोह का शुभारंभ 2000 ड्रोन के भव्य शो से होगा, जो 'विरासत से विकास' को आकर्षक आकृतियों के माध्यम से प्रदर्शित करेगा। इसके बाद 500 से अधिक कलाकारों की विश्ववंद - श्रीकृष्ण की सांगीतिक यात्रा की समवेत प्रस्तुति के बाद अंत में सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक जुबिन नौटियाल एवं ग्रुप, द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी।


इसी मंच पर श्रीकृष्ण की सांगीतिक यात्रा की समवेत प्रस्तुति का भी मंचन किया जाएगा। उसकी भी रिहर्सल हुई।

### रवींद्र भवन में रघुवीर यादव का प्रसिद्ध नाटक मारे गए गुलफाम का मंचन

# रघुवीर के संवादों में दिखा हंसी, दर्द व जीवन का दर्शन...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाएं हाथ में पेचकस, मुंह में कील, ठक ठक ठक...... निकलेगा तो नहीं? 'अब ठीक है' अपने उसी देसी अंदाज में जब रघुवीर यादव धूल से सनी फर्श पर एकंगे से झुके हुए बैलगाड़ी के साथ का फ्रेम बनाते हुए देखने का दृश्य पंचायत वेब सीरिज की याद दिलाता नजर आया, जींस नीचे और कमीज ऊपर खिंचने से पीछे से उनका शरीर दिख रहा है लेकिन उन्हें सुध नहीं.....दर्शकों से खचाखच भरा रविंद्र भवन का हॉल, और उसमें पंचायत के सरपंच का 'मारे गए गुलफाम' नाटक में वही देसी अंदाज ऑडियंस को खूब भाया।

शुक्रवार को मंचित इस नाटक में 24 कलाकारों की टीम के साथ रघुवीर यादव का यादगार अभिनय वाकई में दिल को छूने वाला लगा। फणीश्वरनाथ रेणु की प्रसिद्ध कहानी मारे गए गुलफाम की कहानी एक बैलगाड़ी वाले हीरामन और एक नौटंकी की नर्तकी हीराबाई की कहानी है, जो एक सरल और भावुक रूप से आपस में प्रेम बंधन में बंधे हुए हैं। इस कहानी को राज कपूर और वहीदा रहमान अभिनीत 1966 में तीसरी कसम नामक एक फिल्म के रूप में रूपांतरित किया गया था, जिसमें दिखाया कि रघु की पाठशाला में गुलफाम खुद को शागिर्द मानने वाले उस्ताद अभिनेता रघुबीर यादव मुंबई से सैकड़ों किलोमीटर दूर भोपाल में जब आपने इस नाटक का जादू बिखेर रहे थे तो दर्शकों का बीच बीच में उनके डॉयलाग्स पर ताली बजाना अपने आप में खास लगा। नाटक में निर्देशन, डिजाइन और संगीत स्वयं रघुवीर यादव का रहा।


रवींद्र भवन में रघुवीर यादव का प्रसिद्ध नाटक मारे गए गुलफाम का मंचन करते कलाकार।


रघुवीर यादव का प्रसिद्ध नाटक मारे गए गुलफाम का मंचन करते कलाकार।

## हीरामन और हीराबाई की प्रेम गाथा

कहानी का मुख्य पात्र हीरामन एक भोला और ईमानदार बैलगाड़ी का गाड़ीवान है। वह हीराबाई, जो एक नौटंकी मंडली की कलाकार है, से मिलता है और उसके प्रति गहरा लगाव महसूस करने लगता है। हीरामन ने तीन कसमें खाई हैं। पहली कसम चोरी का माल गाड़ी में न ले जाने की थी। दूसरी कसम तब खाई जब किसी ने उसके बैलगाड़ी पर लादने के लिए सामान दिया था। तीसरी कसम हीराबाई के प्रति उसके प्रेम से जुड़ी है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, हीरामन को हीराबाई के पेशेवर जीवन की वास्तविकता का पता चलता है और यह सच्चाई उसे बहुत परेशान करती है। उसे हीराबाई से उसके काम को छोड़ने और एक सम्मानजनक जीवन जीने का आग्रह करता है, लेकिन हीराबाई इसे अस्वीकार कर देती है। एक दुखद अंतः में, हीराबाई, हीरामन से अपने अतीत का सच साझा करती है कि उसे बेच दिया गया था। यह बात सुनकर हीरामन दुखी हो जाता है।


रवींद्र भवन में प्रस्तुत नाटक का दृश्य।

### पारंपरिक परिधानों से सजी छठ महोत्सव की संध्या



कार्यक्रम के दौरान रोहित नगर स्थित एक निजी होटल में फोटो सेशन करातीं बिहारी महिलाएं।

# लोकधुनों की गूंज के बीच दिखी बिहार की पारंपरिक संस्कृति की आकर्षक झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकधुनों की गूंज और पारंपरिक परिधानों की छटा के बीच शुक्रवार शाम शहर के रोहित नगर स्थित एक निजी होटल में सजी धजी महिलाओं ने जब छठ उतसव का सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया तो नजारा देखते ही बना। सांस्कृतिक पुनर्सृजन के रूप में छठ उत्सव के लिए कृत्रिम घाट और बिहारी परिधान ने उत्सव के वातावरण को जीवंतता से भर दिया। इतना ही नहीं छठ उत्सव में आए सभी अतिथियों को स्नेहपूर्वक ठेकुआ भी परोसा गया। यह आयोजन सूत्रधारा ग्रुप की हेड प्रीति खरे ने किया, जिसमें शहर के नामचीन हस्तियों को सम्मानित भी किया गया, जिसमें रुचि विजयवर्गीय, मेघा विजयवर्गीय, हरिओम जाटिया, राजकुमारी श्रीवास्तव और मेघा परमार की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

## विविधता ही हमारी ताकत है, एकता ही हमारी पहचान

प्रीति खरे ने कहा कि यह आयोजन सांस्कृतिक विविधता और एकता के संदेश को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया क्योंकि विविधता ही हमारी ताकत है, एकता ही हमारी पहचान। छठ महोत्सव देश के प्रमुख उत्सव के रूप में मनाया जाता है, और इस उत्सव को मनाने के लिए हमारे ग्रुप और शहर की महिलाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण का केंद्र बिहार परिधान उत्सव रहा, जिसमें शहर की मॉडल्स ने बिहार की पारंपरिक वेशभूषा में संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। साथ ही छठ पर्व से जुड़े विशेष व्यंजन और प्रसाद, का भी आगंतुकों ने लुत्फ उठाया।


छठ के लिए बनाए गए कृत्रिम कुंड में ऋतुफल ठेकुआ अर्पित करती महिलाएं।

### स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में हुआ कार्यक्रम



# पीएम की मौजूदगी में भोपाल की बेटियों ने दी बैंड की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की बेटियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस शुक्रवार को गुजरात के एकता नगर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में बैंड की प्रस्तुति दी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट ईदगाह हिल्स भोपाल की टीम का चयन किया था।

स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित बैंड प्रतियोगिता में बालिकाओं की इस टीम ने मप्र का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया था। एकता दिवस परेड में भोपाल की इस टीम ने मनमोहक धुने प्रस्तुत कीं। बालिका टीम ने देशभक्ति गीतों, जिनमें वंदे मातरम, हम सब भारतीय हैं, सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा, मां तुझे सलाम और जय भारती जैसे गीतों पर धुने प्रस्तुत कीं। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम में राज्य पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, अन्य सुरक्षा बल और एनसीसी की टीमों ने प्रस्तुतियां दीं। स्कूल की प्राचार्य सिस्टर लिली ने बताया कि बैंड टीम की ओर से हिन्दी, गुजराती, अंग्रेजी, स्पेनिश और जर्मन धुनों पर प्रस्तुति देने के लिये लम्बा अभ्यास किया था। सेंट जोसेफ कॉन्वेंट की टीम को कार्यक्रम में प्रस्तुति देने का अवसर मिलने से भोपाल सहित पूरे मध्यप्रदेश का मान बढ़ा है।

# मंडला के हेमंत का के2के आयरन मैन राइडर में चयन

## 4100 किमी एक्सपीडिशन के लिए देश का बढ़ाएंगे गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंडला जिले के निवासी हेमंत खरे ने एक बार फिर प्रदेश का नाम रोशन किया है। भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित ऐतिहासिक के2के आयरन मैन राइडर – 4100 किमी एक्सपीडिशन के लिए उनका चयन हुआ है।

हेमंत खरे ग्रीन प्लैनेट बाइसिकल राइडर्स एसोसिएशन से जुड़े हुए हैं और लंबे समय से साइक्लिंग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, फिटनेस और सामाजिक जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। इससे पहले भी वे 23 दिनों में 3100 किलोमीटर की नर्मदा परिक्रमा साइकिल यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर चुके हैं, जो युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन चुकी है। अब वे देश की सबसे बड़ी और लंबी संगठित साइकिल यात्रा के2के आयरन मैन राइड – 4100 किमी एक्सपीडिशन में हिस्सा लेंगे, जो 1 नवम्बर को श्रीनगर कश्मीर से प्रारंभ होकर 17 नवम्बर को कन्याकुमारी तमिलनाडु में संपन्न होगी। करीब 17 दिनों में 4100 किलोमीटर की यह यात्रा भारत के उत्तर से दक्षिण तक विविध भौगोलिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परिदृश्यों को छूते हुए देश की एकता के प्रतीक बनेगें।

**ग्रीन प्लैनेट बाइसिकल राइडर्स एसो. से जुड़े हैं खरे**


साइकिलिस्ट हेमंत खरे का फाइल फोटो।

### बरखेड़ा के अय्यपा मंदिर में हुआ आयोजन

# नवग्रह यज्ञम् में तनिष्का हतवलने ने दी खूबसूरत एकल प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरखेड़ा स्थित अय्यपा मंदिर में नवग्रह यज्ञ या होम का आयोजन किया जा रहा है। यह एक अनुष्ठान है जो नौ खगोलीय पिंडों-सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है, यज्ञ में तनिष्का हतवलने ने नृत्य सेवा के तहत तोडयमंगलम की प्रस्तुति दी। आमतौर पर तोडयमंगलम शास्त्रीय भारतीय संगीत और नृत्य में एक आह्वान के लिए किया जाने वाला नृत्य है। यह देवताओं, अक्सर भगवान विष्णु और उनके अवतारों की प्रशंसा करने वाले भक्ति गीतों की एक पारंपरिक रचना है।


कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं तनिष्का।


कुछ लोक कलाकार घोड़े पर भी नजर आए।

### पूर्वरंग अंतर्गत शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई विशेष सांस्कृतिक यात्रा

# राजधानी की सड़कों पर 250 लोकनर्तकों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य का 70 वां स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ आज से होने जा रहा है, इसके अंतर्गत पूर्व रंग में संस्कृति विभाग द्वारा विशेष सांस्कृतिक यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा ने शुक्रवार को प्रदेश के विविध सांस्कृतिक और पारंपरिक रंगों से शहर के वातावरण में खुशनुमां बना दिया। बैरागढ़, कोलार, गोविंदपुरा, अशोका गार्डन, पिपलानी, अयोध्या बायपास, मिसरोद, होशंगाबाद रोड के प्रमुख क्षेत्रों में होती हुई इस यात्रा में गणगौर, ठाठ्या, घसियाबाजा, बधाई जैसे लोकनृत्यों की प्रस्तुति जनजातीय कलाकारों ने दी। यात्रा में संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी एवं विधायक दक्षिण-पश्चिम भगवानदास सबनानी भी उपस्थित रहे। इस यात्रा में लगभग 250 लोक एवं जनजातीय कलाकारों ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया।


कालीघाट के काली मंदिर रोड पर लोकनृत्य प्रस्तुत करतीं महिला कलाकार।


पारंपरिक वाद्य यंत्रों को बजाते कलाकार।

### बीडीसीए स्व. गोविंद नारायण सिंह 'दाऊ साहब' कप अंडर -15

# अरेरा अकादमी, सेंचुरियन और संजय गुप्ता अकादमी की जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) द्वारा आयोजित स्व. गोविंद नारायण सिंह दाऊ साहब कप अंडर -15 बॉयज इंटर क्लब/ अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को बाबे अली, फ़ेथ क्लब और डीपीएस मैदान पर तीन मैच खेले गए। बाबे अली क्रिकेट मैदान पर सिली पॉइंट क्रिकेट अकादमी और संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया, संजय गुप्ता अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 6 विकेट पर 326 रन बनाए। इनमें वीर प्रताप ने नाबाद 92,अनंत शर्मा 74 और जयदीप ने 40 रन बनाए। सिली पॉइंट के नकुल और दिवाकर ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में सिली पॉइंट की टीम 32.4 ओवर में 72 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें अनिकेत जैन ने नाबाद 37 रन बनाए। संजय गुप्ता के अर्णव ने 4,राजवीर ने 3 विकेट लिए। इस तरह संजय गुप्ता अकादमी ने सिली पॉइंट क्रिकेट अकादमी को 254 रन से हराया।


नीर यादव, 68 रन, नाबाद, अरेरा

### सेंचुरियन ने उड़ान क्रिकेट अकादमी को 6 विकेट से हराया

टूर्नामेंट का दूसरा मैच फ़्रेथ क्रिकेट मैदान पर उड़ान क्रिकेट अकादमी और सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया, उड़ान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 44.4 ओवर में 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें प्रखर सिंह ने 31 रन बनाए। सेंचुरियन के शिवांश और पीयूष सिंह ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में सेंचुरियन 41.5 ओवर में 4 विकेट पर 112 रन बनाकर 6 विकेट से मैच जीत लिया, सेंचुरियन से अनिमेष सक्सेना ने नाबाद 73 रन की पारी खेली। उड़ान के प्रिंस विश्वकर्मा ने 2 विकेट लिए।


अनिमेष सक्सेना, 73 रन, ( सेंचुरियन

### अरेरा ने अकीरा अकादमी को 121 रन से हराया

टूर्नामेंट का तीसरा मैच डीपीएस मैदान पर अरेरा क्रिकेट अकादमी और अकीरा क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया,जिसमें अकीरा अकादमी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी ली। अरेरा 50 ओवर में 5 विकेट पर 216 रन बनाए , जिसमें नीर यादव ने नाबाद 68 और होमी सोलंकी ने 37 रन बनाए। अकीरा के अर्जुन महाले ने 2 विकेट लिए। जवाब में अकीरा की टीम 43.1 ओवर में 95 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें धनुष ने 22 और अर्जुन ने 20 रन बनाए। अरेरा के विराज चतुर्वेदी और केतन ने 3-3 विकेट, होमी 2 विकेट, वैभव व नीर ने 1-1 विकेट लिए। इस तरह अरेरा क्रिकेट अकादमी ने अकीरा अकादमी को 121 रन से हराया।

### सेंट जॉर्ज कप इंटरस्कूल खो-खो टूर्नामेंट का सफल समापन

# अंडर-14 में कॉर्मेल कॉन्वेंट विजेता तो उपविजेता रहीं सेज इंटरनेशनल की गर्ल्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंट जॉर्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नविबाग, भोपाल में आयोजित 12वां सेंट जॉर्ज कप इंटरस्कूल खो-खो टूर्नामेंट 2025 का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। तीन दिवसीय इस खेल महोत्सव में 26 विद्यालयों की 65 टीमों ने भाग लिया और पूरे उत्साह, ऊर्जा एवं खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय रोइंग चैंपियन दलजीत कौर तथा भोपाल सहोदया कॉम्प्लेक्स के संयुक्त सचिव एवं आनंद विहार विद्यालय के प्राचार्य शैलेश जोपे उपस्थित रहे। विशेष अतिथि अपूर्व सिंह एवं अंजलि थॉमस रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ टूर्नामेंट की झलकियों के प्रदर्शन से हुआ, जिसके पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पदक प्रदान किए गए। विद्यालय के प्राचार्य राजेश नायर ने सभी विजेता टीमों एवं प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि "इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग एवं खेल भावना को और मजबूत किया है। आयोजन सचिव विनय कुमार मेहता ने सभी विद्यालयों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह आयोजन अत्यंत सफल और यादगार बना।







#### अंतिम परिणाम

**अंडर-14 बालिका वर्ग**
विजेताः कॉर्मेल बीएचईएल
उपविजेताः सेज इंटरनेशनल

**अंडर-14 बालक वर्ग**
विजेताः सेंट जॉर्ज इंटरनेशनल
उपविजेताः डी.एम. को-एड स्कूल

**अंडर-17 बालक वर्ग**
विजेताः फादर एग्नेल को-एड स्कूल
उपविजेताः मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल

**अंडर-17 बालिका वर्ग**
विजेताः सेंट जोसेफ कॉन्वेंट
उपविजेताः फादर एग्नेल को-एड स्कूल

**अंडर-19 बालक वर्ग**
विजेताः मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल
उपविजेताः डी.एम. को-एड स्कूल

**अंडर-19 बालिका वर्ग**
विजेताः कार्मेल बीएचईएल
उपविजेताः डी.एम. को-एड स्कूल

## अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल की पलक परमार का राष्ट्रीय शालेय कुश्ती के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

23 से 27 अक्टूबर तक उज्जैन के क्षीरसागर स्टेडियम में 69-वीं राज्य स्तरीय शालेय बालक/बालिका फ्री-स्टाइल अंडर-14 एवं बालक=ग्रिरीको रोमन अंडर-17,19 की कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल की पलक परमार ने बालिका वर्ग अंडर-14,के 35 किलो ग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान अर्जित कर, आगामी होने वाली वर्ष 2025-26 की राष्ट्रीय शालेय कुश्ती (दिल्ली) में प्रदेश के दल से भाग लेने के लिए अपना स्थान पक्का किया। पहलवान पलक परमार की इस उपलब्धि के लिए पलक परमार एवं इनके माता-पिता सांथ ही अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल परिवार को भोपाल ज़िला कुश्ती संघ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।


कोच फातिमा के साथ पलक।

### 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय टेबल टेनिस व एथलेटिक्स

## टेबल टेनिस में इंदौर रहा ओवरआल चैंपियन, मेजबान दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

69 वीं राज्य स्तरीय शालेय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में इंदौर के खिलाड़ियों ने एकतरफा प्रदर्शन कर अंडर-14, 17 व 19 तीनों वर्गों के बालक व बालिका वर्ग में स्वर्णिम सफलता प्राप्त कर ओवरआल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। वहीं मेजबान भोपाल तीन इवेंट में दूसरे व दो इवेंट में दूसरे स्थान पर रहा है। इसके अलावा जबलपुर और ग्वालियर की टीमों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है।

स्थानीय तात्या टोपे स्टेडियम में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक वर्ग में इंदौर पहले, भोपाल दूसरे व ग्वालियर तीसरे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में इंदौर पहले, जबलपुर दूसरे व भोपाल तीसरे स्थान पर रहा। अंडर 17 बालक वर्ग में इंदौर पहले, जबलपुर दूसरे व भोपाल तीसरे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में इंदौर पहले, ग्वालियर दूसरे व उज्जैन तीसरे स्थान पर रहा। अंडर 19 बालक वर्ग में इंदौर पहले, भोपाल दूसरे व जबलपुर तीसरे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में इंदौर पहले, भोपाल दूसरे व जबलपुर तीसरे स्थान पर रहा। इधर एथलेटिक्स अंडर 17 बालक वर्ग में जनजातीय विभाग पहले, भोपाल दूसरे व उज्जैन तीसरे स्थान पर रहा, वहीं बालिका वर्ग में जबलपुर पहले, मेजबान भोपाल दूसरे व उज्जैन तीसरे स्थान पर रहा। समापन अवसर पर सहायक संचालक डा. प्रदीप अस्टेया और जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र अहिरवार ने पुरस्कार वितरित किए।


विजेता टीम


## इशिका मिंज ने स्वर्ण और दुर्गा सूर ने रजत पदक जीता


टीम के साथ इशिका और दुर्गा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल पिकलबाल चैंपियनशिप में ईशिका मिंज और दुर्गा सुर ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में इशिका ने स्वर्ण और दुर्गा ने रजत पदक जीता। हाउस आफ डिंक बावडिया कला में आयोजित इस चैंपियनशिप में विभिन्न कैटेगरी के मुकाबले खेले गए। महिला वर्ग के सिंगल्स फाइनल में इशिका मिंज ने स्वर्ण, दुर्गा सुर ने रजत व आद्या दुबे ने कांस्य पदक जीता। मिक्सड डबल्स में अनुभव तोलानी- इशिका मिंज की जोड़ी ने स्वर्ण पदक, भावेश गौर- आद्या दुबे ने रजत तथा दिग्विजय सिंह- आकृति की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता। समापन अवसर पर भोपाल जिला पिकलबाल एसोसिएशन के सचिव आशीष मट्टा, ऐस पिकलबाल क्लब के आदित्य सूर, टूर्नामेंट डायरेक्टर चिराग सिदाना व विशरूथ जोशी ने पुरस्कार वितरित किए।

## लाइफ स्टाइल



## बाहुबली द एपिक में दिखे डिलीटेड सीन ऐसे हुई थी बाहुबली की रियल एंट्री

**नई दिल्ली।** डायरेक्टर एस.एस राजामौली ने अपनी मास्टरपीस फिल्में बाहुबली द बिगनिंग (2015) और बाहुबली द कंक्लूजन (2017) को मिलाकर एक फिल्म 'बाहुबलीः द एपिक' बनाई, जो 31 अक्टूबर को वर्ल्ड वाइड रिलीज हो चुकी है। 'बाहुबलीः द एपिक' ने रिलीज होते ही थिएटर में धमाका मचा दिया है, क्योंकि फिल्म में वो डिलीटेड सीन देखने को मिल रहे हैं, जो पहले दो पार्ट में नहीं देखने को मिले हैं। दर्शक इस डिलीटेड सीन पर कितना चीयर कर रहे हैं। दरअसल, इस डिलीटेड सीन में देखा जा रहा है कि फिल्म के दूसरे पार्ट में देवसेना के बेटे अमरेंद्र बाहुबली की एंट्री किसी और तरीके से हुई थी और 'बाहुबली द एपिक' में किसी और स्टाइल में दिखाई जा रही है। इसमें भल्लालदेव के पिता विट्ठल देव गुस्से में दिख रहे हैं और वहीं, उनके डायलॉग के साथ-साथ देवसेना के सामने उसके बेटे की दमदार एंट्री हो रही है।

**लाइफ Style**

# अनीत

## जानवरों के साथ तस्वीरें और वीडियो किए शेयर

'सैयारा' फेम अनीत पड्डा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर यहां अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जानवरों के साथ कई बेहतरीन तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। तस्वीरों के साथ अनीत पड्डा ने एक खूबसूरत पोस्ट लिखी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनीत पड्डा ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उसमें वह कुत्ते और बिल्लियों के साथ नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में वह बिल्लियों के पास बैठी हैं। एक वीडियो में वह कुत्ते को गोद में लिए हुए हैं। एक वीडियो में अनीत पड्डा बिल्लियों से प्यार कर रही हैं। एक और तस्वीर में वह पौधा लगाते हुए नजर आ रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए अनीत पड्डा ने उस संगठन की तारीफ की जो जानवरों को पाल रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'इन आत्माओं के साथ कुछ समय बिताया जो बिना किसी भाषा के प्यार करते हैं। इन प्यारे जानवरों के साथ मुझे समय बिताने और बदले में इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद।' अनीत पड्डा की पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है 'आप बहुत दयालु हैं।' एक और यूजर ने लिखा है 'अनीत मैडम आप बहुत खूबसूरत हो।' एक और यूजर ने कहा है 'आप शुरू से अब तक चमक रही हो'। आपको बता दें कि अनीत पड्डा 18 जुलाई को रिलीज हुई फिल्म 'सैयारा' में अहान पांडे के साथ नजर आई थीं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 579.23 करोड़ रुपये का कारोबार किया। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों से तारीफें मिलीं। अनीत पड्डा हॉरर कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आने वाली हैं।




### हॉलीवुड मसाला

## स्टैंड बाई मी ने बना दिया स्टार



**नई दिल्ली।** रिवर फीनिक्स एक ऐसा नाम है जो हॉलीवुड में सिर्फ एक कलाकार नहीं, बल्कि एक वादा था। एक वादा जो अधूरा रह गया। कहा जाता है कि फीनिक्स पक्षी राख से पुनर्जन्म लेता है, लेकिन रिवर फीनिक्स की कहानी कुछ अलग थी। वह राख से तो उठा, पर उड़ान पूरी करने से पहले ही बुझ गया। रिवर ने सिर्फ 10 साल की उम्र में टीवी से अपने कॅरियर की शुरुआत की, लेकिन 1986 में आई फिल्म स्टैंड बाई मी ने उन्हें स्टार बना दिया। इस फिल्म में उनका मासूम लेकिन गहराई से भरा अभिनय आज भी याद किया जाता है। इसके बाद 'रनिंग ऑन एम्प्टी' में उनका प्रदर्शन इतना शानदार था कि उन्हें 'ऑस्कर नॉमिनेशन' तक मिला। निर्देशक सिडनी ल्यूमेट ने एक बार कहा था, 'रिवर के अंदर एक पुरानी आत्मा थी, जो अपने उम्र से कहीं ज्यादा समझदार थी।'



## नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई द विचर सीजन 4

**नई दिल्ली।** लियाम हेम्सवर्थ अपनी लेटेस्ट रिलीज के साथ हेनरी कैविल का किया काम संभाल रहे हैं। एक्टर इन दिनों नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुए 'द विचर'सीजन 4 में रिविया के गेराल्ट के रूप में नजर आ रहे हैं। शो के निर्माताओं के अनुसार, नए सीजन में गेराल्ट, येनेफर और सिरी की कहानी जारी रहेगी, जिन्हें पूरे महाद्वीप में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। हेनरी केविल ने साल 2022 में इस भूमिका से अलग होने का फैसला किया था जिसके बाद लोनली प्लानेट एक्टर को गेराल्ट के रोल के लिए चुना गया। अपने इंस्टाग्राम पर एक्टर ने एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी थी। एक्टर ने लिखा, "गेराल्ट ऑफ रिविया के रूप में मेरी यात्रा राक्षसों और रोमांच दोनों से भरी हुई है और अफसोस, मैं सीजन 4 के लिए अपने पदक और अपनी तलवारें रख दूंगा। हालांकि, फैंस हेनरी केविल की जगह एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रशंसक मुखर रहे हैं, और उन्होंने इस सीज़न को निरर्थक, भ्रमित करने वाला और अपने चरम से बहुत दूर कहा है। द विचर सीजन 4 30 अक्टूबर को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गया है।



## 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज डेट आगे बढ़ी

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में डेविड के बेटे और बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में वरुण के साथ दो अभिनेत्रियां मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की रिलीज डेट बदल दी गई है। पहले यह अप्रैल 2026 में आने वाली थी, लेकिन अब यह 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े की केमिस्ट्री नजर आएगी। रॉम कॉम फिल्म को लेकर वरुण के फैंस बेहद उत्साहित हैं। वरुण धवन ने आज इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी आगामी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की एक तस्वीर शेयर की। जिसमें नारियल के पेड़ों के साथ बीच में लिखा फिल्म का नाम 'है जवानी तो इश्क होना है'।



## कोरियन एक्टर डॉन ली की स्पिरिट में हुई एंट्री

**मुंबई।** साउथ इंडियन सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'स्पिरिट' में अब एक रोमांचक मौड़ आया है। इस फिल्म से अब एक कोरियन एक्शन एक्टर जुड़ गए हैं। मेकर्स ने ऐलान किया है कि ट्रेन टू बुसान'और इटर्नल्स के लिए मशहूर एक्टर डॉन ली ने संदीप वांदा रेड्डी की एक्शन फिल्म 'स्पिरिट' साइन कर ली है। फिल्म स्पिरिट को संदीप रेड्डी वांगा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो कबीर सिंह और एनिमल जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। इस महीने प्रभास के जन्मदिन पर पांच भाषाओं- तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में फिल्म स्पिरिट का 'साउंड स्टोरी' टीजर जारी हुआ था। इस फिल्म में प्रभास और डॉन ली के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम किरदार में नजर आएंगे। कथित तौर पर पहले दीपिका पादुकोण लीड रोल में थीं, लेकिन शेड्यूल की समस्या से उन्होंने फिल्म छोड़ दी।






## राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने घोषणा पत्र जारी किया

# बिहार के विकास का ब्लू प्रिंट जनता के सामने रखा, गरीबों को ध्यान में रख पंचामृत गारंटी की घोषणा की, सभी को साधने की कोशिश की

एजेंसी ▶▶ पटना

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पटना के एक बड़े होटल में एनडीए के सभी घटक दलों के प्रमुख नेता ने मिलकर 'संकल्प पत्र 2025' के नाम से घोषणा पत्र जारी किया। सीएम नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और सांसद उपेंद्र कुशवाहा, बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा की मौजूदगी में जारी किए गए घोषणा पत्र को विकसित बिहार का ब्लू प्रिंट बताया गया। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने एनडीए की ओर से घोषणा पत्र के बारे में जानकारी दी।

## एनडीए के सभी सहयोगी दल रहे मौजूद, उपमुख्यमंत्री सम्राट ने दी जानकारी



एनडीए का मेनिफेस्टो जारी करते भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम नीतीश कुमार और साथ में सभी सहयोगी।

### पंचामृत गारंटी में ये मुद्दे किए शामिल

एनडीए ने अपने संकल्प पत्र में बिहार के गरीब वर्ग पर भी ध्यान दिया है। एनडीए ने गरीबों को ध्यान में रखते हुए पंचामृत गारंटी की घोषणा की है। एनडीए ने पंचामृत गारंटी के तहत पांच गारंटियां दी हैं, जो सिर्फ गरीबों के लिए लागू की जाएंगी। जिन 5 गारंटियों की एनडीए बात कर रही हैं उसमें मुफ्त राशन, 125 यूनिट मुफ्त बिजली, पांच लाख रुपए तक का मुफ्त उपचार, 50 लाख पक्के मकान और सामाजिक सुरक्षा पेंशन सुनिश्चित किए जाने की बात कही है।

## एक करोड़ से अधिक नौकरी और रोजगार देने का संकल्प

चौधरी ने कहा कि 5 साल में बिहार को एक औद्योगिक हब के रूप में डेवलप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने युवा, महिला, गरीब, दलित, अतिपिछड़ों पर फोकस किया। हम लोगों ने एक करोड़ से अधिक नौकरी और रोजगार देने का संकल्प लिया है। महिला रोजगार के लिए महिलाओं को 2लाख तक की सहायता राशि एनडीए सरकार देगी। एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का काम एनडीए सरकार करेगी।

### अतिपिछड़ा समाज के कामगार वर्गों को 10 लाख रुपए की मदद

चौधरी ने कहा कि हमलोगों की सरकार बनी तो हमलोग मिशन करोड़पति भी शुरू करेंगे। महिलाओं को करोड़पति बनाने की दिशा में काम करेंगे। अतिपिछड़ा समाज के कामगार वर्गों को 10 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। अभी केंद्र सरकार किसानों को छह हजार दे रही है। अब एनडीए सरकार बिहार के किसानों को 3 हजार रुपए देगी। हर साल अब किसानों को 9 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसे कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान का नाम दिया गया है।

### इंडी गठबंधन ने जमीनें हड़पी, चारा भी खाया



गड़हनी में रैली के दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन इसलिए आया है जिससे वे गरीबों के राशन पर डकैती डाल सकें। गरीबों के राशन को तो उन्होंने खाया ही, पशुओं का चारा भी खा गए। ये नौकरी के नाम पर जमीन को हड़पने का काम किया। किसानों की भूमि पर कब्जा किया।

**अब यूपी में दंगा नहीं, सब चंगा**

सिवान के रघुनाथपुर में योगी ने कहा, बिहार के अंदर हर पेशेवर माफिया और अपराधी आरजेडी और कांग्रेस का शागिर्द है। अब यूपी में दंगा नहीं सब चंगा है।

**अब लाल सलाम नहीं, जय श्री राम का नारा गूंजेगा**

इस दौरान योगी ने अपनी रैली में कहा कि बिहार में अब लाल सलाम नहीं, जय श्री राम का नारा गूंजेगा।

### 3 साल के तेज प्रताप को दान में मिली 13 एकड़ जमीन

यह तेज प्रताप यादव की और बृज बिहारी सिंह की पत्नी रमा देवी की। तेज प्रताप की उम्र उस समय महज तीन साल थी। रमा देवी भी तब सिर्फ बृज बिहारी की पत्नी तक सीमित थी। तब सुशील मोदी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि रमा देवी ने लालू के बेटे तेज प्रताप के नाम 13 एकड़ जमीन कर दी थी। एक दस्तावेज भी दिखाया गया। दस्तावेज में लिखा था कि तेज प्रताप को मुजफ्फरपुर के किशनगंज मौजा में स्थित दो भूखंड तोहफे के रूप में दिए जा रहे हैं। एक भूखंड का रकबा 9 एकड़ 24 डिसमिल है और दूसरे का 3 एकड़ 88 डिसमिल।



### मोंथा के कारण नहीं उड़ पाए नीतीश व तेजस्वी


पटना समेत अन्य स्थानों पर मोंथा का असर।

बिहार में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर जारी है। पिछले 24 घंटे से पटना समेत कई जिलों में लगातार बारिश हो रही है। शुक्रवार को पूरे बिहार के अधिकांश जगहों पर बारिश का अलर्ट जारी किया गया था। पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 1

## एनडीए की 25 घोषणाएं

- एक करोड़ से अधिक सरकारी नौकरी व रोजगार दिया जाएगा।
- हर जिले में मेगा स्किल सेंटर खोला जाएगा।
- बिहार स्पोर्ट्स सिटी व प्रखंडों में खेलों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा।
- हर जिले में फैक्ट्री व 10 नए औद्योगिक पार्क का निर्माण किया जाएगा।
- 100एमएसएमई पार्क व 50,000 से अधिक कुटीर उद्योग स्थापित किए जाएंगे।
- डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क स्थापित करेंगे
- महिला रोजगार योजना से महिलाओं को 2 लाख तक की सहायता राशि दी जाएगी।
- 1 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनेंगी।
- 'मिशन करोड़पति' के माध्यम से महिला उद्यमी करोड़पति बनेंगी।
- किसान सम्मान निधि 6,000 से बढ़ाकर 9,000 रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।
- मत्स्य पालकों को 4,500 से बढ़ाकर 9,000 रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।
- सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी दी जाएगी।
- एग्री-इन्फ्रास्ट्रक्चर में 9 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।
- हर अनुमंडल में एससी व एसटी के विद्यार्थियों के लिए आवासीय विद्यालय बनाया जाएगा।
- उच्च शिक्षा संस्थान में अध्यनरत सभी एससी वर्ग के विद्यार्थियों को प्रति माह 2,000 रुपए दिया जाएगा।
- ईबीसी वर्ग की जातियों को 10 लाख की सहायता देंगे
- गरीब परिवारों के छात्रों को नर्सरी से पीजी तक मुफ्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी।
- स्कूलों में मिड-डे मील के साथ पौष्टिक नाश्ता दिया जाएगा।
- 50 लाख नए पक्के मकान, मुफ्त राशन, 125 यूनिट मुफ्त बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना जारी रहेगा।
- 5,000 करोड़ रुपए से जिलों के प्रमुख स्कूलों का कायाकल्प करेंगे।
- 7 एक्सप्रेसवे व 3,600 किमी रेल ट्रैक का आधुनिकीकरण होगा।
- विश्वस्तरीय मेडिकल सिटी और हर जिले में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाएगा।
- मां जानकी की जन्मस्थली को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक नगरी सीतापुरम के रूप में विकसित करेंगे।
- पटना, दरभंगा, पूर्णिया व भागलपुर में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और 4 नए शहरों में मेट्रो का निर्माण होगा।
- बिहार को बाढ़ मुक्त बनाया जाएगा।

### मोकामा कांड में अनंत के आरोपों पर सूरजभान बोले

## चुनाव आयोग जांच करवाए



मोकामा में दुलारचंद यादव हत्याकांड पर मोकामा विधानसभा से राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी वीणा देवी के पति बाहुबली सूरजभान सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। इससे कारण सबसे बड़ी बदनामी चुनाव आयोग की हो रही है। मैं आयोग से आग्रह करता हूं कि इस मामले पर सेवानिवृत्त जज की निगरानी में जांच कमीशन बनाए।

**फिर बवाल, शव यात्रा में गोलीबारी और पत्थरबाजी की**

दुलारचंद की शव यात्रा के दौरान पत्थरबाजी गोलीबारी की घटना हुई। यहां पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। चुनाव आयोग ने बिहार डीजीपी से रिपोर्ट तलब की है।

## खबर संक्षेप

### नॉर्थ ईस्ट ऊर्जा-लक्ष्मी में बदल रहा :जोशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में नॉर्थ ईस्ट को ऊर्जा-लक्ष्मी का स्वरूप बताया। जोशी ने एक्स पर बताया कि वे गुवाहाटी में रिन्यूएबल एनर्जी पर रीजनल वर्कशॉप में शामिल हुए और कार्यक्रम में अपना भाषण दिया।



### राजस्थान में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू

**जयपुर।** राजस्थान में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू हो गया है। शुक्रवार से धर्मांतरण से जुड़े मामलों में नए कानून के तहत केस दर्ज किया जाएगा। गृह विभाग ने नए इसके लिए गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। अब इस कानून के तहत अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन के लिए भी पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी।



### संजय राउत की तबीयत बिगड़ी,अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय राउत की तबीयत खराब हो गई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी दी कि उनकी सेहत में गंभीर गिरावट आई है और फिलहाल इलाज जारी है। राउत ने लिखा कि मेरा इलाज चल रहा है और मुझे पूरा भरोसा है कि मैं जल्द ही ठीक हो जाऊंगा।



### एआईसीडब्ल्यूए ने की मुंबई केस जांच की मांग

**मुंबई।** मुंबई के पॉवई इलाके में स्थित आरए स्टूडियो से हाल ही में सामने आया अपहरण कांड ने पूरे फिल्म जगत को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना ने इंडस्ट्री की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार से तत्काल उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।




## अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन- 2025 में पीएम मोदी ने कहा

# आर्य समाज को वो सम्मान नहीं दिया गया जो मिलना था...यह प्रबल राष्ट्रभक्त संस्था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के रोहिणी स्थित जापानी पार्क में आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन- 2025' में भाग लिया। उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती की 150वीं जयंती पर आर्य समाज के योगदान और उनके विचारों को नमन करते हुए कहा कि आर्य समाज ने पिछले डेढ़ सौ वर्षों से राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हैं। आर्य समाज अपनी स्थापना से लेकर आज तक एक प्रबल राष्ट्रभक्त संस्था रही है, जिसने सदैव भारतीयता की भावना को जीवित रखा है। आर्य समाज ने विदेशी विचारधाराओं, विभाजनकारी मानसिकता और सांस्कृतिक प्रदूषण के हर दुष्प्रयास को खुलकर चुनौती दी है। लेकिन, उन्हें पिछली सरकारों ने वह सम्मान नहीं दिया, जिसका वह हकदार था। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, ज्ञान ज्योति महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार आर्य, डीएवी कॉलेज के अध्यक्ष पूनम सूरी, परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रुद्रसेन सिंधु इस सम्मेलन में उपस्थित रहे।

> मोदी ने स्वामी की 150वीं जयंती पर आर्य समाज के योगदान और उनके विचारों को नमन करते हुए कहा कि आर्य समाज ने डेढ़ सौ वर्षों से राष्ट्रभक्ति, संस्कृति और सामाजिक सुधार में सराहनीय कार्य किए।

### स्वामी दयानंद सरस्वती की 150वीं जयंती पर किया नमन

**सभी कुरीतियों को चुनौती दी**

#### स्वामी दयानंद को एक 'युगदृष्टा महापुरुष' बताया

**भारतीयता की भावना को जगाया**


कार्यक्रम को संबोधित करते पीएम मोदी।

पीएम मोदी ने स्वामी दयानंद को एक 'युगद्रष्टा महापुरुष' बताते हुए कहा कि स्वामी दयानंद ने समाज में महिलाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण माना। उन्होंने उस सोच को चुनौती दी, जिसने नारी को घर की चौखट तक सीमित कर रखा था। स्वामी दयानंद ने महिलाओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए आर्य समाज के विद्यालयों में बेटियों के लिए शिक्षा की शुरुआत की। जालंधर में आरंभ हुआ कन्या विद्यालय आगे चलकर कन्या महाविद्यालय बन गया और ऐसे ही संस्थानों में पढ़ी लाखों बेटियां आज राष्ट्र की नींव को मजबूत कर रही हैं।

#### ध्वस्त होती गुरुकुल परंपरा को बचाया

उन्होंने कहा कि आर्य समाज के जिन कार्यों का ऋण देश पर है, उनमें एक महान कार्य देश की गुरुकुल परंपरा को जीवित रखना भी है। एक समय गुरुकुलों की ताकत से ही भारत ज्ञान-विज्ञान के शिखर पर था। गुलामी के दौर में इस व्यवस्था पर जान-बूझकर प्रहार किए गए। इससे हमारे संस्कार नष्ट हुए, नई पीढ़ी कमजोर हुई। आर्य समाज ने आगे आकर ध्वस्त होती गुरुकुल परंपरा को बचाया।

#### आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहीं

प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं की प्रगति के उदाहरण देते हुए कहा कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अभी दो दिन पहले ही हमारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राफेल फाइटर प्लेन में उड़ान भरी। इसमें उनकी साथी बनीं, स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह। आज हमारी बेटियां फाइटर जेट उड़ा रही हैं और ड्रोन दीदी बनकर आधुनिक कृषि को भी बढ़ावा दे रही हैं।

#### स्वामी दयानंद ने इतिहास की धारा को नई दिशा दी

रोहिणी स्थित जापानी पार्क में आर्य समाज की 150वीं वर्षगांठ और महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन का आयोजन किया गया। मंच पर पहुंचने पर लोगों ने जोश और उत्साह के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रोहिणी हेलीपोर्ट पहुंचने पर पीएम मोदी का स्वागत किया। चार दिवसीय इस कार्यक्रम में कई देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। महासम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि आज मुझे एक बार फिर आर्य समाज के आयोजन में पहुंचने का अवसर मिला। मैं स्वामी दयानंद सरस्वती को प्रणाम करता हूं। उन्हें आदरपूर्वक श्रद्धांजलि देता हूं।

#### यह पूरे भारत की वैदिक पहचान से जुड़ा

आर्य समाज की स्थापना केवल समाज के एक हिस्से या संप्रदाय से जुड़ा नहीं है। यह पूरे भारत की वैदिक पहचान से जुड़ा है। गंगा के प्रवाह की तरह खुद को हर परिस्थिति में ढालने की महान परंपरा से जुड़ा है। इसने समाज सुधार की महान परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया। लाला लाजपत राय जैसे क्रांतिकारियों ने आर्य समाज से प्रेरणा लेकर आजादी की लड़ाई लड़ी। आजादी की लड़ाई में आर्य समाज की भूमिका को सम्मान नहीं मिला, जिसका वह हकदार था।

#### आनंद सरस्वती जी भी इसी विराट परंपरा के महर्षि रहे

150 वर्ष हो रहे हैं तो समाज और देश स्वामी दयानंद के महान विचारों को इस विराट स्वरूप में नमन कर रहा है, क्योंकि स्वामी दयानंद ने आर्य समाज के जरिए इतिहास की धारा को एक नई दिशा दी। आज शिक्षा में उन सब की ऊर्जा और आशीर्वाद भी शामिल है। हमारे समक्ष किसी भी कारणवश जब नई चुनौतियां आती हैं, समय नए सवाल पूछता है तो कोई न कोई महान विभूति उनके उत्तर लेकर अवतरित हो जाती है। हमारे समाज को नई दिशा दिखाई आनंद सरस्वती जी भी इसी विराट परंपरा के महर्षि थे।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले

# मेरी व्यक्तिगत राय में आरएसएस पर लगे बैन



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत राय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि देश में ज्यादातर कानून-व्यवस्था की समस्याएं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस की वजह से पैदा हो रही हैं। खरगे ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कांग्रेस पर किए गए हमलों पर पलटवार किया। उन्होंने सरदार पटेल के उस बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने महात्मा गांधी की हत्या (1948) के बाद आरएसएस की आलोचना की थी।

#### देश की एकता में 'आयरन मैन' 'आयरन लेडी' का बड़ा योगदान

खरगे ने कहा कि यह मेरी निजी राय है, इसे किया जाना चाहिए, क्योंकि देश में ज्यादातर मुद्दे और कानून-व्यवस्था की दिक्कतें भाजपा-आरएसएस से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आज देश 'लौह पुरुष' सरदार पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मना रहा है। ये दोनों महान नेता एक 'आयरन मैन' और एक 'आयरन लेडी' देश की एकता बनाए रखने में बड़ा योगदान देने वाले थे।

#### मुखर्जी को सरदार पटेल के पत्र का किया जिक्र

खरगे ने एक पत्र का भी जिक्र किया जो सरदार पटेल ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को लिखा था, जिसमें उस समय के गृह मंत्री पटेल ने कहा था कि आरएसएस ने ऐसा माहौल बनाया, जिससे महात्मा गांधी की हत्या जैसी त्रासदी संभव हो सकी।

### भाजपा प्रवक्ता पूनावाला का पलटवार

## कांग्रेस ने सरदार पटेल की अनदेखी की, वह सदैव दंगाइयों के साथ खड़ी

खरगे के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा ने कांग्रेस पर 50 से ज्यादा सालों तक सरदार पटेल की अनदेखी करने और उनके योगदान को कम करके आंकने का आरोप लगाया। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस कभी पटेल के पदचिन्हों पर नहीं चली और अब आरएसएस का विरोध करने के लिए उनके नाम का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नहीं है। इसका मतलब भारतीय नाजी कांग्रेस है। उनकी तमाम साजिशों के बावजूद कोर्ट ने आरएसएस पर से प्रतिबंध हटा दिया। आरएसएस एक गैर-राजनीतिक संगठन है और सरकारी कर्मचारी उनकी गतिविधियों में भाग ले सकते हैं।



### इंडियन डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन सेंटर का चौथा 'आर्बिट्रेट इन इंडिया कॉन्क्लेव 2025'

# कानून मंत्री ने आर्बिट्रेशन को मजबूती देने कानून में संशोधन का किया ऐलान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दो टूक कहा कि देश में आर्बिट्रेशन को मजबूती देने के लिए अब समय आ गया है जब कानून में संशोधन कर इसे मजबूती दी जाए ताकि लोगों को त्वरित और खर्च रहित न्याय समयबद्ध तरीके से मिलने में आसानी हो। कानून मंत्री देश के प्रतिष्ठित इंडियन डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन सेंटर के तत्वावधान में आयोजित 'आर्बिट्रेट इन इंडिया कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को सबसे बड़ा और सबसे पुराना आर्बिट्रेटर बताते हुए कहा कि महाभारत की लडाई में भगवान श्रीकृष्ण ने आर्बिट्रेटर की भूमिका निभायी थी। वैसे ही हमारे देश के गांवों में पंच, सरपंच, मुखिया जैसे कई संस्थान हैं जो लंबे समय से छोटे मोटे मामलों को निपटाने का काम करते रहे हैं, वे भी एक तरह से आर्बिट्रेटर की भूमिका में हैं। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि आर्बिट्रेशन एंड कॉन्सिलिएशन एक्ट, 1996 में जल्द ही संशोधन लाया जाएगा। सेक्शन 34 के तहत न्यायिक हस्तक्षेप को 'पेटेंट इल्लीगैलिटी' तक सीमित किया जाएगा। भारत 2028 तक आर्बिट्रेशन का वैश्विक हब बनेगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के सभी अनुबंधों में संस्थागत मध्यस्थता अनिवार्य होगी। 6 महीने में विवाद सुलझे, यही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि देश को मजबूत वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्र की आवश्यकता है, जो अदालतों पर बोझ कम करे और आर्थिक आत्मविश्वास को मजबूत करे।




#### कई नामचीन हस्तियाँ उपस्थित रहीं

इस अवसर पर देश की न्यायपालिका और विधि समुदाय की कई नामचीन हस्तियां उपस्थित रहीं। इनमें अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.डी. संजय, सीनियर एडवोकेट अनुराधा दत्त (डीएमडी एडवोकेट्स), बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सह-अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, बॉम्बे लॉ चैंबर्स के पार्टनर आयुष अग्रवाल, शार्दूल अमरचंद मंगलदास की पार्टनर श्रुति सभरवाल, तथा डीआरएसबी लॉ-चैम्बर्स के फाउंडिंग पार्टनर डॉ. शाश्वत बाजपेयी शामिल हैं।

#### सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एचएमजे मनमोहन ने दिए सुझाव

इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के जज एचएमजे मनमोहन ने एडहॉक आर्बिट्रेशन अब अतीत की बात होनी चाहिए। संस्थागत ढांचा ही विश्वास और गति ला सकता है। कोर्ट्स को सिर्फ 'पब्लिक पॉलिसी' उल्लंघन पर ही हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने आगे सुझाव दिया कि 100 करोड़ से ऊपर के सभी अनुबंधों में आईआरडीसी, डीआईएसी या आईआईएसी को अनिवार्य किया जाए।

#### सरदार पटेल को किया याद वकालत का किया जिक्र

इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल को याद करते हुए कहा, आज सरदार पटेल को सब याद कर रहे हैं। मगर ये बात कम लोगों को पता होगी कि वे भी एक वकील थी। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी ने एक पुस्तक में इस बात का जिक्र किया है कि कैसे सरदार पटेल ने वर्ष 1909 में 46 लोगों की जान बचाने की पैरवी कर कोर्ट में कर रहे थे। इतने में उन्हें सूचना दी जाती है कि उनकी पत्नी का देहांत हो गया। चेहरे पर बिना शिकन वे कोर्ट में लोगों को बचाने को जिरह करते रहे। बाद में जज ने पूछा कि आपकी पत्नी का देहांत हो गया और आप बिना विचलित हुए जिरह करते रहे। सरदार पटेल ने कहा कि पत्नी अब वापस नहीं आ सकती, लेकिन जिन लोगों की जान आफत में है, उन्हें बचाया जा सकता है तो मैंने जिरह की।

## थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी बोले

# नए युद्ध क्षेत्र में सैन्य ताकत के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता भी जरूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध अब तेजी से संपर्क रहित होते जा रहे हैं। इसलिए इसके जवाब में सैन्य ताकत के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता और नैतिक तैयारी की भी जरूरत है। यह बात उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर नई दिल्ली के मानेकशॉ केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि युवाओं की भूमिका थिंक टैंक, प्रयोगशालाओं और युद्धक्षेत्र जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में होनी चाहिए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी सेना के अधिकारियों, छात्रों और रक्षा विशेषज्ञों को संबोधित किया। यह कार्यक्रम सेना और रक्षा थिंक-टैंक सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज की ओर से 'चाणक्य डिफेंस डायलॉगः यंग लीडर्स फोरम' के तहत आयोजित हुआ। कार्यक्रम को कर्नल सोफिया कुरैशी ने भी संबोधित किया।

*नए आइडिया और इनोवेशन मुश्किल हालात से निकलते हैं*

*ज्यादा आराम और सुविधाएं दिमाग को सुस्त बना देती हैं*



सेना और रक्षा थिंक-टैंक सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज की ओर से 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग : यंग लीडर्स फोरम' में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

### स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स हमारी ताकत

*थल सेनाध्यक्ष ने युवाओं से कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं जो साबित करते हैं कि उम्र कभी भी योगदान को सीमित नहीं करती। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में, आप में से कई लोग सक्रिय रूप से शामिल रहे होंगे। कुछ युवा मिलिट्री ऑफिसर हैं, कुछ एनसीसी कैडेट हैं, कुछ सिविल डिफेंस में हैं, कुछ ड्रोन लैब में हैं, और कुछ सोशल मीडिया वॉरियर्स हैं। हमारे स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स हमारी ताकत के सबसे बड़े साधनों में से एक हैं।*

### गलत सूचना बड़ी चुनौती

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने युवाओं को देश की सुरक्षा चुनौतियों और नए युद्ध क्षेत्र का केंद्र बताया। उन्होंने पारंपरिक दुश्मनी, आतंकवाद, प्रॉक्सी वॉर और अंदरूनी ताने-बाने को तोड़ने वाली 'गलत सूचना' को बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि युद्ध अब तेजी से 'नॉन-काइनेटिक' और 'नॉन-कॉन्टैक्ट' होता जा रहा है। यानी बिना आमने-सामने आए, दिमाग, डेटा और तकनीक से दुश्मन को मात देने का समय है। इसके लिए सिर्फ हथियारों की ताकत ही नहीं, बल्कि बौद्धिक, तकनीकी और नैतिक तैयारी की भी जरूरत है।

### युवा भारत की ताकत

जनरल द्विवेदी ने कहा कि डिजिटली माहिर, सामाजिक रूप से जागरूक, और विश्व स्तर पर कनेक्टेड, वे अनुशासन और दिशा से निर्देशित होकर भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। यही जुनून और मकसद का मेल है। हम, वर्दी पहने हुए पुरुष और महिलाएं, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में आप पर निर्भर हैं। हर युवा देश की सुरक्षा मिशन का हिस्सा बन सकता है। चाहे यूनिफॉर्म पहनकर या बिना यूनिफॉर्म। टेक्नोलॉजी पर काम करो, नीतियां बनाओ, जागरूकता फैलाओ। उन्होंने आगे कहा कि देश के लिए कुछ करो।

### युवाओं को दी बड़ी सीख

सेना प्रमुख ने कहा कि अपनी जिम्मेदारी खुद तय करो। आज से ही शुरुआत करो। इसके लिए किसी और का इंतजार मत करो। कंफर्ट जोन से बाहर निकलो। नए आइडिया और इनोवेशन मुश्किल हालात से ही निकलते हैं। ज्यादा आराम और ज्यादा सुविधाएं दिमाग को सुस्त बना देती हैं। नेशनल सिक्योरिटी सिर्फ बॉर्डर पर नहीं होती। यह उन आम लोगों और युवाओं से भी जुड़ी है। जो देश के लिए जिम्मेदार बनते हैं और लापरवाही नहीं करते। सक्सेस मेहनत मांगती है। हर चुनौती को मौका समझो और उससे सीखो।

### युवा बड़े रिफॉर्म की थीम तय करेगा

सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि पहली बार, यूथ लीडर्स फोरम एक प्री-इवेंट के तौर पर आयोजित किया जा रहा है, खासकर देश के युवाओं के लिए, जो एक मजबूत, सुरक्षित और विकसित भारत को बदलने के लिए बड़े रिफॉर्म की थीम तय करेगा। भारत के इतिहास में कई हीरो हैं जो इसके युवा बेटों और बेटियों के साहस और पक्के इरादे का सबूत हैं।

### कई युद्धों में युवाओं ने बड़ी भूमिका निभाई

वहीं कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि आप वह पीढ़ी हैं जो एक विकसित भारत और तकनीकी रूप से संप्रभु राष्ट्र देखेंगी। इजराइल-हमास, रूस-यूक्रेन और अजरबैजान-आर्मेनिया जैसे संघर्षों में युवाओं ने बड़ी भूमिका निभाते दिखे हैं। युवाओं ने साइबर और सूचना जैसी तकनीक और कॉग्निटिव डोमेन में युद्ध नेतृत्व कर अपनी कौशल और ताकत का परिचय दिया है।

## खबर संक्षेप

### राजस्थान में 5 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शुक्रवार को एक संगठित अभियान के तहत



पांच संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई राज्य के विभिन्न जिलों में तड़के की गई छापामारी के दौरान हुई। एटीएस ने मौके से मोबाइल फोन, आतंकी साहित्य और चंदे से जुड़ी रसीदें जब्त की हैं। इन सभी को आगे की पूछताछ के लिए जयपुर स्थित एटीएस मुख्यालय ले जाया गया है, जहां इनके आतंकी कनेक्शनों की जांच की जा रही है।

### रविवार को बहरीन के विदेश मंत्री भारत आएंगे

**नई दिल्ली।** आगामी रविवार से बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्ललतीफ बिन राशिद



अलजयनी भारत के दो दिवसीय (2 से 3 नवंबर तक) दौरे पर रहेंगे। वह इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। अगले दिन 2 नवंबर को दोपहर 12 बजे उनकी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ हैदराबाद हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े तमाम पहलुओं के अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर पीएम मोदी बोले

# पटेल का भारत सुरक्षा और सम्मान से कभी भी 'समझौता' नहीं करेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात के एकता नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है, जो सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व और प्रेरणा का पल है। हमने संकल्प लिया है कि हम ऐसे कार्यों को बढ़ावा देंगे, जो देश की एकता को मजबूती दें। पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर एकता नगर में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान हम सभी एक महान क्षण के साक्षी बन रहे हैं। देशभर में हो रही 'रन फॉर यूनिटी' में कोटि-कोटि भारतीयों का उत्साह है। हम नए भारत की संकल्प शक्ति को महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सरदार पटेल की जयंती का दिन स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय एकता का महापर्व बन गया है। जिस तरह हम 140 करोड़ देशवासी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं, वैसे ही एकता दिवस का महत्व हमारे लिए प्रेरणा और गर्व का पल है।

देश की एकता को कमजोर करने वालों से दूरी बनाएं, ये राष्ट्रीय कर्तव्य

नेहरू ने कश्मीर को अलग संविधान और निशान से बांट दिया



वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर पीएम नरेंद्र मोदी ने पुष्पांजलि अर्पित की

### इतिहास बनाने के लिए मेहनत करें

*पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए, हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए। उनकी ये भावना हमें उनकी जीवनगाथा में दिखाई देती है। सरदार साहब ने जो नीतियां बनाई, जो निर्णय लिए, उन्होंने नया इतिहास रचा। आजादी के बाद 562 रियासतों को साथ जोड़ने के असंभव कार्य को सरदार साहब ने संभव करके दिखाया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरि था। पीएम मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया कि हर ऐसी बात जो देश की एकता को कमजोर करती है, हर देशवासी को उससे दूर रहना है। उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय कर्तव्य है, ये सरदार साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। यही आज देश की जरूरत है। यही आज एकता दिवस का हर भारतीय के लिए संदेश भी है, संकल्प भी है।"*

### देश की संप्रभुता को लेकर पूर्व की सरकारें गंभीर नहीं

कश्मीर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सरदार साहब ने देश की संप्रभुता को सबसे ऊपर रखा, लेकिन दुर्भाग्य से सरदार साहब के निधन के बाद के वर्षों में देश की संप्रभुता को लेकर तब की सरकारों में उतनी गंभीरता नहीं रही। एक ओर कश्मीर में हुई गलतियां, दूसरी ओर पूर्वोत्तर में पैदा हुई समस्याएं और देश में जगह-जगह पनपा नक्सलवाद-माओवादी आतंक, ये देश की संप्रभुता को सीधी चुनौतियां थीं, लेकिन उस समय की सरकारों ने सरदार साहब की नीतियों पर चलने की जगह रीढ़विहीन रवैये को चुना। इसका परिणाम देश ने हिंसा और रक्तपात के रूप में झेला।

### भारत में रह रहे हर घुसपैठिए को निकालेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि अब देश ने पहली बार इस बड़े खतरे के खिलाफ भी निर्णायक लड़ाई लड़ने की ठानी है। लाल किले से मैंने 'डेमोग्राफी मिशन' का ऐलान किया। उन्होंने यह भी कहा कि ये लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है। ये अपनी सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगा। राष्ट्रीय एकता दिवस पर संकल्प यह भी है कि हम भारत में रह रहे हर घुसपैठिए को निकालकर ही रहेंगे।

### कश्मीर पर कांग्रेस की गलती से देश दशकों तक जलता रहा

*पीएम मोदी ने कहा कि सरदार साहब चाहते थे कि जैसे उन्होंने बाकी रियासतों का विलय किया, वैसे ही कश्मीर का विलय हो, लेकिन, नेहरू जी ने उनकी वह इच्छा पूरी नहीं होने दी। कश्मीर को अलग संविधान और अलग निशान से बांट दिया गया। कश्मीर पर कांग्रेस ने जो गलती की थी, उसकी आग में देश दशकों तक जलता रहा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की लचर नीतियों के कारण कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में चला गया। पाकिस्तान ने आतंकवाद को हवा दी। राज्य प्रायोजित आतंकवाद की कश्मीर और देश को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी, लेकिन फिर भी कांग्रेस हमेशा आतंकवाद के आगे नतमस्तक रही।*

## भारत-यूएस के बीच रक्षा समझौता

# 10 वर्षीय 'यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' पर हस्ताक्षर



पीट हेगसेथ और राजनाथ सिंह समझौते के बाद मीडिया को एमओयू दिखाते हुए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को मलेशिया के कुआलालंपुर में 12 वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम-प्लस) के अवसर पर अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के बाद, दोनों नेताओं ने 'अमेरिका-भारत प्रमुख रक्षा साझेदारी की रूपरेखा' पर हस्ताक्षर किए, जो पहले से ही मजबूत रक्षा साझेदारी में एक नए युग की शुरुआत करेगी। वर्ष 2025 की रूपरेखा अगले 10 वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी को और भी बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। इसका उद्देश्य रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है।

### भारत प्राथमिकता वाला देशः यूएस

पीट हेगसेथ ने दोहराया कि रक्षा सहयोग में भारत अमेरिका के लिए एक प्राथमिकता वाला देश है और वे स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह ढांचा द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और प्रतिरोध की आधारशिला है। हम अपने समन्वय, सूचना साझाकरण और तकनीकी सहयोग को बढ़ा रहे हैं। हमारे रक्षा संबंध पहले कभी इतने मजबूत नहीं रहे। दोनों नेताओं ने मौजूदा रक्षा मुद्दों और चुनौतियों की समीक्षा की और रक्षा उद्योग एवं प्रौद्योगिकी सहयोग पर विचार-विमर्श किया। साथ ही बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के दौर में चुनौतियों के समाधान के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की।

### रक्षा क्षेत्र प्रमुख स्तंभ बना रहेगाः राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि यह हमारे बढ़ते रणनीतिक संबंधों का संकेत है और साझेदारी के एक नए दशक का सूत्रपात करेगा। रक्षा हमारे द्विपक्षीय संबंधों का प्रमुख स्तंभ बना रहेगा। एक स्वतंत्र, खुले और नियमबद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए हमारी साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत और अमेरिका के बीच सैन्य अभ्यासों और गतिविधियों, सूचना साझाकरण, समान विचारधारा वाले क्षेत्रीय और वैश्विक साझेदारों के साथ सहयोग, रक्षा औद्योगिक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग तथा रक्षा समन्वय तंत्र के माध्यम से रक्षा संबंधों का विस्तार जारी है।


## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

# सफल रहा कैलिब्रेशन फ्लाइट ट्रायल, जल्द शुरू होंगी उड़ानें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर पर हवाई परिचालन की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई है। शुक्रवार को एयरपोर्ट के रनवे पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की कैलिब्रेशन फ्लाइट ने सफलतापूर्वक लैंडिंग की।

यह ट्रायल नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की निगरानी में संपन्न हुआ। इस फ्लाइट ट्रायल के दौरान एयरपोर्ट के आईएलएस (इंटीग्रेटेड लैंडिंग सिस्टम), कम्युनिकेशन सिस्टम और नेविगेशन उपकरणों की बारीकी से जांच की गई। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की विशेष टीम ने इस प्रक्रिया को अंजाम दिया।



सफल ट्रायल के बाद नोएडा एयरपोर्ट के अधिकारियों की टीम

### डीजीसीए की टीम ने मानकों को परखा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का पहला चरण अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। आने वाले महीनों में यहां वाणिज्यिक उड़ानों की शुरुआत होने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में यह कैलिब्रेशन फ्लाइट ट्रायल एयरपोर्ट की तैयारियों की एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुआ है। डीजीसीए की टीम ने इस दौरान विभिन्न तकनीकी मानकों और सिग्नल की सटीकता को परखा। यह सुनिश्चित किया गया कि रनवे पर विमानों के टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान सभी सिस्टम सुरक्षित और सुचारू रूप से कार्य करें।

## भारत से दुश्मनी पड़ रही महंगी

# दुबई से भारतीय चावल महंगे दाम में खरीद रही है बांग्लादेश की सरकार

एजेंसी ▶▶ ढाका

मोहम्मद यूनुस के बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का प्रमुख बनने के बाद से ही नई दिल्ली और ढाका के बीच संबंधों में खटास आ गई। इसके बाद भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ कई कड़े एक्शन लिए। अब बांग्लादेश को महंगे दाम में चावल खरीदना पड़ रहा है। वह अब दुबई के जरिए भारत का ही चावल महंगी कीमत पर लेना पड़ रहा है। बांग्लादेश के खाद्य विभाग ने इस बात की पुष्टि की है कि वह जो चावल दुबई से खरीद रहा है, वह असल में भारतीय ही है। ऐसे में बांग्लादेश के हैरान लोगों ने भी सवाल खड़े किए हैं कि आखिर में भारत का चावल, भारत के बजाए



अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस

दुबई से क्यों खरीदा जा रहा। यह तो पैसों की बर्बादी है। बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय के अनुसार 50,000 टन पारबॉयल्ड चावल म्यांमार से और 50,000 टन नॉन-बासमती पारबॉयल्ड चावल दुबई से आएगा, जिसकी कुल कीमत 323 करोड़ होगी। दुबई के जरिए चावल इंपोर्ट करने पर एक्स्ट्रा खर्च आ रहा है, जो जनता के पैसे की बर्बादी है। दुबई भारत से चावल इंपोर्ट करता है।

## तीनों सेनाओं को बड़ा युद्धाभ्यास 'त्रिशूल 2025' शुरू




**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार से अपने तीनों सैन्य बलों – थलसेना, नौसेना और वायुसेना – के साथ मिलकर 'त्रिशूल 2025' नाम का एक बहुत बड़ा युद्ध अभ्यास शुरू किया है। यह अभ्यास गुजरात और राजस्थान के इलाकों में हो रहा है। अभ्यास 10 नवंबर तक चरणबद्ध तरीके से चलेगा। मुख्य गतिविधियां गुजरात के कच्छ क्षेत्र में केंद्रित हैं, जो पाकिस्तान के साथ सर क्रीक सीमा के पास एक संवेदनशील जगह है। अभ्यास में थलसेना टी-90 टैंक, ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल सिस्टम, साथ ही प्रचंड अटैक हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कर रही है। वायुसेना राफेल और सुखोई सु-30 लड़ाकू विमान, सी गार्जियन और हेरॉन ड्रोन का उपयोग करेगी। नौसेना कोलकाता-क्लास डेस्ट्रॉयर, नीलगिरी-क्लास फ्रिगेट और तेज हमला करने वाली नावें समुद्री अभ्यास में शामिल होंगी।

## आत्मनिर्भर भारत की नई उड़ान! एलएंडटी और जीए-एएसआई ने मिलाया हाथ


# सेना के लिए देश में बनाई जाएंगी अत्याधुनिक मानवरहित विमान प्रणाली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लार्सन एंड टूब्रो यानी एलएंडटी और अमेरिका की जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स इंक यानी जीए-एएसआई ने मिलकर एक रणनीतिक पार्टनरशिप का ऐलान किया है। ये दोनों कंपनियां अब भारत में मीडियम ऑल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (एमएएलई) रिमोटली पाइलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम्स (आरपीएएस) बनाएंगी, जो भारतीय सेना के लिए होंगे। आसान शब्दों में अत्याधुनिक मानवरहित विमान प्रणाली का निर्माण करेंगी। ये हाई टेक ड्रोन जो ऊंचाई पर घंटों उड़कर निगरानी करते हैं और जरूरत पड़े तो हमला भी कर सकते हैं, अब पूरी तरह भारत में ही बनेंगे। जीए-एएसआई दुनिया में एडवांस्ड अनमैन्ड एरियल सिस्टम्स की ग्लोबल लीडर है, उसके पास दशकों का परिचालन अनुभव है।

*ड्रोन घंटों तक उड़ने में सक्षम निगरानी करेंगे*

*जरूरत पड़ने पर दुश्मन पर हमला भी करेंगे*



जीए-एएसआई कंपनी का एमक्यू-9बी श्रृंखला वाला ड्रोन

### एलएंडटी रक्षा मंत्रालय के कार्यक्रम में लेगी हिस्सा

कंपनी ने बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत एलएंडटी की इंजीनियरिंग, सटीक विनिर्माण और डिफेंस-एयरोस्पेस सेक्टर में सिस्टम इंटीग्रेशन की विशेषज्ञता व जीएएएसआई की परिचालन क्षमता का उपयोग किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि इस साझेदारी के तहत एलएंडटी रक्षा मंत्रालय के आगामी 87 एमएएलई आरपीएएस कार्यक्रम में भाग लेगी, जहां एलएंडटी प्रमुख बोलीदाता होगी और जीए-एएसआई प्रौद्योगिकी साझेदार होगी।

### एमक्यू-श्रृंखला आरएपीएस का उत्पादन संभव

इस सहयोग से जीए-एएसआई के एमक्यू-श्रृंखला आरएपीएस का उत्पादन संभव हो सकेगा, जो युद्ध में सिद्ध हैं। ये विमान विश्व भर में व्यापक रूप से कार्यरत हैं व निगरानी और हमले के अभियानों में लाखों घंटे उड़ान भर चुके हैं। एलएंडटी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एसएन सुब्रह्मण्यन ने कहा कि यह साझेदारी भारत को स्वदेशी रूप से अत्याधुनिक मानवरहित प्लेटफार्मों के निर्माण का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। यह गठबंधन भारत की रक्षा क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा और एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाएगा।

### एलएंडटी को प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण होगा

एलएंडटी की ताकत डिफेंस और एयरोस्पेस में इंजीनियरिंग, प्रिसीजन मैन्युफैक्चरिंग और सिस्टम इंटीग्रेशन है। दोनों मिलकर कॉम्बैट प्रूवन एमएएलई आरपीएस प्लेटफॉर्म्स डिलीवर करेंगे, जो पूरी तरह भारत में बने होंगे। इस प्रोग्राम में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर होगा और इंडिजिनस कंटेंट रिक्वायरमेंट्स पूरी होंगी, जो भारतीय सरकार की आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया इनिशिएटिव्स से पूरी तरह मैच करती हैं।

## भारतीय विरासत का मनाया जश्न

# इजराइल में भारतीय फिल्म महोत्सव शुरू, दिखाई जाएंगी 6 मशहूर फिल्में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय दूतावास ने हाइफा नगर पालिका के साथ मिलकर गुरुवार को फिल्म महोत्सव का उद्घाटन समारोह आयोजित किया। यहां 200 से ज्यादा लोगों ने भारतीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन में हिस्सा लिया। इस मौके पर छह फिल्मों का प्रदर्शन हुआ जिसके जरिए भारतीय सिनेमा की विरासत का जश्न मनाया गया।

भारतीय दूतावास ने इस वर्ष फरवरी में एक फिल्म महोत्सव का आयोजन किया था। इसे भारत के प्रति उत्साही लोगों ने सराहा था। इसके बाद दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया। इजराइल



'पद्मावत' फिल्म का एक दृश्य

फिल्म निर्माता, डैन वोलमैन ने इस महोत्सव को एक अहम पहल बताया। महोत्सव के तहत इजराइल के कई हिस्सों में भारत की फिल्में दिखाई जाएंगी। दो हफ्ते के इस आयोजन के दौरान हाइफा, तेल अवीव और दिमोना में पद्मावत, गंगूबाई काठियावाड़ी, जवान, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, अंधाधुन और 12वीं फेल जैसी फिल्में दिखाई जाएंगी।

# भगवान पर अटूट आस्था से उबरने में मदद मिली : जेमिमा

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

अपने नाबाद शतक से भारत को वनडे विश्व कप फाइनल में ले जाने के बाद भावनाओं पर काबू पाने की कोशिश करते हुए जेमिमा रौड्रिग्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर के आउट होने के बाद उन्हें फिर से फोकस करने में मदद मिली।

दबाव में बेहतरीन पारी खेलते हुए जेमिमा ने 134 गेंद में नाबाद 127 रन बनाए, जिसकी मदद से भारत ने रिकॉर्ड 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया को हराया। अब फाइनल में सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। जेमिमा ने कहा,' मैं हैरी दी से कह रही थी कि हम दोनों को जीत तक ले जाना है।' उन्होंने कहा,' जब वह आउट हुई तो मुझे फिर से फोकस करने में मदद मिली क्योंकि थकान के कारण मेरी एकाग्रता टूट रही थी। हरमन के आउट होने के बाद मुझे लगा कि अतिरिक्त जिम्मेदारी से खेलना होगा। मैंने खुद से कहा कि वह आउट हो गई है तो उसके लिए मैं ही रन बनाऊंगी , मुझे टिककर खेलना है।' जेमिमा ने कहा,' इससे मेरा फोकस फिर बना और मैं समझदारी से खेलने लगी।' जेमिमा ने कहा कि भगवान पर अटूट आस्था से उन्हें बेचैनी से उबरने में मदद मिली



### थकान के कारण खेले कुछ पेचीदा शॉट

जेमिमा ने कहा कि भगवान पर अटूट आस्था से उन्हें बेचैनी से उबरने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'मैं प्रार्थना कर रही थी। मैं खुद से बात कर रही थी क्योंकि काफी ऊर्जा खत्म हो चुकी थी । मैं थक गई थी और इसकी वजह से कुछ पेचीदा शॉट खेले। मैं सोच रही थी कि कैसे खेलूं। आक्रामक रहूं या अंत तक टिकी रहूं और मैंने सीखा कि अंत तक डटकर खेलना जरूरी था।' उन्होंने कहा,' मैं खुदा से बात कर रही थी क्योंकि मेरा मानना है कि मेरा उनसे निजी रिश्ता है और जब मैं खुद नहीं कर पाती तो वह मेरे लिए कर देते हैं।'

# हमारी टीम ऑस्ट्रेलियाई तेवरों के साथ नहीं खेल सकी : हीली

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने भारतीय स्टार जेमिमा रौड्रिग्स की बेमिसाल मानसिक दृढ़ता की तारीफ की और कहा कि महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में उनकी टीम आस्ट्रेलियाई तेवरों के साथ नहीं खेल सकी। हीली ने कहा,' हम चार या पांच ओवर बाकी रहते मैच में थे लेकिन क्रिकेट में मजेदार चीजें होती रहती है। अगर आप विरोधी टीम पर पर्याप्त दबाव नहीं बना सकते तो ऐसा होता है। जेमिमा ने शानदार पारी खेली।' उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम ने कई गलतियां की, जो आम तौर पर टीम नहीं करती है।




### जेमिमा की मानसिक दृढ़ता बेमिसाल

एलिसा हीली ने कहा,'हमने कई बार जरूरत से ज्यादा खराब गेंदें फेंकी और शायद हमने जो मौके बनाए, उनका फायदा नहीं उठा पाए। हम आम तौर पर जितने आक्रामक होते हैं, उतने आक्रामक नहीं थे और यह आस्ट्रेलियाई टीम जैसा प्रदर्शन नहीं था। यह जानते हुए कि हमने इस विश्व कप में कितना अच्छा खेला है, मुझे निराशा हो रही है ।' उन्होंने कहा,'हमने उसे कुछ मौके दिए, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। उसने शानदार पारी खेली। उसकी मानसिक दृढ़ता बेमिसाल थी और उसे इसका पूरा श्रेय जाता है।' हीली ने कहा कि उनकी टीम ने जो कैच टपकाए , उससे मैच की तस्वीर बदल गई ।

## खबर संक्षेप




### शानदार प्रदर्शन, जेमिमा और हरमनप्रीत : तेंदुलकर

**नवी मुंबई।** सचिन तेंदुलकर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जमकर तारीफ की है, जिसने महिला वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके आस्ट्रेलिया पर यादगार जीत दर्ज की है। तेंदुलकर ने जीत के बाद एक्स पर लिखा,'शानदार जीत। शानदार प्रदर्शन जेमिमा रौड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर। श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने गेंदबाजी से मैच को जीवंत बनाए रखा।' उन्होंने आगे लिखा,' तिरंगे का परचम लहराते रहो।' स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने लिखा ,'आस्ट्रेलिया जैसे दमदार विरोधी के खिलाफ हमारी टीम की शानदार जीत। जेमिमा का बड़े मैच में शानदार प्रदर्शन। दृढ़ता, विश्वास और जुनून का असल प्रदर्शन। शानदार टीम इंडिया।'

### अंडर-16 में रोनाल्डो के बेटे ने किया डेब्यू

**अंताल्या।** सुपरस्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बड़े बेटे ने पुर्तगाल की अंडर 16 टीम के लिए पदार्पण किया। क्रिस्टियानिन्हो के नाम से मशहूर पंद्रह वर्ष के क्रिस्टियानो डोस सांतोस को तुर्की के खिलाफ फेडरेशंस कप टूर्नामेंट के मैच में 90वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतारा गया। पुर्तगाल ने यह मैच 2-0 से जीता। सउदी अरब में अल नासर की युवा अकादमी के लिए खेलने वाले क्रिस्टियानिन्हो को पहले पुर्तगाल की अंडर 15 टीम में भी शामिल किया गया था।



### नार्थ कोस्ट ओपन के क्वार्टर फाइनल में रतिका

**नई दिल्ली।** भारत की रतिका एस सीलान आस्ट्रेलिया में नॉर्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। सातवीं वरीयता प्राप्त तमिलनाडु की इस खिलाड़ी ने 6 हजार डॉलर ईनामी राशि के टूर्नामेंट में कीवी मैडेन ली को को प्री क्वार्टर फाइनल में 9-11 11-8 11-8 11-2 से हराया। अब वह तीसरी वरीयता प्राप्त हांगकांग की बोबो लैम से खेलेंगी। इस बीच अंडोरा में पीएसए चैलेंजर 12 पियरे और वाकांस टूर्नामेंट में तन्वी खन्ना को तीसरी वरीयता प्राप्त नूर खफागी ने क्वार्टर फाइनल में हराया।



### गोलकीपर फ्रेडरिक का निधन

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर और म्युनिख ओलंपिक 1972 की कांस्य पदक विजेता टीम के सदस्य मैनुअल फ्रेडरिक का बेंगलुरू में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे और उनके परिवार में दो बेटियां हैं । वह पिछले दस महीने से प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। केरल के कन्नूर में 20 अक्टूबर 1947 को जन्मे फ्रेडरिक ओलंपिक पदक जीतने वाले प्रदेश के पहले खिलाड़ी थे। उनके अलावा केरल से पीआर श्रीजेश ने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता है और वह भी हॉकी गोलकीपर रहे हैं।



## भारत को चार विकेट से हराकर ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 1-0 से आगे

# टीम इंडिया को 17 साल बाद मिली मेलबर्न में हार, अभिषेक की टी20 में छठी फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

जॉश हेजलवुड की कमाल की बॉलिंग के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरे टी20 मुकाबले में चार विकेट से हरा दिया। मेलबर्न में खेले गए मैच में भारतीय बैटिंग 18.4 ओवर में 125 रन पर ढेर हो गई। अभिषेक शर्मा ने 68 रन की पारी खेलकर टीम को 100 के पार पहुंचा दिया। इस दौरान अभिषेक शर्मा ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला अर्धशतक जड़ा। इसके साथ ही टीम इंडिया को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 17 साल के बाद टी20 में हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले भारत मेलबर्न में आखिरी बार 2008 में टी-20 मैच हारा था। ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान मिचेल मार्श के 46 रनों की पारी के दम पर 13.2 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। भारत की तरफ से केवल अभिषेक शर्मा और हर्षित राणा (35) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। इन दोनों के बाद सात रन के साथ अक्षर पटेल सर्वोच्च स्कोरर रहे। चार भारतीय बल्लेबाजों के खाते नहीं खुले। अभिषेक ने इस बीच जबरदस्त बैटिंग की। उन्होंने टी20 इंटरनेशनल में छठी फिफ्टी ठोकी और 37 गेंदों में आठ चौकों व दो छक्कों से 68 रन की पारी खेली।



### 2008 में हारा था आखिरी बार

इसके साथ ही टीम इंडिया को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 17 साल के बाद टी20 में हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले भारत मेलबर्न में आखिरी बार 2008 में टी-20 मैच हारा था। इस मैदान पर सबसे छोटे फॉर्मेट में टीम इंडिया का रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। यहां भारत ने अब तक 7 मैच खेले हैं, जहां उन्हें 4 मैचों में जीत मिली है और दो में हार का सामना करना पड़ा। वहीं एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला था। टीम इंडिया ने इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को दो बार और पाकिस्तान और जिम्बाब्वे को एक-एक बार हराया है।

### टूट गया सूर्या का विनिंग स्ट्रीक

इसके साथ ही टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव का भी लगातार 9 मैचों का विनिंग स्ट्रीक टूट गया। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने लगातार 9 मैचों में जीत दर्ज की है और अब 10वें मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए कप्तान के तौर पर लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया ने 2019-2022 तक लगातार 14 मैच जीते थे। उनके ही कप्तानी में टीम इंडिया ने 2024 में 11 मैच अपने नाम किए थे।

### साल्ट-सूर्यकुमार के क्लब में शामिल हुए अभिषेक

इस मैच में अभिषेक शर्मा ने अपना अर्धशतक 23 गेंदों पर पूरा किया और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ये 7वां मौका था जब उन्होंने अपना अर्धशतक 25 से कम गेंदों पर पूरे किए। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इससे पहले सूर्यकुमार यादव और फिल साल्ट ने 7-7 बार 25 से कम गेंदों पर अर्धशतक लगाने का कमाल किया था। अब अभिषेक शर्मा इन दोनों खिलाड़ियों की बराबरी पर आ गए।



अभिषेक ने इस मैच में 37 गेंदों पर 2 छक्के और 8 चौकों की मदद से 68 रन की पारी खेली। ये टी20आई में कंगारू टीम के खिलाफ उनका बेस्ट स्कोर भी रहा।

### मार्श-हेड की तूफानी बैटिंग

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को पहले दो ओवर में रन जुटाने में दिक्कत हुई। लेकिन इसके बाद ट्रेविस हेड (28) और मार्श ने हाथ खोले। दोनों ने कुछ बड़े शॉट्स लगाते हुए पांचवें ओवर में टीम को 50 के पार पहुंचा दिया। खतरनाक अंदाज में खेल रहे हेड तीन चौके व एक छक्के से सजी पारी खेलकर वरुण चक्रवर्ती की गेंद को उड़ाते हुए बाउंड्री पर तिलक वर्मा के हाथों लपके गए। मार्श ने पावरप्ले के बाद भारतीय स्पिनर्स के आने पर गियर बदला। उन्होंने आठवें ओवर में कुलदीप यादव को निशाने पर लिया और दो चौके व दो छक्के लगाकर कुल 20 रन बटोरे। लेकिन आखिरी गेंद पर अभिषेक शर्मा को कैच दे बैठे। उन्होंने 46 रन की पारी खेली। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई मिडिल ऑर्डर लड़खड़ा गया. टिम डेविड (1), मैथ्यू शॉर्ट (0) सस्ते में निपट गए। हालांकि जॉश इंग्लिस (20) और मिचेल ऑवन (14) की छोटी लेकिन उपयोगी पारियों से टीम लक्ष्य के करीब पहुंच गई। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 26 रन, चक्रवर्ती ने 23 और कुलदीप यादव ने 45 रन देकर दो-दो शिकार किए।

### भारत फिर हारा टॉस

टॉस के मामले में भारतीय कप्तान एक बार फिर से अनलकी रही। ऐसे में टीम इंडिया को पहले बैटिंग करने का मौका मिला। जॉश हेजलवुड ने पहली गेंद से बता दिया कि भारत के लिए मुश्किल होने वाली है। शुभमन गिल डीआरएस के चलते एलबीडब्ल्यू से बचे। लेकिन तीसरे ओवर में हेजलवुड ने उन्हें फंसा ही लिया। भारतीय टीम के उपकप्तान 10 गेंद में पांच रन बनाकर आउट हुए। संजू सैमसन तीसरे नंबर पर भेजे गए लेकिन दो रन बना पाए और नाथन एलिस की गेंद पर एलबीडब्ल्यू करार दिए गए।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गिल का मार्श बो हेजलवुड | 05 | 10 | 0 | 0 |
| अभिषेक पगबाधा बो एलिस | 68 | 37 | 8 | 2 |
| सैमसन पगबाध बो एलिस | 02 | 04 | 0 | 0 |
| यादव का इंग्लिस बो हेजलवुड | 01 | 04 | 0 | 0 |
| तिलक का इंग्लिस बो हेजलवुड | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 07 | 12 | 0 | 0 |
| राणा का डेविड बो बार्टलेट | 35 | 33 | 3 | 1 |
| दुबे का इंग्लिस बो बार्टलेट | 04 | 02 | 1 | 0 |
| कुलदीप का सब बो स्टोइनिस | 00 | 05 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल योग : 18.4 ओवर में 125/10रन
गेंदबाजी : हेजलवुड 4-0-13-3, बार्टलेट 4-0-39-2, एलिस 3.4-0-21-2, स्टोइनिस 4-0-24-1, ओवेन 1-0-13-0, कुहनेमैन 2-0-14-0

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का अभिषेक बो कुलदीप | 46 | 26 | 2 | 4 |
| हेड का तिलक बो चक्रवर्ती | 28 | 15 | 3 | 1 |
| इंग्लिस पगबाधा बो कुलदीप | 20 | 20 | 1 | 0 |
| डेविड का एवं बो चक्रवर्ती | 01 | 02 | 0 | 0 |
| ओवेन का सैमसन बो बुमराह | 14 | 10 | 0 | 1 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 06 | 06 | 0 | 0 |
| मैथ्यू शॉर्ट बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11 , कुल योग : 13.2 ओवर में 126/6 रन
गेंदबाजी : जसप्रीत बुमराह 4-0-26-2, हर्षित राणा 2-0-27-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-23-2, कुलदीप यादव 3.2-0-45-2.

### म्हात्रे ने लगाया तूफानी अर्धशतक, टेस्ट में की टी20 जैसी बल्लेबाजी



**बेंगलुरु।** युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने इंडिया ए के लिए खेलते हुए साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ पहले अनाधिकारिक टेस्ट में तूफानी अर्धशतक लगाया। बेंगलुरु में खेले जा रहे मुकाबले के दूसरे दिन उन्होंने 76 गेंद में 65 रन की पारी खेली, जिसमें 10 चौके शामिल रहे। आयुष म्हात्रे ने ओपनिंग करते हुए अर्धशतक का आंकड़ा तो केवल 46 गेंद में पार कर लिया। इस दौरान नौ चौके वे लगा चुके थे। तब भारत का स्कोर 64 रन था। उनके और साई सुदर्शन के बीच पहले विकेट के लिए 22 ओवर में 90 रन की साझेदारी हुई। इनमें से 65 रन अकेले म्हात्रे के थे। मुंबई से आने वाले इस बल्लेबाज को पहली बार इंडिया ए टीम में चुना गया है। उनकी उम्र केवल 18 साल है और इंडिया अंडर 19 टीम के साथ हाल ही में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नाकाम रहे थे। लेकिन सेलेक्टर्स ने भविष्य को देखते हुए म्हात्रे पर भरोसा जताया और उन्हें इंडिया ए में जगह दी। इस बल्लेबाज ने इस भरोसे को सही साबित किया और तेजी से रन जुटाए। अनाधिकारिक टेस्ट में वे टी20 स्टाइल में खेलते दिखे। दूसरी तरफ उनके सीनियर साथी सुदर्शन ने काफी समय लिया। उन्होंने जोखिम से दूरी बनाई। उन्होंने 94 गेंद में तीन चौकों से 32 रन की पारी खेली।

## आज से फिडे विश्व कप

# प्रज्ञानानंदा, अर्जुन और गुकेश करेंगे छाप छोड़ने की कोशिश



एजेंसी ▶▶| पणजी

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा शनिवार से शुरू हो रहे फिडे विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे, जिसमें दुनिया की शीर्ष तीन रैंकिंग में काबिज खिलाड़ी अनुपस्थित रहेंगे।

नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन के अलावा अमेरिका के हिकारु नाकामुरा और फैबियानो कारुआना की जोड़ी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेगी। विश्व चैंपियन गुकेश और अर्जुन एरिगेसी 20 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे।

पर सबसे अहम चीज यह है कि इस टूर्नामेंट से 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए तीन क्वालीफिकेशन स्थान सुनिश्चित होंगे। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से अगले साल होने वाले विश्व चैंपियनशिप मैच का खिलाड़ी तय होगा।

### गोवा में 80 देशों के 206 शीर्ष शतरंज खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

गोवा में अगले चार हफ्तों तक 80 देशों के 206 शीर्ष शतरंज खिलाड़ी आठ दौर वाले एकल एलिमिनेशन नॉकआउट टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। प्रत्येक मैच में निश्चित समय में दो क्लासिकल बाजियां होंगी। अगर क्लासिकल बाजियों के बाद स्कोर बराबर रहता है तो खिलाड़ी तीसरे दिन रैपिड और ब्लिट्ज टाई-ब्रेक की एक श्रृंखला खेलेंगे, जिससे यह तय होगा कि कौन आगे बढ़ेगा। भारत के शीर्ष तीन खिलाड़ियों में गुकेश विश्व चैंपियन हैं और उन्हें अगले साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए कैंडिडेट्स चक्र से गुजरने की जरूरत नहीं है, जिससे उन पर दबाव कम होगा। प्रज्ञानानंदा की अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह लगभग पक्की है जबकि एरिगेसी अगले साल की शुरुआत में होने वाले इस टूर्नामेंट में जगह बनाने की कोशिश में जुटे हैं।

### आईजीपीएल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे अमन राज

**कोलकाता।** गोल्फर अमन राज ने टॉलीगंज गोल्फ क्लब में आईजीपीएल आमंत्रण टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की, जिससे वह आईजीपीएल ऑर्डर ऑफ मेरिट में भी शीर्ष पर पहुंच गए। अमन इस तरह गगनजीत भुल्लर के बाद इस सत्र में कई टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। साथ ही अमन पांच टूर्नामेंट से 50 लाख रुपए की कमाई करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। अमन (68) ने 17 वर्षीय वीर गणपति को पछाड़ते हुए खिताब जीता। उन्होंने पिछले हफ्ते जयपुर में भी खिताब जीता था।

# संधू को प्लेऑफ में हराकर शौर्य ने जीता खिताब

एजेंसी ▶▶| पुणे

तीसरे दौर के बाद दो शॉट से पिछड़ रहे गोल्फर शौर्य भट्टाचार्य ने प्रबल दावेदार युवराज संधू को पूना क्लब ओपन के प्लेऑफ में हराकर जीत हासिल की। शौर्य (69-63-67-64) ने अंतिम दौर में सात अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाया और यह दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी रहा। उन्होंने कुल 21 अंडर 263 का स्कोर बनाया और प्लेऑफ में बर्डी लगाकर युवराज को पछाड़ दिया। इस तरह शौर्य ने इस सत्र का दूसरा और कुल मिलाकर तीसरा खिताब था।



इस जीत से उन्हें 15 लाख रुपये का चेक मिला और उन्होंने पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपना चौथा स्थान मजबूत किया। उनकी इस सत्र की में उनकी कमाई 83,02,392 रुपए हो गई। संधू (65-67-65-66) का भी कुल स्कोर 21 अंडर 263 रहा। उन्होंने चौथे दौर में 66 का कार्ड खेला। लेकिन प्लेऑफ में हारकर उप विजेता रहे। वीर अहलावत और शिवेंद्र सिंह सिसोदिया 12 अंडर 272 से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

## भारत-ए बनाम साउथ अफ्रीका-ए : 3 महीने बाद खेलने उतरे और सस्ते में निपटे ऋषभ

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

ऋषभ पंत की चोट से उबरने के बाद मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। इंडिया ए की कप्तानी करते हुए वह बल्लेबाजी में सस्ते में निपट गए। ऋषभ पंत ने साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ पहले अनाधिकारिक टेस्ट में 17 रन बनाए। उन्होंने 20 गेंद खेली और दो चौके लगाए। ऋषभ पंत को तेज गेंदबाज ओकुहले सेले ने आउट किया।

यह इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में चौथे टेस्ट के बाद भारतीय कीपर बल्लेबाज का तीन महीने बाद पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। पंत पांचवें नंबर पर बैटिंग के लिए उतरे थे। तब टीम इंडिया का स्कोर तीन विकेट पर 124 रन था। हालांकि इसके बाद भारतीय पारी ढह गई। पंत चौथे विकेट के रूप में 157 के कुल स्कोर पर आउट हुए। दो रन बाद रजत पाटीदार भी चलते बने, वे 19 रन बना सके। उन्होंने 35 गेंद खेली और एक चौका लगाया। वह स्पिनर प्रेनेलन सुब्रायन की गेंद पर बोल्ड हो गए। उनसे पहले देवदत्त पडिक्कल भी छह रन बनाकर आउट हुए। उनका विकेट भी सुब्रायन ने ही लिया।




### पंत ने 91.2 ओवर कीपिंग की और पकड़ा एक कैच

पंत साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ मुकाबले में इंडिया ए के कप्तान होने के साथ ही कीपर भी हैं। उन्होंने इससे पहले 91.2 ओवर कीपिंग की थी। विकेट के पीछे उन्होंने एक कैच लिया था, जो गुरनूर बराड़ की गेंद पर जुबैर हम्जा का था। बता दे कि पंत को इंग्लैंड दौरे पर जुलाई 2025 में चौथे टेस्ट के दौरान भारत की पहली पारी में बैटिंग करते हुए चोट लगी थी। क्रिस वॉक्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप करते हुए गेंद उनके पैर पर लगी थी और इससे फ्रेक्चर हो गया था। इसके बाद पंत बाहर हो गए। इसकी वजह से वह न तो एशिया कप 2025 का हिस्सा बन सके और न ही वेस्ट इंडीज के साथ दो टेस्ट की सीरीज में खेल सके। अब तय है कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए उन्हें टीम इंडिया में मौका मिल जाएगा।


## कोपा डेल रे के पहले दौर के मैचों में नहीं हुआ कोई बड़ा उलटफेर

# एस्पेनयोल ने एटलेटिक लिडा को 2-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

कोपा डेल रे के पहले दौर के मैचों के तीसरे दिन कोई बड़ा उलटफेर देखने को नहीं मिला। एक ओर एस्पेनयोल ने एटलेटिक लिडा को हराया, तो दूसरी तरफ लेवांटे ने जीत दर्ज की। एस्पेनयोल ने स्पेनिश खेल के चौथे टियर में खेलने वाली एटलेटिक लिडा के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की। इस टीम के लिए दोनों गोल किके गार्सिया ने दागे।

किके ने दूसरे मिनट में पेनाल्टी के साथ स्कोरिंग की शुरुआत की, लेकिन एटलेटिक लिडा ने एल्डो वन की बदौलत तीन मिनट बाद ही स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद किके ने हाफटाइम से ठीक पहले एस्पेनयोल को फिर से बढ़त दिलाई, लेकिन शीर्ष स्तर की टीम को अंतिम मिनटों में तनावभरे पलों का सामना करना पड़ा।




### सेल्टा विगो ने किया दूसरे दौर में प्रवेश

वहीं, सेल्टा विगो ने कमजोर प्यूर्टो डी वेगा को 2-0 से शिकस्त देकर दूसरे दौर में आसानी से प्रवेश कर लिया है। रियल बेटिस को भी पाल्मा डेल रियो के खिलाफ 7-1 से जीत हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। कोपा का दूसरा दौर 2 से 4 दिसंबर के बीच खेला जाएगा।

### लेवांटे ने ओरिहुएला के खिलाफ 4-3 से दर्ज की जीत

एक अन्य मैच में लेवांटे ने चौथे टियर के ओरिहुएला के खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की। यह 7 गोल वाला एक रोमांचक मैच रहा। उनाई एल्गेजाबल और जोस लुइस मोरालेस के गोल ने 11 मिनट में ही लेवांटे को मुकाबले में 2-0 से आगे कर दिया था। शीर्ष स्तर की टीम के लिए यह मुकाबला आसान लग रहा था, लेकिन इसी बीच जेवियर सोल्सोना की पेनाल्टी ने ओरिहुएला को मैच में वापस ला दिया। कार्लोस एस्पी ने 48वें मिनट में गोल दागते हुए लेवांटे को फिर से 2 गोल की बढ़त दिलाई, लेकिन गोंजालो मिरांडे ने तीन मिनट बाद ही लेवांटे की बढ़त फिर से कम कर दी। हेक्टर अयोडेले ने आखिरी मिनट में गोल दागते हुए स्कोर 3-3 पर पहुंचा दिया, लेकिन एस्पी ने 92वें मिनट में विजयी गोल करके लेवांटे को जीत दिलाई।




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *Limited period offer,T&C apply. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Ex-showroom price of HF Deluxe and Splendor+ in Madhya Pradesh.

TOLL FREE
1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपालः वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्डः शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स् क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरूल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरूकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरूण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरूनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरूनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930